CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 281 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 30 रबीउल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़: अखिलेश यादव पेज 2



एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया खेल टाइम्स



कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त सम्पादकीय



सऊदी अरब में 70 साल बाद कफाला सिस्टम बंद पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### लद्दाख के प्रतिनिधियों की केंद्र के साथ बातचीत

**नई दिल्ली।** लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ बातचीत की। गृह मंत्रालय की उप समिति के साथ बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल हुए। बैठक के बाद केडीए के मेंबर सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि पिछले छह सालों से हमारी मांग लद्दाख में लोकतंत्र की रही है। इसका समाधान लद्दाख को राज्य का दर्जा देना है। यह मुद्दा एक या दो बैठकों में नहीं सुलझ सकता।

### जैश ने महिलाओं की भर्ती के लिए शुरू किया कोर्स

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन जिहादी कोर्स 'तुफात अल-मुमिनात' शुरू किया है जिसका नेतृत्व आतंकवादी मसूद अजहर की बहनें और उमर फारूक की पत्नी करेंगी। जैश ने इस कोर्स के प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 500 रुपये का चंदा निर्धारित किया है। कुछ समय पहले ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित और पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित जैश एक महिला ब्रिगेड तैयार कर रहा है और इसे जमात उल-मुमिनात नाम दिया है।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगोत्री मंदिर के कपाट बंद

**श्री गंगोत्री धाम।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बने पवित्र मां गंगा मंदिर गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। धार्मिक परम्परा के अनुसार अन्नकूट त्योहार पर वैदिक मंत्रोच्चारण और कपाट बंदी की प्रक्रिया सुबह चार बजे शुरू हुई। मुख्य पुरोहित, हक हुक्कधारी, वेद पाठी और विद्वजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई यह प्रक्रिया पूर्वाह्न सम्पन्न हुई।

## नीरज चोपड़ा बने ले. कर्नल



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जाने-माने भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। श्री सिंह ने यहां एक विशेष समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा को यह प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। रक्षा मंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए ले. कर्नल को दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया।

# मुकदमा हारा चोकसी, मुंबई जेल में बैरक तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है। हीरा कारोबारी चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।

अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं। अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया।



■ बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने अपील खारिज की, भारत वापसी का रास्ता खुला

चोकसी ने अदालत से अपनी दलील में कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा। उसने यह भी दावा किया कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। यही नहीं उसने अपनी -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत ने बेल्जियम अफसरों को जेल की तस्वीरें सौंपी

**मुंबई।** पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भारत ने बेल्जियम अधिकारियों को मुंबई की आर्थर रोड जेल की आधिकारिक तस्वीरें सौंपी हैं।

इनके जरिये बताया गया कि चोकसी को प्रत्यर्पण के बाद जब आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा, तो वहां उसे क्या सुविधा मिलेगी। तस्वीरों में 46 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की बैरक दिखाई गई है। इसमें 2 सेल (कमरे) हैं। प्रत्येक में निजी शौचालय और बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ये तस्वीरें भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया के रूप में भेजी गईं, ताकि चोकसी के इस दावे का खंडन किया जा सके कि भारतीय जेलें भीड़भाड़ वाली और असुरक्षित हैं। दस्तावेजों के अनुसार, चोकसी को मुंबई की हाई सिक्योरिटी वाली आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। यह वही जेल कैंपस है, जहां 26/11 आतंकी अजमल कसाब को भी रखा गया था। बैरक में दो कमरे हैं। इनमें अटैच टॉयलेट-बाथरूम हैं।

### प्रमादम स्टेडियम में लैंडिंग के बाद धंसा हेलीकॉप्टर

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक

**पथानामथिट्टा (केरल)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर यहां प्रमादम स्टेडियम में बनाए गए हैलीपैड पर उतरे हेलीकॉप्टर के पहिये हेलीपैड में आंशिक रूप से धंस गए, लेकिन श्रीमती मुर्मू इससे पहले ही सुरक्षित उतर गई थीं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर स्टेडियम में नया हेलीपैड कुछ घंटों पहले ही बनाया गया था।

पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से कुछ घंटे पहले ही कंक्रीट के हेलीपैड की सतह पूरी हुई थी और बारिश तथा नम मौसम की वजह से यह पूरी तरह से सेट नहीं हो पाया था। इसके बावजूद, सुरक्षा और जमीनी समन्वय टीमों ने उतरने की अनुमति दे दी। उतरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर के टायर नरम कंक्रीट में धंस गए, जिससे ग्राउंड स्टाफ को हस्तक्षेप करना पड़ा। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर हालांकि कोई खतरा उत्पन्न नहीं हुआ। इस घटना को एक बड़ी सुरक्षा और प्रक्रियात्मक चूक बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीमती मुर्मू पहले ही हेलीकॉप्टर से सुरक्षित उतर गई थीं। पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर हेलीकॉप्टर उतरते समय इस समस्या का सामना करता, तो परिणाम गंभीर हो सकते थे। मूल योजना राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को निलक्कल में उतारने की थी, लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण अंतिम समय में निर्णय बदलकर हेलीकॉप्टर को प्रमादम की ओर मोड़ दिया गया। जल्दबाजी में बनाया गया हेलीपैड (जो अभी भी पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ था) हेलीकॉप्टर का भार सहन करने में असमर्थ साबित हुआ। इस घटना के बाद यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रपति की -शेष पृष्ठ दो पर



■ पुलिस व अग्निशमन कर्मियों ने हेलीकॉप्टर को आगे धकेल कर पहियों को निकाला

### वाराणसी एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

**वाराणसी।** कोलकाता से श्रीनगर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई-6961 को बुधवार शाम ईंधन रिसाव (फ्यूल लीक) की सूचना के बाद वाराणसी लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

पायलट ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वाराणसी के हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर विमान को शाम 4:10 बजे सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा गया। गोमती जोन पुलिस के अनुसार, विमान में सवार सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। यात्रियों को सुरक्षित रूप से आगमन कक्ष (एराइवल हॉल) में ले जाया गया है। तकनीकी टीम वर्तमान में विमान की जांच और मरम्मत में जुटी है। स्थिति पूर्णत: सामान्य और नियंत्रण में है।

■ सभी 166 यात्री पूरी तरह सुरक्षित

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

## एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है।

राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है। दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। वहीं दिल्ली 10वें नंबर पर है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में दिवाली के अगले दिन बुधवार को भी प्रदूषण का स्तर 300 पार है। बुधवार सुबह दिल्ली में अक्षरधाम के आसपास 350 से ज्यादा एक्यूआई दर्ज किया गया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि 4 दिनों के दौरान, लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे ही ग्रीन पटाखे फोड़ सकेंगे। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ीं। लोगों ने सुबह से लेकर देर रात तक पटाखे फोड़े।



■ हरियाणा रहा देश का सबसे प्रदूषित राज्य
■ राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार बना हुआ है, दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम उड़ीं धज्जियां

# रेल हादसे में पति की मौत, दो दशक बाद मिला इंसाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 23 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक पीड़ित विधवा को आखिर न्याय मिल ही गया। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष पहल करते हुए यह सुनिश्चित किया कि महिला को रेलवे से मुआवजा राशि पूरी तरह मिल सके।

दरअसल, सयनोक्ता देवी के पति विजय सिंह की 21 मार्च 2002 को भारतीय रेलवे की भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जाने के दौरान हादसे में मौत हो गई थी। उन्होंने बख्तियारपुर स्टेशन से पटना के लिए वैध टिकट लिया था, लेकिन भीड़भाड़ के कारण ट्रेन से गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सयनोक्ता देवी ने रेलवे से मुआवजा मांगा, लेकिन रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल और पटना हाई कोर्ट ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। महिला ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2023 में हाईकोर्ट और ट्रिब्यूनल के आदेशों को बेतुका और कल्पनाशील बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि यदि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ होता, तो वह न टिकट खरीद पाता, न ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता। कोर्ट ने रेलवे को दो महीने के अंदर चार लाख रुपये मुआवजा और छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया, लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं हुई। इस फैसले के बाद महिला के स्थानीय वकील का निधन हो गया और रेलवे की तरफ से भेजे गए पत्र गलत पते पर चले गए। सयनोक्ता देवी भी पारिवारिक परिस्थितियों में अपना ठिकाना बदल चुकी थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने ढूंढ निकाली पीड़िता, अब मिलेगा मुआवजा



### अमेरिका जा रहा एयर इंडिया विमान रास्ते से मुंबई लौटा, पायलट को खराबी का हुआ था शक

**मुंबई।** मुंबई से अमेरिका के नेवार्क जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-191 को उड़ान के 3 घंटे बाद तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लौटना पड़ा। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह खराबी क्या थी। फ्लाइट रडार-24 के मुताबिक विमान ने मुंबई एयरपोर्ट से देर रात 1:15 बजे उड़ान भरी थी। करीब तीन घंटे बाद क्रू को खराबी की आशंका हुई। इसके बाद इसे मुंबई लैंड कराने का फैसला लिया गया। लैंडिंग के बाद विमान को जांच के लिए सर्विस से बाहर कर दिया गया।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# भारत एस-400 के लिए 10 हजार करोड़ की करेगा डील

**नई दिल्ली।** भारत अपने मौजूदा एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए रूस से 10,000 करोड़ की मिसाइलें खरीदने वाला है। इसके लिए रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को 23 अक्टूबर को होने वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया गया कि इसने पाकिस्तान के 5-6 लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मार गिराया। वायु सेना ने एस-400 को भारत की हवाई सुरक्षा रणनीति का गेम चेंजर बताया है। भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है।

■ रूस से और मिसाइलें खरीदेगा

सभी मुजफ्फरनगर वासियों के लिए
HONDA
अंश हौंडा का दिवाली धमाका
ऑफर अब 31 अक्टूबर तक

अब Honda Shine100
मात्र ₹60000*
(रजिस्ट्रेशन & इन्शुरेन्स सहित)
घर ले जाए
कैश बैक ₹5000/-* | एक्सचेंज* सुविधा उपलब्ध
हाईपोथीकेसन* के बिना | CSD सुविधा उपलब्ध

स्कूटरों का बादशाह होण्डा एक्टिवा
मात्र ₹80000*
(इन्शुरेन्स & एक्सेसरीज सहित)
घर ले जाए
आधार कार्ड लाये 0 रु की डाउन पेमेंट पर Honda Shine100 घर ले जाये
आधार कार्ड लाये मात्र 3000 रु की डाउन पेमेंट पर स्कूटरों का बादशाह Honda Activa घर ले जाये
T&C Apply
अंश होण्डा जानसठ रोड मुजफ्फरनगर 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रम्प उजागर कर जाते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई। लेकिन प्रधानमंत्री ने सिर्फ इतना बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ष्जहां प्रधानमंत्री मोदी बातों को छुपा जाते हैं, वहीं राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें उजागर कर देते हैं।

### दुबई इस्लामिक बैंक का एआई नवाचार को एचसीएल से करार

**नई दिल्ली।** दुबई इस्लामिक बैंक (डीआईबी) ने अपने कार्यप्रणाली में कृत्रिम बु( मत्ता (एआई) को शामिल करने के लिए भारत की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के साथ करार किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि दुनिया के पहले इस्लामिक बैंक ने जीआईटेक्स ग्लोबल 2025 में इस साझेदारी की घोषणा की है। इसका लक्ष्य अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत स्तर पर खास अनुभव प्रदान करना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना, प्रक्रियाओं में सुधार और जोखिम तथा अनुपालना ढांचे को मजबूती प्रदान करना है।डीआईबी के मुख्य परिचालन अधिकारी ओबैद अल शमसी ने कहा कि बैंक के लिए नवाचार हमेशा से उसके उद्देश्य और जिम्मेदारी का हिस्सा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की सीमा बढ़ाएं

## शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ/सहारनपुर।** यूपी में वक्फ संपत्तियों की संख्या सर्वाधिक है। लगभग 2 लाख से अधिक संपत्तियां सुन्नी वक्फ बोर्ड और 25 हजार से अधिक संपत्तियां शिया वक्फ बोर्ड में दर्ज होनी हैं।

इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा 5 दिसंबर 2025 के मुकाबले अब तक मात्र 500 से अधिक ही वक्फ संपत्तियों का ही रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हो पाया है। वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने केंद्र सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उम्मीद पोर्टल तकनीकी जटिलताओं और जागरूकता के अभाव के कारण मुतवल्लियों के लिए बड़ी चुनौती है। पोर्टल नया है, ट्रेनिंग, आईटी सपोर्ट और दस्तावेजों की डिजिटल प्रक्रिया को समझने में समय लगता है। हमने ट्रेनर नियुक्त कर दिए हैं, टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। अब प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, लेकिन निर्धारित समय बहुत कम है, इसलिए हम केंद्र सरकार से कम से कम दो वर्ष की अतिरिक्त अवधि देने की मांग कर रहे हैं। सैयद अली जैदी के मुताबिक अगर वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन तय सीमा तक नहीं हुआ, तो उन्हें वक्फ की श्रेणी से ही बाहर कर दिया जाएगा, जो समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियां समुदाय की धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक विरासत की आधारशिला हैं। यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समुदाय के अस्तित्व और धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा का प्रश्न है।

# यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के अफसरों का कार्यकाल बढ़ा

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अनुभाग-1 की ओर से शासनादेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत आयोग के वर्तमान पदाधिकारियों को पुनः उनके पदों पर एक वर्ष तक बने रहने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि पिछड़ा वर्ग आयोग राज्य सरकार को अन्य पिछड़ा वर्गों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और नीतिगत निर्णयों में सलाह देने का कार्य करता है। आयोग के गठन का उद्देश्य पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करना है। सरकार ने आयोग की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है ताकि प्रदेश में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और उन पर प्रभावी अमल जारी रह सके। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व सांसद राजेश कुमार वर्मा को पुनः आयोग का अध्यक्ष नामित किया गया है। सोहनलाल श्रीमाली (मीरजापुर), सूर्य प्रकाश पाल (रामपुर) को उपाध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं, आयोग में 16 सदस्यों को भी पुनः नामित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से सत्एंद्र कुमार (चंदौली), मेवा राम (सहारनपुर), वासुदेव मौर्य (अयोध्या), फूलबदन कुशवाहा (कुशीनगर), विनोद कुमार यादव (मऊ), शिवमंगल (चंदौली), अशोक कुमार (कानपुर), चिरंजीवी चौसरिया (गोरखपुर), कुलदीप शर्मा (झांसी), चौधरी लक्ष्मण सिंह (लखनऊ), मुरहू राजभर (गाजीपुर), चन्द्रशेखर चौहान (सुल्तानपुर), रामदरस (गोरखपुर), जनार्दन प्रसाद गुप्ता (महराजगंज) और बालकदास (झांसी) शामिल हैं। राज्य सरकार की तरफ से यह कार्यकाल विस्तार उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1996 (संशोधित अधिनियम 2007 एवं 2014) के प्रावधानों के तहत दिया है। आदेश में उल्लेख है कि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य 10 अक्टूबर 2024 से ही अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और अब उन्हें 2026 तक का विस्तार दिया गया है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस रामद्रोही ही नहीं, कृष्णदोही भी

गोखरपुर, वार्ता



- श्रीराम के अस्तित्व पर खड़ा किया था सवाल, दीये जलाने से भी हो रही परेशानी जनता माफ नहीं करेगी

मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त नहीं माफ करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ इन दिनों गोरखपुर प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षा गृह में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर भी जमकर तंज कसा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस को राम भक्त कभी माफ नहीं करेंगे। वे श्रीराम द्रोही ही नहीं श्रीकृष्ण द्रोही और सनातन पर्व और त्योहारों के द्रोही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का भी जिक्र करते हुए कहा कि हलाल सर्टिफिकेशन जो पैसा आता है, वो आतंकवाद के लिए ,लव जेहाद के लिए और धर्मांतरण में भी दुरपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि कोई भी सामान खरीदते समय वस्तु पर हलाल सर्टिफिकेट न हो। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है। इससे अच्छा मोमबत्ती जला लेते। ऐसा कहकर वे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव को कहा कि आप को कंस और दुर्योधन प्यारे हैं, आप उनकी मूर्ति लगाइए। वो रामद्रोही ही नहीं, कृष्णद्रोही भी हैं और सनातन पर्व व त्योहारों के द्रोही भी हैं। कांग्रेस श्रीराम, श्रीकृष्ण को नकारती थी और दुनिया अयोध्या में आ करके अभिभूत हो रही है। कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर कहा था कि भगवान राम और कृष्ण मिथक हैं, यह कहकर हिंदू आस्था को अपमानित किया था।

### योगी ने दी गोवर्धन पूजा की बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर सभी प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोवंश के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसको कुपोषण से सुपोषण की तरफ ले जाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि गोवंश संवर्धन और प्रकृति संरक्षण के लोक-मंगलकारी संकल्प की पावन अभिव्यक्ति गोवर्धन पूजा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से सभी का जीवन सुख, समृद्धि और आरोग्यता के आलोक से आलोकित हो, यही प्रार्थना है।

### जन समस्याओं का कराएं त्वरित समाधान

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्या सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। दीपावली के दिन से गोरखपुर प्रवास कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मिले।

# सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बीजेपी को घेरने में लगातार जुटे हैं सपा नेता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का पहाड़ खड़ा हो रहा है।

यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए लिखा कि भाजपा सरकार में हर विभाग में भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा हो रहा है उसका मूल कारण वसूली करने वाले नहीं हैं बल्कि वो 'मुख्य सत्ताधारी' लोग हैं जो वसूली करवा रहे हैं क्योंकि उनकी आपस की लड़ाई बहुत बड़ी है और पद की प्रधान महत्वाकांक्षा भी। उन्होंने कहा कि वसूली, घूस, कमीशन और चंदे से जमा किए जा रहे अकूत धन से दरअसल 'महापद' की तैयारी हो रही है। मुख्यकोष को प्रधानकोष से बड़ा किया जा रहा है क्योंकि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की यही परंपरा रही है कि जिसके पास 'महाकोष' की व्यवस्था होगी, उस की ही प्रधान दावेदारी होगी। महापद की इस प्रतिस्पर्धा में वसूली के कारण हर चीज़ का दाम बढ़ रहा है और आखिर में इस रस्साकशी में आम जनता को सब खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव भ्रष्टाचार पर भाजपा को घेरने में लगातार जुटे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर वह सवाल उठा चुके हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी समेत कई जिलों में भाजपा समर्थकों ने अवैध रजिस्ट्रियां कर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया है।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट ऑफिस

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है। सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा। बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा। हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज उद्योगों पर केंद्रित रहेगा। चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा। नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।

### 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का होगा विकास


**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण व्यवस्था के मोर्चे पर सुधार की 2-4 लाख करोड़ रुपये की योजना के माध्यम से सरकार देश में पांच लाख मेगावाट बिजली के लिए मजबूत पारेषण नेटवर्क की कल्पना कर रही है। पारेषण प्रणाली में सुधार के जरिये नवीकरणीय ऊर्जा-समृ( राज्यों को बिजली की बड़ी मांग वाली जगहों से जोड़ा जायेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि सरकार हरित ऊर्जा गलियारों और राजस्थान, गुजरात और लद्दाख से नई उच्च क्षमता वाली पारेषण लाइनों के माध्यम से पारेषण बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दे रही है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2030 तक पांच लाख मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि ट्रांसमिशन में सुधार की ये परियोजनाएं कई वर्षों में पूरी होंगी, लेकिन एक बार चालू होने पर ये दो लाख मेगावाट से अधिक नई नवीकरणीय क्षमता जोड़ेंगी। इस प्रकार वर्तमान चरण अस्थायी है - एक संक्रमणकालीन अंतराल है, न कि एक संरचनात्मक सीमा है। मंत्रालय के अनुसार, साल 2030 स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को कार्यनीति स्तर पर स्थायित्व के साथ आगे बढ़ाने के लिए ग्रिड, वित्तीय प्रणालियों और बाजार डिजाइन के साथ नवीकरणीय ऊर्जा का समन्वयन किया जा रहा है।

### सोना गिरकर 1.24 लाख पर आया, चांदी भी सस्ती

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद बुधवार को सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार बुधवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है।

चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। सोना-चांदी को सेफ-हेवन माना जाता है, यानी मुश्किल समय में लोग इन्हें खरीदते हैं, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी जिनपिंग के बीच अगले हफ्ते मीटिंग होने वाली है। इससे ट्रेड वॉर की चिंता कम हुई है। टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स दिखा रहे थे कि कीमतें ओवरबॉट जोन में पहुंच चुकी थीं।

# गेहूं, चीनी में तेजी, चावल नरम दालों-खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। वहीं गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि दालों तथा खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 51 रिंगिट टूटकर 4,454 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.80 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,882.74 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं, गेहूं 24 रुपये की मजबूती के साथ 2,884.67 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आटे की कीमत 22 रुपये बढ़कर 3,346.82 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 101 रुपये और सूरजमुखी तेल की 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में भी 31 रुपये और सोया तेल में 35 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। सरसों तेल 20 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 17 रुपये और उड़द दाल की 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 25 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। हालांकि चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुकदमा हारा...**

खराब सेहत का भी हवाला दिया, लेकिन अदालत ने चोकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है। इस कानूनी लड़ाई में चोकसी ने राष्ट्रीयता की दलील का भी सहारा लिया। उसके वकीलों ने कहा कि प्रत्यर्पण का अनुरोध ही गलत है क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ और बारबुडा की उसकी नागरिकता के बारे में अदालत को पूरी जानकारी नहीं दी थी। लेकिन अदालत ने इस तर्क को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बेल्जियम से प्रत्यर्पण के उद्देश्य के लिए, एकमात्र प्रासंगिक तथ्य यह है कि चोकसी के पास बेल्जियम की नागरिकता नहीं है,। यह बात उसे बेल्जियम के कानून के तहत विदेशी करार देती है। अदालत के फैसले में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि उसकी भारतीय या एंटीगुआ की नागरिकता अप्रासंगिक है और चूंकि सभी कानूनी शर्तें पूरी हो चुकी हैं, इसलिए उसका प्रत्यर्पण हो सकता है। गौरतलब है कि चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक को अंजाम देने के मुख्य आरोपी हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने फर्जी ऋण गारंटी का इस्तेमाल करके पीएनबी बैंक से धोखाधड़ी की। मामला सामने आने पर ये लोग 2018 में देश छोड़कर भाग गए। नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में प्रत्यर्पण की लड़ाई लड़ रहा है, वहीं चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता हासिल कर ली है। इस अपील के खारिज होने के बाद, बेल्जियम में चोकसी के पास देश के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का अंतिम कानूनी विकल्प है। अगर वह भी विफल हो जाता है, तो बेल्जियम सरकार के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद उस पर कानूनी कार्रवाई हो सकेगी। यह फैसला चोकसी को मुकदमे का सामना करने के लिए वापस लाने की मांग कर रही भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी जीत है। इससे बेल्जियम से उसे भारत वापस लाने की लंबे समय से चल रही कानूनी कवायद का अंत हो गया है।

**राष्ट्रपति की...** वापसी यात्रा के लिए उस हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बजाय, भारतीय वायुसेना निलक्कल से एक अन्य हेलीकॉप्टर तैनात करेगी, जहां पूरी तरह से संरचनात्मक और सुरक्षा जांच की जा चुकी है। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 8:40 बजे प्रमादम पहुंचीं। यहां उनका स्वागत देवस्वओम मंत्री वीएन वासवन, सांसद एंटो एंटनी, विधायक केयू जिनेश कुमार और प्रमोद नारायणन, ज़िला कलेक्टर एस. प्रेम कृष्णन और जिला पुलिस प्रमुख आर. आनंद ने किया। इसके बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से पम्पा के लिए रवाना हुईं, जहां से उन्होंने सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर की अपनी तीर्थयात्रा शुरू की। पंपा गणपति मंदिर में पारंपरिक केट्टुनिरा (पवित्र बंडल बांधना) अनुष्ठान मंदिर के पुजारी विष्णु नंबूदरी और शंकरन नंबूदरी करेंगे। सुरक्षा एजेंसियों ने सबरीमाला में राष्ट्रपति के साथ आने वाले लोगों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन केट्टुनिरा करने के लिए दल के 50 सदस्यों के लिए व्यवस्था की गई है। श्रीमती मुर्मू पूजा-अर्चना करने के बाद सन्निधानम प्रशासनिक परिसर के अंदर विशेष रूप से तैयार किए गए सुइट में दो घंटे आराम करेंगी। श्रीमती मुर्मू अपराह्न 3:10 बजे सन्निधानम से रवाना होंगी और निलक्कल से शाम 4:20 बजे तिरुवनंतपुरम वापसी कर सकती हैं। निलक्कल हेलीपैड की पूरी सुरक्षा जांच के बाद वापसी यात्रा के लिए वायु सेना द्वारा एक नया हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा। राष्ट्रपति की ऐतिहासिक सबरीमाला यात्रा के दौरान हुई इस घटना पर सुरक्षा विशेषज्ञों और राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कई लोगों ने इसे एक 'गंभीर चूक' बताया है जिसने स्थानीय अधिकारियों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय में स्पष्ट कमियों को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के कारणों की जांच जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है।

# दलित बुजुर्ग से पेशाब चटवाने की घटना पर सियासत गरम

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में दलित बुजुर्ग से मंदिर परिसर में पेशाब चटवाने की अमानवीय घटना से उत्तर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। मामले को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा हुआ है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा राज में दलित होना अपराध है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आज शाम को पीड़ित के घर जाएगा। इसमें निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, प्रान्त अध्यक्ष इमरान लतीफ, अयोध्या के प्रांत प्रभारी कैप्टन सरबजीत सिंह, जनक प्रसाद, इरम रिजवी शामिल हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि दलित विरोधी मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। यह मानवता और संविधान की आत्मा पर प्रहार है। गौरतलब है कि बीती सोमवार रात बीमार बुजुर्ग रामपाल (70) शीतला माता मंदिर के सामने से गुजर रहे थे। अचानक तबीयत खराब होने पर वे मंदिर की सीढ़ियों पर बैठ गए। इसी दौरान पेशाब छूट गई। यह देखकर मंदिर के सामने स्थित दुकान का मालिक स्वामीकांत उर्फ पम्मू गुस्से में वहां पहुंचा। उसने बुजुर्ग से अभद्रता की, गालियां दीं और जबरन पेशाब चटवा दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने बुजुर्ग से पूरा मंदिर धुलवाया और लात मारकर भगा दिया। रामपाल ने बताया, मैं सांस का मरीज हूं, तबीयत खराब थी इसलिए मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा। गलती से पेशाब हो गई। पम्मू ने कहा इसे चाटो, मैंने डर के मारे चाट लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# श्रद्धा व उल्लास से किया गया गोवर्धन पूजन

## अलग-अलग स्थानों पर हुए आयोजन, नई मंडी गौशाला में 35 फुट गोवर्धन रहा आकर्षण का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी गौशाला में गोवर्धन पूजा के अवसर पर 35 फुट ऊंचा गोवर्धन महाराज का विग्रह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। इस विग्रह को तैयार करने में आठ टीमों ने आठ दिनों तक काम किया है। नई मंडी गौशाला में आए श्रद्धालुओं ने गोवंश की विभिन्न प्रजातियां के दर्शन कर गौ सेवा भी की इस दौरान 35 फूट गोवर्धन देव की पूजा अर्चना में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, समाजसेवी सत्य प्रकाश रेशू आदि ने कहा कि गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है जिसे योगी सरकार तन मन धन से पूरा करने में लगी हुई है फिर भी समाज को जरूरत है कि वह अपना दायित्व भी निभाए। नई मंडी गौशाला के अध्यक्ष विनय गोयल, हरिशंकर मुंद्रा व्यापारी नेता संजय मित्तल अरुण खंडेलवाल आदि ने आगुन्त को का स्वागत किया। नई मंडी गौशाला की उपलब्धियां और प्रगतियों से अवगत कराया इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया मेले में भारी भीड़ भी देखने को मिली। व्यापारी नेता संजय मित्तल ने बताया कि नई मंडी गौशाला में निरंतर गोवंश की संख्या बढ़ रही है।

इसके निर्माण में ढाई हजार ईंटों, एक ट्रॉली मिट्टी और गोबर का उपयोग किया गया है। कलाकार पंकज शर्मा, जो पिछले 35 वर्षों से इस कला को जीवित रखे हुए हैं, ने बताया कि यह गोवर्धन महाराज का लेटा हुआ विग्रह है।नई मंडी गौशाला में आयोजित होने वाले गोवर्धन मेले में 35 फुट ऊंचा गोवर्धन महाराज का विग्रह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले की भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने पुख्ता व्यवस्था की है।



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। मेले में दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। यह मेला धार्मिक आस्था और स्थानीय संस्कृति व परंपराओं जीवित रखे हुए है।

**राजवंशी धर्मशाला में अन्नकूट प्रसाद वितरण में उमड़े श्रद्धालु:** लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, सांसद बिजनौर चंदन सिंह चौहान और नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन की शुरुआत गोवर्धन महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात अतिथियों का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। धर्मशाला परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को अन्नकूट प्रसाद वितरित किया गया, जिसे सभी गणमान्य अतिथियों और आयोजकों ने भक्तों के साथ पंक्ति में बैठकर ग्रहण किया। कार्यक्रम में जनार्दन विश्वकर्मा, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, नितिन गुप्ता, रंजन मित्तल, सतप्रकाश मित्तल, कृष्णगोपाल मित्तल, थाना प्रभारी नई मंडी इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा, सुनील तायल, दीपक मित्तल, सभासद ममता बालियान एवं नवनीत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपनी विधानसभा के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों और मोहल्लों में पहुंचकर श्रद्धा और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह प्रकृति, गौसंवर्धन और आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन का प्रतीक पर्व है जो हमें एकजुट होकर समाज और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है। मंत्री कपिल देव ने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही पार्टी की असली शक्ति हैं जो सेवा, समर्पण और समाजहित के कार्यों के माध्यम से संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंच. ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भारत और उत्तर प्रदेश आज केवल विकास ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक उत्थान की दिशा में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी वर्ग, महिला मंडल, युवा मोर्चा, नगर मंडल के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण, दी चेतावनी

**फलौदा में मिली लापरवाही पर जताई नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सीएमओ डा. सुनील कुमार तेवतिया ने मुजफ्फरनगर के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी व कर्मचारियों की उपस्थिति देखी गई। सभी केंद्रों पर सुधार के निर्देश दिए। फलौदा केंद्र पर मिली गडबड़ियों व लापरवाही पर सुधार के सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल का निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा केंद्र की स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखा जाए। इस दौरान दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण केंद्र और आपातकालीन सेवाओं को देखा। इसके साथ ही सीएमओ ने फलौदा केंद्र पर भी निरीक्षण किया।

वहां भी सभी व्यवस्था, साफ-सफाई, स्टाफ उपस्थिति, दवा भंडारण और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का गहन अवलोकन किया इस दौरान ओपीडी रजिस्टर, टीकाकरण रिकॉर्ड, दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। फलौदा केंद्र पर दवा भंडारण कक्ष की व्यवस्था और रिकॉर्ड की स्थिति खराब मिली, जिसमें सुधार के निर्देश दिए गए।

# खम्भे में उतरे करंट से खच्चर की मौत

**छपार।** राजबाहे की पटरी पर चरने गया खच्चर बिजली के खम्भे से टच हो गया खम्भे में करंट आया था।

करंट लगते ही खच्चर की मौत हो गई उसके मालिक ने विद्युत विभाग के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। गांव बढ़ेडी निवासी मनोज मंगलवार की शाम को खच्चर चलाने के लिए राजबाहे की पटरी पर ले गया वहां पुल के पास ही खड़े बिजली के खम्भे में करंट आया हुआ था उससे एक खच्चर टच हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मनोज ने विद्युत विभाग के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। खच्चर की मौत से इस परिवार में पालन पोषण की परेशानी आ रही है।

# दीपोत्सव पर रेशू विहार बना अयोध्या धाम

## भगवान राम के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दीपावली के पंच पर्व पर रेशू विहार अयोध्या धाम के स्वरुप में बदल गया। सभी क्षेत्र वासियों ने माँ लक्ष्मी व भगवान राम के सम्मान में घरों को सजाया, पूजा की, दीप जलाये, आरती की। देखते ही देखते पूरा रेशू विहार, रेशू चौक का वातावरण राम की अयोध्या जैसा हो गया। जहाँ महिलायें सीता की तरह लक्ष्मी रूप में उपस्थित रही। ज्ञान कुमार एडवोकेट, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त टी.पी. सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. गिरीश कुमार, डा. लोकेश कौशिक, आई. आई. एम. कृष्ण वीर, कनाडा से आये मयंक चौधरी, महिला शक्ति आदि का सत्यप्रकाश रेशू ने स्वागत किया, मिठाई खिलाई। सभी छोटो ने बड़ो के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। बड़ो ने छोटो को माँ लक्ष्मी व भगवान राम के पद चिन्हो पर चलने को कहा। रेशू विहार की महिला शक्ति ने घरों में बने पकवान सभी को खिलाये, पुष्प वर्षा की, फोटो खिचवाये, कली से सजावट की, रंगोलिया बनाई, घर के द्वारो को राम नाम व फूलो की लड़ियो से सजाया, पटाखे छुड़ाए। पूरा रेशू विहार, रेशू चौक अयोध्या धाम के वातावरण में तब्दील हो गया।

छोटी छोटी बच्चियों के चरण स्पर्श करे, भोग खिलाया व आशीर्वाद लिया। महिलाओ में विभूति गर्ग, प्रियंका अग्रवाल, कनिष्का सिंह, किरण सिंह, आरुषि, मिताली गोयल, इंदू चौधरी, नूपूर कौशिक आदि ने एक साथ खड़े होकर स्वम को सीता मानकर अपने अपने पतियों, सास ससुर, बच्चों आदि का स्वागत किया। पूरा रेशू विहार अयोध्या धाम जैसा लग रहा था। सभी ने देश के शहीदो को नमन कर दीप प्रवजलित किये, स्वागत गीत गाये, फूल जरी व अनार जलाकर वातावरण को राम व लक्ष्मी मय कर दिया। घरों की सजावट ने सभी के मन को अयोध्या धाम से सीधे जोड़ दिया।



# शोएब हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

## 150 ग्राम सोने को लेकर किया कत्ल, हत्या के सबूत मिटाने के किए प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी व एसपी सिटी के निर्देशन में छपार पुलिस ने खुड्डा के शोएब हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुठभेड के दौरान एक आरोपी को घायल अवस्था में और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। शोएब की हत्या 150 ग्राम सोने को लेकर हुई थी और पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकु व बाइक के कलच का तार भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत व सीओ सदर डॉक्टर रवि शंकर ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव खुड्डा निवासी मुकर्रम सऊदी अरब में नौकरी करता है और उसने टूरिस्ट विजा बनवा रखा है। मुकर्रम ने टूरिस्ट विजे पर सऊदी अरब में रह रहे शोएब के हाथो डेढ़ वर्ष पूर्व करीब 300 ग्राम सोना भेजा था उन्होने हत्या जैसे सनसनी खेज घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 300 ग्राम सोना चार्जरों में छिपाकर लाया गया था उस समय मुकर्रम ने शोएब से कहा था कि वह उक्त सोना उसके परिवार के लोगों को जाकर दे दे। विदेश से लौटे शोएब 150 ग्राम सोना तो उन्हे सौंप दिया था, लेकिन उस समय शोएब ने यह कहा था कि एयरपोर्ट में चैकिंग के दौरान 150 ग्राम सोना जब्त कर लिया गया। तभी से मुकर्रम शोएब पर शक करने लगा था उसने 150 ग्राम सोना खपा लिया है। उन्होने बताया कि कुछ दिन पूर्व मुकर्रम विदेश से लौटा और अपने एक साथ मुनव्वर से मिलकर शोएब की हत्या की योजना बना डाली। शोएब के पास एक कार है और मुकर्रम की योजना के अनुसार मुकर्रम के साथ मुनव्वर व अंकित राणा ने शोएब की कार देहरादून के लिए बुक की।

उन्होने बताया कि बिहारीगढ़ क्षेत्र में पहुंचते ही उक्त लोगों ने बाइक के कलच के तार से शोएब का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। और बाद में उस पर चाकुओं से वार किए। इसके बाद शोएब की लाश को फेंक दिया था, जबकि हत्या का सबुत मिटाने के लिए शोएब की कार को शामली के एक स्थान पर ले जाकर उसका जला थी कि एसपी सिटी ने यह भी जानकारी दी कि पुलिस शोएब के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर इस खुलासे में लगी हुई थी कि बिती रात आरोपियों व पुलिस की मुठभेड हो गई जिसमें मुनव्वर गोली लगने से घायल हो गया, जबकि अंकित को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने भागदौड़ करते हुए इस हत्याकांड की योजना बनाने वाले खुड्डा निवासी मुकर्रम व उसके साथ उस्मान निवासी गंगोह और उसके साथी अरशद को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड में जुनैद नामक युवक भी शामिल था। अब पुलिस उसकी तलाश लगी है एसपी सिटी ने बताया कि मुकर्रम ने मुनव्वर व अकित राणा को एक-एक लाख की सुपारी देकर घटना कराई थी। एसपी सिटी का कहना था कि शोएब कई बार सऊदी अरब जा चुका है।



मुजफ्फरनगर: हत्या में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी सिटी व सीओ।

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.50 लाख ठगे

**फर्जी कागजात थमाए, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से डेढ़ लाख की नगदी ठग ली गई। उक्त आरोप पीड़ित ने न्यायालय में एक शिकायती पत्र देकर लगाया है अब कोर्ट के आदेश पर मंडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर रोड सुभाषनगर निवासी मौ. मोबिन ने न्यायालय में तहरीर देकर बताया कि वह बेरोजगार है और नौकरी की तलाश में घुम रहा था। उसकी मुलाकात ग्राम बागोवाली निवासी मौ. नसीम से हुई और नसीम ने उसको सावेज से मिलवाया इसके बाद दोनो उसको विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। उसको बताया गया था कि विदेश में हर माह उसको 35 हजार रूपये मिलेगे। मौ. नसीम का कहना है कि उसने नौकरी के लालच में डेढ़ लाख से अधिक की नगदी आरोपियों को सौंप दी। काफी समय तक दोनो उसको नौकरी दिलाने का झांसा देते रहे और जब उसने दबाव बनाया तो आरोपियों ने उसको एक विजा और टिकट उपलब्ध करा दिया था। जब वह एयरपोर्ट पर पहुंचा तो यहां आकर पता चला कि उन्होने उसके साथ फर्जीवाडा किया है। पीड़ित ने बताया कि उसको जब कही न्याय नही मिला तो उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिए है।






# युवक से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक इनकी तस्करी करता है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अभिषेक ने बताया कि उन्हे सूचना प्राप्त हुई थी कि कच्ची सड़क पर एक स्टोर पर नशे के इंजेक्शन लगाए जाते है। पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि के आरोपी ने अपने घर व अपने पडौसी के घर पर बगेर लाईसेंस के दवाईयों का भण्डार कर रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अधिकारियों के निर्देशन में छापा मारा जहां आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था अब पुलिस ने अनुज कुमार उर्फ भोला सैनी को गिरफ्तार किया है।






# सिपाही से अभद्रता मामले में मुकदमा दर्ज

## एक आरोपी की गिरफ्तारी, दूसरे की तलाश में लगी पुलिस, क्षेत्र में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चरथावल क्षेत्र के गांव कुटेसरा मे सिपाही के साथ अभद्रता मामले मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

बताते चले की रात्रि करीब आठ बजे कुटेसरा दहचंद मार्ग पर कुटेसरा के दो युवक सिगरेट पी रहे थे उसी दौरान वहा से गुजर रहे सिपाही सोनू सिरोही द्वारा उन्हें टोकाटाकी की गयी जिसके बाद सिपाही और युवकों मे तनातनी हो गयी और तनातनी के बाद हाथपाई तक की नौबत आ गयी हाथपाई की वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। जिसके बाद मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों युवकों के खिलाफ चरथावल थाने मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया मुकदमा दर्ज के बाद एक आरोपी अफजाल को गिरफ्तार कर लिया गया वही दूसरा आरोपी सुहेल अभी पुलिस पकड़ से दूर है सीओ सदर रविशंकर ने बताया की पुलिस गश्त के दौरान कुटेसरा निवासी दो युवक हुडदंग कर शांतिभंग करने की कोशिश कर रहे थे पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक बदतमीजी पर उतर आए। आरोप है की इन दोनों युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट गाली गलौच करते हुए वीडियो भी बनाई इस दौरान पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी गयी दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज एक आरोपी को गिरफ्तार कर दूसरे की तलाश मे दबीशे दी जा रही है।

वही घटना से जहाँ क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है वही अनेको ग्रामवासी नाम न छापने की शर्त पर मामले मे कुछ और ही सच्चाई बयान करते नजर आ रहे है अनेको जिम्मेदार व्यक्तियों ने बताया की जहाँ दोनों युवकों को पुलिस के सिपाहियों के प्रकोप का शिकार होना पड़ा है वही मामले मे पुलिस के सिपाहियों द्वारा दोनों युवकों के साथ नाजायज टोकाटाकी की गयी है जबकि दोनों युवक कानून के दायरे मे शांतिपूर्ण तरिके से सिगरेट व कोल्ड ड्रिंक पी रहे है।

**आखिरकार क्यों होती है मानवाधिकारो की अवहेलना:** जहाँ मानवाधिकारो के तहत कोई भी नागरिक किसी खाने पीने की वैध चीज का सेवन कर सकता है वही सिगरेट व कोल्डड्रिंक भी पी सकता है तो दोनों युवकों को सिपाहियों द्वारा क्यों आकरण परेशान किया गया जबकि वहा न कोई भीड़ थी और न कोई अन्य आयोजन था न ही वह पब्लिक पैलेस था। कारण चाहे कुछ भी हो मामले मे जहाँ तरह तरह की अफवाह उड़ रही है वही किसी भी नागरिक के मानवाधिकारों पर हमला नहीं होना चाहिए कारण चाहे कुछ भी हो आज की घटना से तरह तरह की चर्चा हो रही है। आख़िरकार किसकी शह पर किया जाता है मानवाधिकारो का उल्लंघन यह चर्चा आम हो चली है जबकि क्षेत्रवासियो द्वारा यह चर्चा की जा रही है की कानून सबके लिए बराबर है चाहे वह कोई भी हो घटना की जाँच होनी चाहिए और दोषी चाहे कोई भी हो उसके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# कल्याणपुर में मुस्लिम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में आयोजित होने वाले मुस्लिम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर बुधवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। टूर्नामेंट में केवल मूले जाट समाज के खिलाड़ियों को शामिल करने के फैसले के विरोध में दो पक्षों के बीच थाने में ही कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आठ लोगों को शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को रतनपुरी पुलिस ने मुस्लिम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजकों और ग्राम के कुछ अन्य व्यक्तियों को थाने पर वार्ता के लिए बुलाया था। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच इस बात को लेकर बहस छिड़ गई कि टूर्नामेंट में कौन हिस्सा लेगा। दोनों पक्षों में क्रिकेट प्रतियोगिता में सिर्फ मुले जाट समाज के लोगों को ही खेलने की बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जिसके बाद प्रशासन ने इस विवाद को पनपने से



पहले ही पुलिस ने इस प्रतियोगिता को रोक दिया गया और पुलिस द्वारा दोनों पक्ष के आठ पहले पक्ष से सुहैल पुत्र राशिद, नौशाद पुत्र मुजफ्फर अली, वासिद पुत्र तराबुद्दीन और सादिक पुत्र तराबुद्दीन, चारों निवासी ग्राम कल्याणपुर, का कहना था कि टूर्नामेंट में केवल मूले जाट समाज के खिलाड़ी ही खेलेंगे। दूसरे पक्ष से नदीम पुत्र फारूख, हारून पुत्र काम अली, आशिक अली पुत्र आसम अली और मेहताब पुत्र मुजफ्फर अली, सभी निवासी ग्राम कल्याणपुर, का कहना था कि टूर्नामेंट में सभी जातियों के खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होनी चाहिए। थाने परिसर में ही दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और विवाद बढ़ने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आठों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रतनपुरी पुलिस ने यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह तथा थाना प्रभारी रतनपुरी राकेश कुमार के नेतृत्व में की गई। सूत्रों के अनुसार, इस क्रिकेट टूर्नामेंट को ग्राम की प्रधानी राजनीति से भी जोड़ा जा रहा है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है ताकि आगामी दिनों में गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित न हो।

# विधानसभा क्षेत्र का बाइक पर भ्रमण करने निकले मंत्री कपिल देव

## गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट प्रसाद का किया वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपनी विधानसभा मुजफ्फरनगर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों और मोहल्लों में पहुंचकर श्रद्धा और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लिया।

इस पावन अवसर पर उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा के समर्पित कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भगवान कृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गौमाता की पूजा-अर्चना की तथा समृद्धि, सौहार्द और जनकल्याण की कामना की। मंत्री कपिल देव ने क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों पर पहुंचकर भक्तों के साथ अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया, बच्चों और बुजुर्गों से आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह प्रकृति, गौसंवर्धन और आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन का प्रतीक पर्व है जो हमें एकजुट होकर समाज और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण गुंजायमान रहा। क्षेत्रवासियों ने गोवर्धन पर्वत का प्रतीक स्वरूप बनाकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में अन्नकूट प्रसाद का भंडारा आयोजित किया। मंत्री कपिल देव ने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही पार्टी की असली शक्ति हैं जो सेवा, समर्पण और समाजहित के कार्यों के माध्यम से संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मंत्री कपिल देव ने श्रद्धालुओं को संबो. धित करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण, तीर्थ पर्यटन का विस्तार, गौसंवर्धन केंद्रों की स्थापना और ग्राम्य अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भारत और उत्तर प्रदेश आज केवल विकास ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक उत्थान की दिशा में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी वर्ग, महिला मंडल, युवा मोर्चा, नगर मंडल के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी ने मंत्री कपिल देव के जनसंपर्क और धार्मिक आयोजनों में सक्रिय सहभाग को समाज में एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। अंत में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी क्षेत्रवासियों को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबको धर्म, संस्कृति, गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, क्योंकि यही सच्ची भारतीय परंपरा और सबके कल्याण का मार्ग है।

## कम्पनी से मुनाफा दिलाने के नाम पर ग्रामीण को ठगा

**भोपा।** फईनेन्स कम्पनी से बड़ा मुनाफा दिलाने का लालच देकर परिचितो द्वारा ठगी करने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी आस मोहम्मद ने तहरीर देकर बताया की खतौली थाना क्षेत्र के गांव सिरधन निवासी व शामली निवासी व्यक्ति उसके परिचित हैं. अक्सर उसके घर आते जाते थे। दोनों ने बताया की एक कम्पनी अपने विशेष ऑफर मे 12 प्रतिशत का ब्याज दे रही है।एक लाख रूपये जमा करने पर प्रतिमाह 12 हजार रूपये मिलेंगे। आस मोहम्मद ने दोनों पर बिवास कर एक लाख की रकम दे दी जिसके बाद दोनों ने मोबाइल कॉल भी रिसीव नहीं की। दोनों आरोपियों द्वारा उसके साथ ठगी की गयी है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# कान्हा गौशाला में चेयरपर्सन ने कराई गौवर्धन पूजा

**बुढ़ाना।** बुधवार की रात कस्बे के सैंकड़ों लोगों ने सामूहिक रुप से बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी द्वारा बड़कता रोड पर स्थित कान्हा गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने अपने पति डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी और बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के साथ बुढाना कस्बे के बडकता रोड पर स्थित कान्हा गौशाला में गोवर्धन पूजा और गौ पूजा की।

उन्होंने गायों को गुड़ व रोटी खिलाकर बछड़ों को दुलारा। उन्होंने सबको दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए गौ सेवा के महत्व पर कहा कि सबको गौ माता की सेवा करनी चाहिए और उन्हें पालना चाहिए। उन्होंने यहां पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग स्वदेशी से होकर जाता है। उन्होंने छोटे और कुटीर उद्योगों से निर्मित वस्तुएं खरीदने तथा हर घर स्वदेशी का संकल्प लेने की अपील कर स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया। सुबोध त्यागी ने प्रकृति संरक्षण को हमारा दायित्व बताया और सबको दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने गौशाला के सेवादारों का सम्मान किया और अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया। पूजन मशहूर ज्योतिषाचार्य पंडित विवेकमणि जी महाराज ने किया। यहां ईओ आलोक रंजन, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी, अंकुर त्यागी,



अभिनव त्यागी, योगेश मित्तल, राधेश्याम ठेकेदार, अनुज संगल, सभासद इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, व्यापारी नेता राजेश संगल, बालू कुरैशी, अनुज संगल, सोमांश प्रकाश, सीताराम कश्यप, लाला रविंद्र, पुनीत कुमार, संयम पंवार, संजीव वर्मा, रवि वर्मा, राहुल अग्रवाल और सभासद प्रवीण आदि सैंकड़ों गणमान्य लोग मोजूद रहे।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

मोरना। ककरौली क्षेत्र के गांव मे नाबालिग पुत्री को बहका फुसला कर ले जाने की शिकायत महिला ने की। जिसपर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना ककरौली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने मंगलवार को थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से ब्यूटी पार्लर में जाने को कहकर गई थी। एक युवक उसे बहका -फुसलाकर कहीं ले गया है। जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं लगा। मामला दो संप्रदायों का जुड़ा होने के कारण तनाव की आशंका व्याप्त हो गयी वहीं पुलिस ने आरोपी अमीर आजम निवासी गांव चौरावाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़िता की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी अमीर आजम के विरुद्ध गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# जौला के नवयुवक की हरियाणा में हुई दर्दनाक मौत



**बुढ़ाना।** गांव जौला के एक नवयुवक की हरियाणा राज्य में सड़क दुर्घटना मे दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम नही कराया गया। आज बुधवार की देर रात नवयुवक को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। घटना को लेकर गांव में शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 19 साल का मोनिश पुत्र हसरत अली निवासी गांव जौला हरियाणा राज्य में ट्रेक्टर ट्रालियों के द्वारा भैंसों के लिए पुराली लेने के लिए गांव के अन्य लोगों की साथ आज बुधवार की अल सुबह गया हुआ था। किसी स्थान पर सड़क के किनारे ट्रैक्टर ट्रोलियों में लदी पुराली को बांधने के उद्देश्य से वह रस्सा खींचने लगा। तभी ट्रेक्टर ट्रोली स्टार्ट हो गई तो मोनिश अनियंत्रित होकर हच से नीचे सड़क पर गिर गया। जिसमें ट्रेक्टर के पीछे लगी दो बड़ी ट्रोलियों के पहिए उसके शरीर के उपर उतर गए। जिसमें मोनिश ने मौके पर ही दम तोड दिया। सूचना पर मौके पर आई पुलिस ने शव कौ पीएम हेतू भेजना चाहा लेकिन साथियों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को साथियों को सौंप दिया। जैसे ही मोनिश का शव गांव में पहुंचा तो परिजनों में जबरदस्त चीख पुकार मच गई। गांव में भी घटना को लेकर शोक व्याप्त है। देर रात गांव जौला के कब्रिस्तान में नम आंखों से मोनिश अली को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## भगवान कृष्ण के अन्नकूट महोत्सव में मंदिरों में भक्तों की लगी लंबी कतार

**मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद किया भजन कीर्तन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में गोवर्धन पूजा पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन आयोजित किए गए। भक्तों ने भगवान को 56 प्रकार के भोग लगाकर अन्नकूट महोत्सव मनाया और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के गौवंश संवर्धन और प्रकृति संरक्षण के लोकमंगलकारी संदेश को स्मरण करते हुए अपने घरों और मंदिरों में गोवर्धन पूजा संपन्न की। मंदिरों में विशेष रूप से भजन-कीर्तन हुए, जहां भक्तों ने अपने और समाज के सुख, समृद्धि व आरोग्यता की कामना की।

कस्बे के प्रमुख मंदिरों श्रीराम मंदिर, शीतला माता मंदिर, सत्संग भवन, राधाकृष्ण पंचायती मंदिर और शिव मंदिर तहबरपुरा में विशेष अन्नकूट भंडारों का आयोजन हुआ। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति भाव में लीन होकर दिनभर भजन-कीर्तन करते रहे।

पूरे कस्बे में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा प्रकृति, गौमाता और पर्यावरण के संरक्षण का प्रतीक है, जिसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।



मीरांपुर:गोवर्धन पूजा में अन्नकूट प्रसाद का वितरण करते श्रद्धालु।

## न्याय और समानता के लिए समाज को जागरूक होना होगा: विजयपाल

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला शेखान निवासी समाजस. ेवी एवं शिक्षक मास्टर विजयपाल सिंह ने देशभर में दलितों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज के निचले तबके पर हो रहे अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आने वाली खबरें यह दर्शाती हैं कि संविधान में दिए गए समानता के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट के जज बी.आर. गवाई के ऊपर जूता फेंकना न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इन घटनाओं की निंदा करनी चाहिए ताकि ऐसी मानसिकता को समाप्त किया जा सके। मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा में आईपीएस सुरेश कुमार द्वारा आत्महत्या की घटना बेहद दुखद है और यह इस बात का संकेत है कि प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी न्याय और समानता का अभाव महसूस किया जा रहा है। मास्टर विजयपाल सिंह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि रिपोर्ट के अनुसार देशभर में दलितों पर अत्याचार के मामलों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में भय का वातावरण समाप्त हो। मास्टर विजयपाल सिंह ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे जाति और धर्म के भेदभाव को मिटाकर एक समान और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक दलितों पर अत्याचार जैसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

# वैश्य समाज की बैठक में कृष्ण-दिनेश का मुद्दा छाया

**बुढ़ाना।** वैश्य समाज के दीपाली समारोह में वैश्य समाज के कृष्ण मित्तल व दिनेश बंसल के अलग अलग रहने का मुद्दा छाया रहा। बैठक में उपस्थित वैश्य समाज के काफी लोगों की यही मंशा रही कि कृष्ण मित्तल और दिनेश बंसल में जो मनमुटाव चल रहा है उसे कैसे दूर किया जाए तो इस पर सभी ने अपनी अपनी राय पेश की और तय किया कि वैश्य समाज के संगठन को और भी अत्यधिक मजबूत करने के लिए पहले दोनों से अलग अलग बात की जाएगी और फिर उसके बाद एक बैठक में दोनों को बुलाकर जो मनमुटाव है वो दूर कराया जाएगा। बताया जाता है कि वैश्य समाज ने दीवाली पर एक नई पहल शुरु कर वैश्य समाज में व्याप्त मतभेदों को दूर करने का संकल्प लिया। यहां ये भी बताया गया कि जिले के वरिष्ठ व्यापारी कृष्ण मित्तल व दिनेश बंसल के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद ने समाज को प्रभावित किया है। इसके निस्तारण



के लिए दीवाली मिलन समारोह रखा गया और एक प्रेस वार्ता भी की गयी। जिसमें महाराजा अग्रसेन युवा संगठन बुढाना के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि समाज के हित में सब मतभेदों को समाप्त करना आवश्यक है। हम दोनों पक्षों को एक मंच पर बुलाकर बातचीत करेंगे ताकि दीपावली की रोशनी में एकता का संदेश फैले। यहां मुकुल मित्तल, विजय गर्ग, अभिषेक गोयल, विभोर बंसल, प्रदीप मित्तल, सौरभ गोयल और शुभम कुमार सहित अन्य कई व्यापारियों की मौजूदगी रही।

# उकावली में भाजपाइयों ने भरे एमएलसी वोट फार्म

**अशोक जैन ने अपने समर्थकों के साथ भरे आवेदन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मेरठ और सहारनपुर खंड स्नातक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डाक्टर सुधीर सैनी के मार्गदर्शन में और इस अभियान के प्रमुख और भाजपा के जिला संयोजक श्री मोहन तायल के नेतृत्व में बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के उकावली गांव में भाजपा नेता आशीष जैन ने अपने कई समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के पूर्व अध्यक्ष मुकेश शर्मा के आवास पर एमएलसी के वोट के लगभग 50 ग्रामीणों को वितरित करने के बाद उनको सही तरीके से भरवाकर वापस लिए गये।

इसके अलावा यही अभियान समीपवर्ती गांव चंधेडी में भी चलाया गया।

जिसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पारूल और विक्रम सिंह को यहां पर भी 50 फार्म वितरित कर उनको भरवाकर वापस लिए गये।

जो पार्टी कार्यालय में जमा किए जाएंगे। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के अनुसार इस अभियान को तेजी से रूप देने का कार्य निरंतर कई दिनों से बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं के द्वारा जारी है।



बुढाना:एमएलसी वोट बनवाने को फार्म भरते भाजपाई।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे सेवा दस्तावेजो में मेरे पुत्र का नाम REHAAN KHAN दर्ज है, जबकि सही नाम RIHAN KHAN है जो आधार कार्ड में दर्ज है।

**इकबाल खान** पुत्र फहीमुद्दीन खान
806/15/बी, योगेन्द्रपुरी,
मुजफ्फरनगर (यू0पी0)

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे सेवा दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम PARVEEN JAHAN व जन्मतिथि 11.01.1984 दर्ज है, जबकि सही नाम PARVEEN KHAN व जन्मतिथि 10.01.1984 जो आधार कार्ड में दर्ज है।

**इकबाल खान** पुत्र फहीमुद्दीन खान
1806/15/बी, योगेन्द्रपुरी,
मुजफ्फरनगर (यू0पी0)

# खतौली में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई

शाह टाइम्स संवाददाता

खतौली।नगर में बुधवार को गोवर्धन पूजा पर्व पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों और भंडारों का आयोजन हुआ, जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। श्री राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल में भजन-कीर्तन और भंडारा

रेलवे रोड स्थित श्री राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल में बुधवार को गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान गोवर्धन महाराज को पारंपरिक रूप से सजाया गया। महिला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए पूजा-अर्चना की। पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चित्रा शर्मा, पूनम तायल, आशा तनेजा, भावना तनेजा, रामदुलारी नागपाल, ईशा तायल, मोहिनी तायल, रीता तगपाल, प्रमिला बागड़ी, शालू शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

**अखण्डानंद आश्रम में विशेष पूजन-अर्चना** गंग नहर के निकट स्थित अखण्डानंद आश्रम बलोपासना केंद्र पर बिव हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजन कार्यक्रम में गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक प्रतिमा बनाई गई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारी ने मुख्य यजमान कीमती लाल व उनकी धर्मपत्नी कुसुम लता से विधिवत पूजा संपन्न कराई।श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर भक्ति गीत गाए। पूरा परिसर हगिरिराज धरण की जयह्व के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में केशव अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, कन्हैया गोयल, सुरेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, जयप्रकाश, कैलाश चंद, भूपेंद्र जोशी, सतीश गुप्ता, अंकुर तायल, जयवंश भारद्वाज, अनिल राणा, संजय गुप्ता, अभिषेक गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।आश्रम प्रबंधन ने बताया कि सनातन धर्म में गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था। आश्रम परिसर में प्रतिदिन योग, व्यायाम, अध्यात्म और क्रीड़ा गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जो शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं।

बालाजीपुरम गौशाला में श्रद्धा व भक्ति का संगम

नगर के बालाजीपुरम स्थित गौशाला में भी गोवर्धन पर्व श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ गौशाला में उमड़ पड़ी। भक्तों ने गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया।पूजा-अर्चना पंडित जयप्रकाश के निर्देशन में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि गौशाला की स्थापना वर्ष 2050 में की गई थी, जहां सैकड़ों गायों की सेवा नियमित रूप से की जाती है। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं ने गौमाता की आरती उतारी और सात परिक्रमा कीं। प्रसाद वितरण के साथ दिनभर भक्ति संगीत और श्रीकृष्ण भजनों की गूंज बनी रही।

गौसेवा का संकल्प

गौशाला प्रबंधन समिति ने बताया कि गौसेवा को सर्वोपरि धर्म मानते हुए गायों के लिए हरे चारे, दाने और



चिकित्सीय देखभाल की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में मनमोहन गोयल, भावेश गुप्ता, चंद्र मोहन शर्मा, जयचंद जैन, किशोरी लाल, पंकज भटनागर, प्रमोद शर्मा, अमित त्यागी, अनिल पुंडीर, संजीव मिश्रा, सचिन गोयल, गौरव अग्रवाल, दिनेश जैन, रजत भार्गव, उमेश चंद बिवकर्मा, डॉ. अमित सिंह, शशिकांत माली सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शराब के 20 पव्वों के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** अवैध रूप से शराब के 20 पव्वों के साथ एक युवक को गश्त के दौरान बुढाना पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बुधवार के दिन एक सराहनीय कार्य करते हुए एक युवक को गश्त करने के दौरान गांव वैल्ली मार्ग से पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक थेले में अवैध रूप से देशी शराब के महबूबा मार्का के 20 पव्वे मिले। जिनको वह ठेके से खरीदकर कहीं और सप्लाई करने के लिए जा रहा था। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम शिवम पुत्र नौबहार निवासी ग्राम चन्धेडी बुढाना बतलाया। उक्त आरोपी शिवम को बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर छविकान्त सिंह ने अन्य सब इंस्पेक्टर नन्द किशोर, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल विजय कुमार के सहयोग से पकड़ा है। पुलिस ने उक्त आरा. ेपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नरेश कुमार जो शादी शुदा है। मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। गाली-गलौच व लडाई झगडा करता है। इसी से परेशान होकर मैने 9.10.2025 को नरेश कुमार को सोच-समझकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। नरेश कुमार से मेरा कोई मतलब वास्ता नही रहा है। आज के बाद नरेश कुमार किसी व्यक्ति से कोई लेन-देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी नरेश कुमार की होगी।

**सुखबीर सिंह पुत्र शेर सिंह**
**निवासी ग्राम जफरपुर थाना**
**तितावी जिला-मुजफ्फरनगर**

# पांच वर्षीय बालिका डिप्थीरिया से पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे की एक बालिका को गम्भीर जानेलवा डिप्थीरिया बीमारी से ग्रस्त होने के बाद बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जिसे उपचार के उपरांत घर लाकर डब्लूएचओ की टीम के निर्देश पर कारंटीन कर दिया गया है तथा डब्लूएचओ की टीम बालिका के परिजनो की निगरानी कर रही है।

कस्बे की एक पांच वर्षीय बालिका को अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी तो परिजनो ने स्थानीय चिकित्सको को दिखाया लेकिन किसी प्रकार की राहत ना मिलने पर एक बाल रोग चिकित्सक द्वारा उपचार दिलाया गया लेकिन बीमारी में कोई लाभ न होने पर एक बालिका को एक ईएनटी चिकित्सक की सलाह पर उसे बेगराजपुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सको ने बालिका में डिप्थीरिया बीमारी की पुष्टी हुई तो इसकी जानकारी डब्लूएचओ टीम व सीएमओ को दी गई।

बालिका को तुरंत सघन चिकित्सा के दौरान आईसीयू में रखा गया जहां डब्लूएचओ द्वारा दी गई वैक्सीन व अन्य उपचार से बालिका को कुछ राहत होने के बाद घर भेज दिया गया। डब्लूएचओ टीम ने घर की निगरानी कर बालि. का को एक कमरे में कारंटीन कर दिया है तथा पूरे परिवार को डब्लूएचओ टीम द्वारा वैक्सीन लगाई गई। डब्लूएचओ टीम लगातार बालिका व पूरे परिवार सहित क्षेत्र में भी जांच पडताल कर रही है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रकार की बीमारी जनपद में पहली बार देखने को मिली है। इस बीमारी की पूरी निगरानी पूरे जनपद में की जायेगी।

## डब्लूएचओ टीम ने पूरे परिवार को किया वैक्सीन कवर

**मीरापुर।** कस्बे में डिप्थीरिया जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी का एक मामला सामने आया है। कस्बे की एक पांच वर्षीय बालिका में अचानक सांस लेने में तकलीफ शुरू हुई, जिसके बाद परिजनों ने उसे स्थानीय चिकित्सकों को दिखाया। लेकिन उपचार के बावजूद कोई राहत नहीं मिलने पर बालिका को एक बाल रोग विशेषज्ञ के पास ले जाया गया। वहां से भी जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक की सलाह पर उसे बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में जांच के दौरान चिकित्सकों ने बालिका में डिप्थीरिया बीमारी की पुष्टि की। यह जानकारी तुरंत डब्लूएचओ विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम और मुख्य चिकित्साधिकारी सीएमओ कार्यालय को दी गई। सूचना मिलते ही डब्लूएचओ की टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की और बालिका को सघन चिकित्सा इकाई आईसीयू में भर्ती कराया गया। टीम के निर्देशानुसार विशेष वैक्सीन और दवाओं के प्रयोग से बालिका की स्थिति में सुधार हुआ, जिसके बाद उसे घर भेज दिया गया।

बालिका के घर पहुंचने के बाद डब्लूएचओ टीम ने एहतियात के तौर पर उसे एक कमरे में कारंटीन कर दिया है। साथ ही बालिका के सभी परिजनों को डिप्थीरिया रोधी वैक्सीन लगाई गई है। टीम लगातार बालिका और उसके परिवार की स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है। इसके साथ ही क्षेत्र में अन्य लोगों की भी स्वास्थ्य जांच की जा रही है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जनपद में डिप्थीरिया का यह पहला मामला सामने आया है। इस बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पूरे जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

# गमगीन माहौल में हुआ बालिका का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** खुजेड़ा गांव निवासी बालिका की सड़क हादसे मे मौत हो गयी गयी थी। बुधवार को गमगीन माहौल मे बालिका का अंतिम संस्कार किया गया।

ककरोली थाना क्षेत्र के गांव खुजेड़ा निवासी सात वर्षीय बालिका मिष्टी की मौत उस समय हो गयी थी। जब मंगलवार को सम्भलहेड़ा–बलीपुरा लिंक मार्ग पर दो बाईक आपस मे टकरा गयी थी मंगलवार को खुजेड़ा निवासी विकास अपनी पत्नी निकिता, बेटे आयांश और बेटी मिष्ठी को लेकर मोटरसाइकिल से मीरापुर जा रहे थे। जब वह सम्भलहेड़ा और बलीपुरा के बीच लिंक मार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही बलीपुरा निवासी भूरा पुत्र रामलाल की मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत घायलों को सड़क से हटाया और एंबुलेंस की मदद से सभी को मीरापुर स्थित अथर्व हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद विकास की सात वर्षीय बेटी मिष्ठी को मृत घोषित कर दिया। विकास, निकिता, आयांश और भूरा की हालत गंभीर बताई जा रही है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मिष्टी के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया गांव में शौक व्याप्त है।

## ससुरालियों पर घर से निकालने का आरोप

**मोरना।** महिला ने ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने और पति से मिलने से रोकने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा निवासी शाज़िया ने बताया कि उसकी ससुराल दिल्ली के भजनपुरा मे है। ससुरालजन उसके पति को उसके खिलाफ उकसाते हैं। ससुरालजनो ने उस पर झूठे आरोप लगाकर करीब सात माह पूर्व घर से बाहर निकाल दिया था। ससुराल पक्ष ने उसके हिस्से की संपत्ति भी बेच दी है। सात माह से वह अपनी तीन बेटियों के साथ अपने मायके ग्राम रहकडा में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति गंभीर रूप से बीमार है और अंतिम समय में पत्नी व बच्चों से मिलना चाहता है, परंतु ससुराल पक्ष उसे मिलने नहीं दे रहा। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भैय्या दूज को लेकर चलाया चैकिंग अभियान

**फुगाना।** भैय्या दूज के पर्व को लेकर फुगाना पुलिस ने बुधवार की देर रात अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान में कार और बाइक सहित अन्य काफी वाहनों की डिक्की की तलाशी ली गई और सभी वाहनों के कागजातों की जांच भी की गई। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि भैय्या दूज पर्व को लेकर विभिन्न चौक, चौराहे और चेक पोस्ट पर आते जाते हुए सभी छोटे बडे वाहनों और व्यक्तियों की सघन चौकिंग की गयी। पुलिस के द्वारा प्रतिदिन कार बाइक सहित अन्य वाहनों की जांच की जा रही है। आज बुधवार को भी सैंकड़ों बाइक और कार सहित अन्य वाहनों की जांच की गई। इस दौरान क्षेत्र में आए सभी वाहन चालकों में हड़कंप जैसी स्थिति बनी रही।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विवाह के दस माह बाद एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा कर जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम मधुपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब पूजा (20 वर्ष) पुत्री नौबहार सिंह निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना नूरपुर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

पूजा का विवाह लगभग 10 माह पूर्व मधुपुरा निवासी प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह के साथ हुआ था। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस इसे गंभीरता से लेकर जांच में जुट गई है। घटना मंगलवार रात की है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी



धामपुर अभय कुमार पांडे एवं थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा सत्येंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूजा और उसके ससुराल पक्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से घरेलू विवाद की बातें सुनने में आई थीं। हालांकि पुलिस ने कहा कि पूरी सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को नाकाम कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** ग्राम मुझेड़ा सादात में सरकारी भूमि पर एक पुलिस कर्मचारी द्वारा अवैध कब्जे की को. शिश को प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया।

मीरापुर क्षेत्र के ग्राम मुझेड़ा सादात में खसरा नंबर 931 की भूमि प्राचीन परती भूमि के नाम से दर्ज है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 0. 1230 हेक्टेयर है। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित है। बताया गया कि पूर्व में भी इसी भूमि पर एक पुलिस कर्मचारी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, जिसे राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद हटाया गया था। बुधवार को पुनः सूचना मिली कि कुछ लोग दोबारा उसी भूमि पर निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलते ही तहस. ीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हल्का लेखपाल ओमवीर सिंह को मौके पर भेजा। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर चल रहे अवैध निर्माण कार्य को तुरंत रुकवाया और संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी दी कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण या कब्जा करना पूर्णतः गैरकानूनी है। लेखपाल ओमवीर सिंह ने कहा कि सरकारी संपत्ति जनता की धरोहर होती है, जिस पर किसी भी व्यक्ति को निजी स्वार्थवश कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी चेताया कि यदि भविष्य में पुनः किसी ने कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ राजस्व विभाग द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सभासद गुलफान खान ने क्षतिग्रस्त मार्ग कराए ठीक

**बुढ़ाना।** जल निगम की करनी अब सभासदों को भरनी पड रही है। पिछले ढाई साल से वार्ड नंबर 10 की क्षतिग्रस्त गलियां सभासद गुलफाम खानध के द्वारा अपने खर्चे से आज बुधवार के दिन तब सही करवाई गयी जब सभासद को दिखने लगा कि जल निगम अपने वायदे को कभी भी पूरा नहीं करेगा बस बहकाता ही रहेगा। उन्होंने खुद खड़े होकर सड़क निर्माण की सभी सामग्री बाजार से मंगवाकर मिस्त्रियों से गलियों की सभी सड़कों में जल निगम के द्वारा अंडर ग्राउंड पाईप लाइन के लिए जगह जगह खोदे गये गड्ढों को भरवाया और अपने वार्ड के लोगों को राहत देने का काम किया। इससे पहले इन गड्ढों से वार्डवासी बहुत ही दुखी और परेशान थे। इस संबंध में जब वार्ड सभासद गुलफाम खान से बात की गयी तो कहा कि इस बार यहां जल निगम के अधिकारी और कर्मचारी आएं तो सही फिर उनके वार्ड की जनता बताएगी कि वायदा खिलाफी क्या होती है।

### गोवर्धन पर मंदिरों और घरों में की गई पूजा अर्चना

**जानसठ।** कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस मौके पर गोर्वधन की पूजा–अर्चना की गई। लोगों ने परिवार में खुशहाली और उन्नत खेती की कामना की। मंदिरों में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए। बुधवार की शाम को गोवर्धन पर लोगों ने घरों में गोबर से गोवर्धन बनाया। गन्ने, कपास, किताबें, शस्त्र व अन्य सामान के साथ गोवर्धन की पूजा–अर्चना की। इस दौरान लोगों ने परिवार की खुशहाली और उन्नत खेती की मन्नत मांगी। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए, मंदिरों में भोग लगाए। प्रसाद का वितरण किया। कस्बे की गौशाला समिति ने पशु चिकित्सालय में स्थित गौशाला पर हवन यज्ञ किया। इस दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना, सतीश खटीक, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, एलडीबी बैंक के अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी यजमान रहे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन की पूजा व परिक्रमा की।

### मासूम के लापता होने से हड़कंप

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नावला में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब करीब चार वर्षीय मासूम बच्चा रूहान पुत्र रिजवान लापता हो गया। जानकारी के अनुसार, रूहान अपने परिजनों के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर खेतों में गया था। खेत पर पहुंचने के बाद परिजनों ने उसे ट्रैक्टर से नीचे उतार दिया। और स्वयं खेत में काम करने में व्यस्त हो गए। इसी दौरान मासूम रूहान खेलते–खेलते खेतों के समीप बह रही काली नदी के किनारे पहुंच गया और अचानक लापता हो गया।जब काफी देर तक रूहान दिखाई नहीं दिया तो परिजनों को चिंता हुई। और उन्होंने आस–पास उसकी तलाश शुरू की। लेकिन बच्चे का कहीं कोई पता नहीं चल पाया। काफी खोजबीन के बाद भी सफलता न मिलने पर परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना थाना मंसूरपुर पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। नदी किनारे रूहान की चप्पल मिली, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मासूम खेलते–खेलते नदी में गिर गया होगा। इसके बाद पुलिस ने नदी के किनारे–किनारे काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक बच्चे का कोई सुराग नहीं लग सका। समाचार लिखे जाने तक पुलिस और ग्रामीण मौके पर मौजूद थे और नदी के आसपास के इलाकों में सर्च अभियान जारी था। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, जबकि पुलिस बच्चे को ढूंढने के हर संभव प्रयास में जुटी हुई है।

### लक्ष्य सामाजिक संस्था ने क्रांतिकारी अशफाकउल्ला खां को दी श्रद्धांजलि

**मुज़फ्फरनगर।** लक्ष्य सामाजिक संस्था के कार्यालय शमा रेडियोज वाली गली, मेरठ रोड, निकट मीनाक्षी चौक पर शहीद क्रांतिकारी महानायक अशफ़ाकउल्ला खान को याद किया गया। संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने जंग–ए–आज़ादी के महानायक अशफाक उल्ला खां को उनकी जयंती पर याद करते हुए बताया कि उनका नाम भारत के उन क्रांतिकारियों में गिना जाता है जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए हंसते हंसते अपनी जान दे दी थी, अशफ़ाक उल्ला खां का जन्म 22 अक्टूबर 1900 में उत्तर प्रदेश के शहीदगढ़ में हुआ था उनके परिवार के सभी लोग सरकारी नौकरी में थे स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ वो एक कवि भी थे। आज़ादी में उनका योगदान इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। संस्था के सचिव रागिब आलम ने खान साहब की कुछ चुनिंदा कविताओं को सुनायाद्य रागिब आलम ने बताया कि वह कविता में अपना उपनाम हसरत लिखा करते थे और कविताओं को आते–जाते समय काकोरी कांड के क्रांतिकारी गया करते थे। सभा में मुख्य रूप से महबूब आलम अंसारी एड., समाजसेवी उस्मान राणा, समाजसेवी रागिब आलम, अमीर अहमद अंसारी एड., इकराम कुरैशी तेवडा, मो नवाज़ एड., काशिफ़ मुशीर एड., अनीस खान आदि शामिल रहे।



# रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा साहिबा की टीम प्रथम

**बुढ़ाना।** इंडियन पब्लिक स्कूल नई बस्ती बुढ़ाना में बड़ी दीपावली पर्व के दूसरे दिन एक रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं की कई छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा साहिबा, छात्रा हुमेमा, छात्रा सीफा, छात्रा जरा, छात्रा कसफ, छात्रा जारीन, छात्रा सोफिया, छात्रा सना और छात्रा सानिया ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

यहां पर सभी विजेता छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना हौंसला दिखाया और बहुत खुश नजर आई। यहां पर स्कूल के प्रबंधक आबाद कुरैशी और स्कूल के प्रधानाचार्य सूरज सैनी ने सभी विजेता छात्राओं का हौंसला बढ़ाया



और उनको अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगे भी इस स्कूल मे जो भी प्रोग्राम होगा उसमे अधिक से अधिक बच्चे भाग लें और पढ़ाई के साथ साथ अपनी कला का भी प्रदर्शन करके दिखाएं। इंडियन पब्लिक स्कूल मे पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। इस रंगोली प्रतियोगिता को कराने मे इंडियन पब्लिक स्कूल के समस्त स्टॉफ का भी बहुत सहयोग रहा। जिसमें इंडियन पब्लिक का समस्त स्टॉफ हर प्रकार के प्रोग्राम के लिए छात्र छात्राओं के साथ बहुत मेहनत करता है। जिसका रिजल्ट बहुत अच्छा आता है। बच्चे भी समस्त स्टॉफ का बहुत सहयोग करते हैं।

# किशोरी को बरामद कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मोरना।** क्षेत्र के गांव में किशोरी को तीन युवकों द्वारा बहका फुसला कर अपहरण करने का मामला प्रकाश मे आया था। जिसके बाद पिता की तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी अभी शेष है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कर बताया कि मंगलवार सुबह सवेरे उसकी पुत्री घर का सामान लेने के लिए बाहर गई थी। इसी दौरान तीन युवक बाइक द्वारा वहां पहुंचे।और उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गये।भाई ने बहन को छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने फायरिंग भी की थी।पुलिस ने बादल निवासी गांव मोरना, निशांत निवासी गांव छछरौली व हर्षित सहरावत निवासी कस्बा भोकरहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

बुधवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया व दो आरोपियों बादल मोरना,हर्षित सहरावत भोकरहेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है। मुख्य आरोपी निशांत की गिरफ्तारी अभी शेष है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया की किशोरी को बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। वांछित अभियुक्त हर्षित व बादल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अभियुक्त निशांत की तलाश जारी है।शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

# बस ने कार को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**खतौली।** नेशनल हाइवे पर चीतल कट के पास बुधवार को एक कार और बस की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दिल्ली की ओर से आ रही कार (नंबर UP37W7123) को पीछे से आ रही बस (नंबर DL1PD8496) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में सवार नेहा पत्नी दीपक त्यागी, योगेश पुत्र देवी शरण तथा अनिल पुत्र महावीर सभी निवासी ग्राम दतियाना, थाना सिंभावली, जनपद हापुड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से सेंट फांसिस हॉस्पिटल, खतौली में भर्ती कराया गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखी।

# ई रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**बुढ़ाना।** गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के समीप एक ई–रिक्शा चालक ने विपरीत दिशा से आ रही एक बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार वृद्ध, महिला और एक बच्चा घायल हो गये जबकि ई–रिक्शा चालक घटना को अंजाम देकर ई–रिक्शा सहित भाग जाने में सफल रहा।

तीनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनो घायलों को चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। फुगाना पुलिस ने भाग रहे ई–रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लोई निवासी लगभग 65 वर्षीय इसराइल शेख पुत्र शरीफ अहमद आज बुधवार की सुबह बाइक पर अपनी पत्नी 60 वर्षीया सगीरन व अपने 7 वर्षीय पौत्र समद पुत्र गुलाब हसन को लेकर बुढ़ाना कस्बे में खरीददारी करने आ रहा था। जब सुबह लगभग 11 बजे तीनों गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी की पास आए तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक ई–रिक्शा चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और ई–रिक्शा सहित भाग जाने में सफल रहा। उधर ई–रिक्शा की टक्कर लगते ही तीनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। मौके पर खड़ी बुढ़ाना पुलिस ने घायलों को आनन फानन में बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया मगर डाक्टर ने तीनों घायलों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। जिनमें वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई थी। उधर फुगाना पुलिस ने भाग रहे ई–रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया था

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मौहल्ला इस्लाम नगर, खतौली में बुधवार को मिशन शक्ति फेस 5.0, साइबर क्राइम जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं को योजनाओं का अधिक. ाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर सजग रहने तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल सहायता लेने के तरीके भी बताए गए। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानक. ारी साझा की गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइ 1076, चाइल्डलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने



सभी उपस्थित महिलाओं और बालि. काओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। महिलाओं ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज हित में आवश्यक बताते हुए प्रशंसा व्यक्त की।

# शुकदेव आश्रम मे पहुंची एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित भागवत पीठ श्रीशुकदेव आश्रम में पहुंची मुजफ्फरनगर एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने सपरिवार पूजा अर्चना कर मंदिर के दर्शन किये व आश्रम के अधिष्टा स्वामी ओमानन्द महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

साथ ही वीतराग स्वामी कल्याणदेव जी महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वेद मंत्रोच्चार के बीच दंपती ने परिवार सहित श्रीशुकदेव मंदिर में पूजा–अर्चना की तथा अक्षय वटवृक्ष की परिक्रमा कर मनोकामना पूर्ति हेतु धागा बांधा।इसके उपरांत उन्होंने शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव की प्रदर्शनी गैलरी का भी अवलोकन किया।इस अवसर पर एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने कहा कि सिद्ध अक्षय वटवृक्ष के दर्शन से अत्यधिक ऊर्जा की अनुभूति हुई।



यहां का पवित्र वातावरण तन–मन को शुद्ध कर देने वाला है। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने उन्हें दुपटा एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया तथा शुकतीर्थ का साहित्य एवं प्रसाद भेंट किया।इस दौरान उनके पति, मंडलीय वन संरक्षक आईएफएस अरुण कुमार, ससुर राजगोपाल एवं सास बसंती गोपाल भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी आश्रम परिसर में दर्शन किए।

# गुटबाजी कहीं सपा का ख्वाब अधूरा ना कर दे

## सपा नेता हारून अली सिद्दीकी का दर्द छलका

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर समर्पित नेता हारुन अली सिद्दीकी का अचानक से भले ही कुछ माह के लिए ही सही पार्टी के सक्रिय प्रोग्राम व मीटिंग आदि से दूरी बनाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। हारुन आजकल जिले में पार्टी की गति. विधियों से हताश व निराश हैं। वे किसी भी गुटबाजी का हिस्सा नहीं बनना चाहते। उन्होंने हाईकमान को एक गोपनीय पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है तथा स्पष्ट बताया है कि अगर यही स्थिति रही तो 2027 के चुनाव मे जिले की सब 6 सीटों पर इसका प्रभाव पडना निश्चित है। बुढाना में गुटबाजी की शुरुआत पिछले दिनों तब शुरु हुई जब हारुन चाहते थे कि बुढ़ाना नगराध्यक्ष की कमान युवा व सक्रिय कार्यकर्ता आरिफ सिद्दीकी को मिले लेकिन उनकी बात को दरकिनार कर सपा नगराध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार को बनाया गया। हारुन का कहना था कि संगठन का पद ऐसे व्यक्ति को सुशोभित करता है जो हमेशा से पार्टी में सक्रिय रहा हो। अपनी जेब का संगठन का पदाधिकारी बनाकर हमेशा संगठन बहुत कमजोर होता है परंतु बड़े दुर्भाग्य की बात है कि बुढ़ाना के अंदर कुछ चेहरे ऐसे हैं जो पार्टी को एकजुट नहीं देखना चाहते तथा गुटबाजी को हवा दे रहे हैं। इस तरह का मामला प्रकाश में तब भी आया था जब बुढ़ाना में पीडीए पंचायत में एक गुट को मंच पर सम्मानजनक स्थान नहीं मिल पाया था तथा पार्टी के एक परिवार के विरुद्ध जमकर भडास निकाली गई थी। उस समय हारुन के द्वारा इस पर आपत्ति व्यक्त कर मंच व माइक को हाईजैक होना बताया गया था तथा भविष्य में ऐसे किसी भी प्रोग्राम का हिस्सा नहीं बनने का निश्चय किया था। जिसमें गुटबाजी व आरोप प्रत्यारोप से पार्टी को नुकसान होता हो परंतु बाद में किसी ऊपरी दबाव के कारण हारुन को अपने बयान के विषय में सफाई देनी पड़ी थी। एक सपाई ने बताया ये सच्चाई है कि आजकल हारुण पार्टी के हालात से चिंतित हैं। वर्ष 2012 मे बुढाना में कुछ चेहरों द्वारा उस समय के मौजूदा विधायक व उनके सांसद पिता को अपने पक्ष में रखने के लिए गुमराह कर एक दूसरे के विरुद्ध भड़काकर पार्टी में तोड़फोड़ की थी। ऐसा लगता है वही इतिहास बुढाना में फिर से दौहराया जा रहा है। इस पर हारुन ने बताया कि मैं डेढ़ माह से अपने घरेलू कार्य हेतू हिमाचल में हूं। मुझे कई माह का समय और लगेगा। किसी से नाराजगी या अन्य कोई भी बात नही है। पार्टी का निस्वार्थ समर्पित 28 वर्षों का कार्यकर्ता हूं इसलिए मैंने कुछ माह के लिए सक्रिय राजनीति से व्यस्त होने के कारण दूरी बनाई है।



अगर सब तथ्यों को देखा जाए तो कुछ तो पार्टी में पक रहा है। आखिर धुआं वहीं उठता है जहां आग होती है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि पार्टी हाईकमान इस गुटबाजी पर गंभीरतापूर्वक विश्लेषण कर कब ब्रेक लगाता है ताकि आगामी 2027 का पीडीए सरकार का सपना सच हो जाए।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएचसी प्रभारी के कक्ष से पांच लाख रुपये चोरी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर केंद्र प्रभारी के कक्ष से साढ़े पांच लाख रूपए की नकदी चोरी होने से हडकंप मच गया। सूचना पाकर एएसपी सहित पुलिस अधिक. ारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही सीएचसी अधीक्षक ने चोरों से जान का खतरा भी जताया है।

शामली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा। दीपक चौधरी गत सोमवार को अपने बच्चों के साथ दीपावली पर देवता पूजन के लिए बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव टांडा माजरा गए थे। बताया जाता है कि गत मंगलवार की शाम को जब डा। दीपक चौधरी अस्पताल में अपने कक्ष पहुंचे तो वहां अलमारी के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। चोरों ने चिकित्सा अधीक्षक के कैंप कार्यालय में रखी अलमारी के ताले तोड़कर करीब साढे पांच लाख रूपये की नकदी और जरूरी कागजात चोरी किए थे।

चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में हुई चोरी की घटना से हड़कंप मच गया और सूचना पाकर एएसपी संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे जिन्होने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल कराई। पुलिस अधिकारियों ने डाक्टर दीपक चौधरी से पूरे मामले की जानकारी ली। इस संबंध में डा।दीपक चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके कैंप कार्यालय की अलमारी के ताले तोड़कर नकदी चोरी हुई, कितनी रकम थी उसकी जानकारी बाद में देना लिखा गया है। पुलिस ने चोरी की घटना में शक के आधार पर हॉस्पिटल परिसर में रहने वाले दो युवकों को हिरासत में लिया है, लेकिन अभी तक पुलिस कोई खुलसा नही कर सकी है। वही डा। दीपक ने चोरों से जान माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि हॉस्पिटल परिसर में कुछ लोगों के पास आवारा किस्त के लोगों का आना जाना रहता है। जो अस्पताल में अंधेरा कर बैठे रहते है। ऐसे में उक्त लोगों से जान का खतरा हो सकता है। उन्होने चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने तथा चोरों को गिरफ्तार कर सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

### चोरों के हौसले बुलंद: राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक चौधरी भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के दामाद है। कैंप कार्यालय में हुई चोरी की घटना की सूचना पाकर राकेश टिकैत भी सीएचसी पहुंचे और परिजनों से वार्ता की। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। राकेश टिकैत ने चोरी की घटना पर चिंता व्यक्त की और कहा कि चोरों के हौसले बुलंद है। जिनका ईलाज करना जरूरी है। चोरों से डरने की जरूरत नही है। हर परिस्थिति में वह परिवार के साथ खडे है। इस दौरान कुलदीप पंवार, कपिल खाटियान, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बंदागढ़ मोहल्ले के नाले में जोरदार धमाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन के बंदागढ़ मोहल्ले में मंगलवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक नाले में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाके के साथ ही नाले से लगभग 15 से 20 फीट तक कीचड़ उछल गई, जिससे आसपास के मकानों और सड़कों पर कीचड़ फैल गया। लोग यह समझ नहीं पाए कि अचानक ऐसा क्या हुआ जिससे इतना बड़ा धमाका हुआ।घटना की सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने लोगों को वहां से दूर रहने की सलाह दी और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए एहतियाती कदम उठाए। धमाका रात करीब 8 बजे हुआ बताया जा रहा है। धमाके के बाद चारो और धुआं धुआं हो गया जिससे चारों ओर अंधेरा छा गया और लोगों में असमंजस की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने नाले और आसपास के स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया ताकि किसी प्रकार की अन्य आशंका को टाला जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि धमाके के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल किसी तरह की हताहत की सूचना नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ सहयोग करें। धमाके का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, जल्द जांच रिपोर्ट से स्थिति साफ होगी।

# पांच चोरी की बाइकों के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने टोडा निवासी एक युवक को चोरी की गई पांच बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि इनमे से दो बाइक गढी हसनपुर के मेले से चोरी की गई थी। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जैल भेज दिया गया है। चौसाना चौकी पुलिस ने टोडा व बल्लामाजरा के जंगल से पॉच चोरी की बाईको को बरामद किया है। जिसमे दो बाइक गढी हसनपुर स्थित दुर्गा मन्दिर मेले से चोरी की गई और दो बाइके झिंझाना से चोरी की गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी से अन्य चोरी की गई बाइको के बारे मे पूछताछ की जा रही है। पकडे गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्यवाही जारी है। पकडे गए आरोपी की पहचान राहुल पुत्र ऋषिपाल निवासी टोडा के रूप मे हुई है। प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी वीरेन्द्र कसाना भी मौजूद रहे।

# पितृ पूजन को लेकर दो पक्षों में तनाव, पुलिस बल तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र के गांव नौजल में बुधवार को पितृ पूजन कार्यक्रम को लेकर दो पक्षों में कहा. सुनी हो गई, जिसने देखते ही देखते विवाद का रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, गांव में एक पक्ष द्वारा पितृ पूजन का आयोजन किया जा रहा था, तभी दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना पर पुलिस व प्रशास. निक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को किसी तरह नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कर अपनी बात व तथा एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।जिसके बाद दोनों पक्षो ने न्यायालय संबंधित अपने कागज प्रस्तुत करते हुए बताया कि उक्त घटना क्रम में दोनों पक्षो को देव स्थल पर पूजा ने करने के आदेश है।

जिस पर मोके पर पहुचे नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षो के कागज देख कर कहा कि यदि सहमति है तो दोनों पक्ष पूजा कर सकते है अन्यथा कोई भी पक्ष पूजा नही करेगा। क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि किसी भी कीमत पर न्यायालय के आदेशो की अवहेलना नही करने दी जाएगी अगर कोई भी पक्ष न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस सतर्क बनी हुई है।खबर लिखे जाने तक दोनों पक्ष देव स्थान पर डटे हुए है।

## एक नजर

### झिंझाना पुलिस ने वांछित आरोपी को तमंचे सहित दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वांछित आरोपी को तमंचे और चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने दूधली मार्ग पर ट्यूबवैल के पास से कालू राम उर्फ काला पुत्र जीतराम निवासी ग्राम अलाऊद्दीनपुर, थाना झिंझाना, जिला शामली द्धउम्र 40 वर्षऋ को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की एक सोलर प्लेट, एक पंखा और 2600 रुपये नकद भी बरामद किया गया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जांच में यह भी सामने आया है कि कालू राम हरियाणा के जनपद रेवाड़ी थाना रोडाही में दर्ज एक प्रकरण में भी वांछित है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### दिल्ली पुलिस के पूर्व सब इंस्पेक्टर की जमीन कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के लिसाढ़ में दिल्ली पुलिस के पूर्व सब इंस्पेक्टर की जमीन पर कुछ दबंग कब्जा करने की कोशिश करने का मामला प्रकाश में आया है। दिल्ली पुलिस से महज 15 दिन पहले सेवानिवृत्त हुए सब इंस्पेक्टर चरण सिंह लालचंद निवासी फुगाना ने बताया कि उसने मेरठ-करनाल हाईवे पर करीब 6 बीघा जमीन खरीदी थी, जिसका बैनामा ओर अन्य कागजात और एसडीएम से 80 प्रमाणित दस्तावेज उनके पास हैं। रिटायरमेंट के बाद चरण सिंह ने इस जमीन पर रोजगार शुरू करने की योजना बनाई थी। इसी के तहत उन्होंने करीब ढाई बीघा जमीन पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया, जिसमें लाखों रूपए खर्च हुए। लेकिन गांव लिसाढ़ के दबंग ने उनकी जमीन पर बनी बाउंड्री को ट्रैक्टर से तोड़ डाला दोनों दबंगों पर अन्य जिलों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, और इनकी दबंगई से ग्रामीण भी परेशान रहते हैं। पीडित ने न्याय की गुहार लगाई है।

# गोवर्धन पर मंदिरों में हुए अन्नकूट के भंडारों के आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को जिलेभर के विभिन्न मंदिरों में गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने लंबी लंबी लाईनों में लगकर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान मंदिरों में कृष्ण पूजा, गौ पूजा करते हुए अन्नकूट का छप्पन भोग लगाया गया। वही सामूहिक भोज कर मिष्ठान भी वितरित किया।

बुधवार को शहर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित काका भवन में अन्नकूट भंडारे के आयोजन से पूर्व विद्वान ब्राह्मणों को बुलाकर विधि विधान से विशेष पूजन कराया गया। इस दौरान सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, कुशांक चौहान, हरबीर मलिक, विनय द्विवेदी, उपेन्द्र द्विवेदी, सलिल द्विवेदी, शरद द्विवेदी, पुनीत द्विवेदी, आनंद पुंडीर, अनुराग शर्मा, प्रमोद नामदेव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के मौहल्ला पंसा. रियान स्थित गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर में गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी पंडित छोटेलाल शर्मा ने पूजन कराया। जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित अटठेवाला देवी मंदिर भी गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकुट भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे से पूर्व पंडित शिवम शर्मा ने पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर सागर गर्ग, पंडित प्रदीप शर्मा, आक. ाश गर्ग, हिमांशु, विनीत नामदेव, शिवम गर्ग, अमन गर्ग, अजय गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रोहित कांबोज आदि मौजूद रहे। शहर के मौहल्ला बडीआल स्थित शिव मंदिर में अन्नकुट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, विजय कौशिक, सुभाषचंद गर्ग, पाल गोयल, प्रवीन निर्वाल, सजल गर्ग, संजीव वर्मा, रजत निर्वाल, रोहित निर्वाल, अक्षय निर्वाल, शिवम, कपिल गर्ग, अनुज गर्ग, देवाशीष बंसल, रविन्द्र निर्वाल, सुधीर निर्वाल, टीनू निर्वाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा पूजा व गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम जांगिड, दिनेश धीमान, राजेन्द्र स्वामी, प्रदीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। शहर के गंगा मंदिर में भी अन्नकुट भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सैकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर रोबिन गर्ग, निलेश वशिष्ठ, अमर गोयल, अमित गर्ग, सत्यांशु, शुभम, रक्षित, मांगेराम पंडित, रोबिन, कार्तिक, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

# एक कुंतल से अधिक डोडा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत झिंझाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

थाना प्रभारी विरेंद्र कसाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एएनटीएफ यूनिट मेरठ के साथ संयुक्त अभियान चलाकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अभियुक्त फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम वेदखेड़ी के पास शामली.करनाल हाईवे पर पटनी परतापुर टोल प्लाजा से पहले एक कैंटर को रो. ककर जांच की गई। तलाशी के दौरान वाहन से कुल एक क्विंटल 25 किलो 925 ग्राम डोडा पोस्त चूर्ण बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम विनोद कुमार, सुभाष चंद्र दिनों निवासीगण ग्राम जोशी थाना मतलौडा जिला पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने बताया कि सुनील निवासी पिल्लूखेड़ा जिला जींद हरियाणा फरार हो गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मादक पदार्थ को हरियाणा से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। उनके खिलाफ थाना झिंझाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।



# आतिशबाजी के बाद शहरभर में बढ़ा वायु प्रदूषण, सांस लेने में हो रहीं परेशानियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एनजीटी के आदेश पर शासन प्रशासन की ओर से लगाई गई पाबंदी के बावजूद जिले में जमकर पटाखे जलाए जाने से पूरे शहर में वायु प्रदूषण बढ़ गया। बुधवार को दिनभर आसमान में वायु प्रदूषण छाया रहा और जहरीली हवा चलने से लोगों को सांस लेने में दिक्कते हुई। प्रदूषित वायु के कारण दमा के मरीजों को सबसे अधिक परेशानियां हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ कर 170 पर पहुंच गया, जो खराब स्थिति में है।

एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी ने दीवाली पर पटाखों पर रोक लगा दी थी। एनजीटी के आदेश का पालन करते हुए शासन और प्रशासन ने भी पटाखों की बिक्री और जलाने पर रोक लगाई है। मगर, लोगों की जोश के आगे यह पाबंदी सफल नहीं हो सकी। इस साल दीपावली दो दिन मनाने से पटाखे भी ज्यादा छोडे गए। पहले छोटी दीपावली रात्रि को ही पटाखे जलाए जाने से इस बात का संकेत मिल गया था कि बड़ी दिवाली पर पटाखे जलाए जाएंगे। सोमवार और मंगलवार बडी दीपावली को दो दिनों तक दीपावली का पूजन करने के बाद नागरिकों ने जमकर आतिशबाजी की। रात्रि 8 बजे से लेकर तडके तक शहर में पटाखे जलाए गए। देहात और ग्रामीण क्षेत्रों में भी आतिशबाजी हुई। आतिशबा. जी होने से पटाखों के धुएं से वायु प्रदूषण भी बढ़ गया है, जिससे हवा और अधिक जहरीली हो गई है। दीपावली से कुछ दिन पहले जो वायु गुणवत्ता सूचकांक 127 पर था, वो पटाखे जलाए जाने के बाद बुधवार का 170 पर पहुंच गया, जो खराब स्थिति में है। बुधवार को दिनभर आसमान में वायु प्रदूषण छाया रहा। तेज धूप निकलने के बावजूद धूंए की चादर छाई हुई थी। जहरीली हवा होने से लोगों को सांस लेने में दिक्कते हुई। गले में खरास महसूस हुई। सबसे अधिक परेशान दमा के मरीजों को हुई। जिनको चिकित्सकों की सलाह लेनी पडी। चिकित्सकों ने बढते वायु प्रदूषण को देखते हुए बाजार में मास्क लगाकर निकलने की सलाह दी है।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई गोवर्धन पूजा, मंदिरों में हुआ अन्नकूट भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को कस्बे के मोहन जोहड़ पर कमेटी और श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में कढ़ी-चावल, छप्पन भोग और गन्ने के रस की खीर का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर आशीष मित्तल, आलोक शर्मा, आकाश गुप्ता, राजा रुहेला, प्रशांत शर्मा, विक्रम, मयंक नामदेव, शिवम, सुमित, अभिषेक, सागर, ललित शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। कस्बे के पंचमुखी शिव मंदिर, राधा कृष्ण शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। शाम के समय पूरे कस्बे में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाई गई। घर-घर में पूजा-अर्चना के साथ भगवान कृष्ण की कथा सुनाई गई। पंचमुखी के पंडित नरेश ने बताया कि भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव के क्रोध से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था, तभी से इस पर्व को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है।

# 1085वां स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## मुख्य अतिथि राज्यमंत्री केपी मलिक ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को ग्राम कनियान में ग्राम का 1085वां स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री केपी मलिक ने समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन चौधरी रतन सिंह पौडिया खेल परिसर कनियान में किया गया। राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बल्कि जरूरत है इन प्रतिभाओं को तराशने की।

उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में नई पीढ़ी दिशा से भटक रही है। कंप्यूटर और मोबाइल ने जहां बहुत कुछ सिखाया है, वहीं हम अपने बुजुर्गों के संस्कारों से दूर भी हुए हैं। हा कि यह देखना सुखद है कि ग्राम कनियान अपने स्थापना दिवस को मनाता है। यह परंपरा अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि हमें धरती मां की फिक्र करनी चाहिए, क्योंकि धरती मां के बिना जीवन संभव नहीं है। जन्म देने वाली मां को हम उपहार देते हैं, परंतु धरती मां का श्रृंगार पौधों और पेड़ों से होता है। मौके पर उन्होने विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल एवं पूर्व सांसद के पुत्र अंशुमन चौधरी आदि के साथ मिलकर गांव के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। जिनमें 10वीं के 10, 12वीं के 12, खेलकूद में 12 तथा सरकारी सेवा में चयनित 9 प्रतिभाशाली युवक-युवतियां शामिल रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कांधला विनोद मलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष एलम अश्वनी पंवार, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, ग्राम प्रधान बाबूराम, संदीप पंवार मौजूद रहे।

# स्नातक एमएलसी मे जीत के लिए घर-घर वोट बनवाएगी सपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्नातक एमएलसी प्रत्याशी प्रमेन्द्र भाटी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय पर विचार विमर्श किया। उन्होने कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए गहन स्तर पर सम्पर्क करने की आवश्यकता है, जिससे अधिक से अधिक वोट बनवाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी प्रमेन्द्र भाटी लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण में किसानों का पक्ष मजबूती से रखा है। बार काउंसिल उप्र का सदस्य रहे हैं तथा चुनाव लड़ने का उन्हें लम्बा अनुभव है। स्नातक एमएलसी चुनाव मे वोट बनवाने तथा वोटर को मतदान स्थल तक लाने के लिए समाजवादी पार्टी ने ब्लाक स्तर पर पार्टी नेताओं को कार्डिनेटर नियुक्त किया है। मौके पर मास्टर सतीश कुमार, नावेद चौधरी, सलेक प्रधान प्रकाश शर्मा, मास्टर इरफान शाह, भूपेंद्र सैनी, मास्टर मुस्तफा जंग, शकील राणा, अनुज जावला, मास्टर लखेन्द्र, अनिल कुमार कोरी आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर मरम्मत करते समय झुलसा लाईनमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के अंतर्गत कस्बा छुटमलपुर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बिजली विभाग के लाइनमैन अरुण सैनी ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर रहे थे, तभी अचानक हाई वोल्टेज करंट का झटका लग गया।

बड़कला गांव के निवासी अरुण को बुरी तरह झुलस गया और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय शर्मा ने फौरन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल लाइनमैन को नजदीकी फतेहपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अरुण की जांच की तो उनकी हालत बेहद गंभीर पाई गई। उन्होंने तुरंत उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। वर्तमान में अरुण का इलाज दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि अरुण सैनी बिजली विभाग में कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं। हादसे के समय वे अकेले ही ट्रांसफॉर्मर पर काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर में खराबी की शिकायत लंबे समय से थी, लेकिन मरम्मत में देरी हो गई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने



मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा बिजली कर्मियों की सुरक्षा उपकरणों की कमी को उजागर करता है। विभाग को अब सतर्कता बरतनी होगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। थाना प्रभारी विनय शर्मा ने कहा, ष्हमारी टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# मोटर साईकिल चोरी की घटना का खुलासा

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार 17 अगस्त को वादी वाइज खान पुत्र वाहिद खान ग्राम आभा थाना नानौता ने थाने में लिखित तहरीर देकर बतायाथा कि अज्ञात चोरों ने उसकी टीवीएस स्टार मोटरसाइकिल संख्या यूपी-11बीके/4965 चोरी कर ली है। पुलिस ने धारा-303(02) भारतीय न्याय संहिता 2023 में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना नगर कोतवाली पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक विवेक कुमार व उपनिरीक्षक आजाद सिंह के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में

**■ तीन शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से मोटर साईकिल बरामद**

मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों सौरभ उर्फ जक्का पुत्र विजेंद्र निवासी मौहल्ला बड़ी माजरी कस्बा व थाना बेहट, संदीप पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट व मंदीप उर्फ खंद पुत्र संदीप निवासी मौहल्ला बड़ी माजरी कस्बा व थाना बेहट को पुल खुमरान के पास बनी नगर निगम पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल टीवीएस स्टासर सीटी प्लस संख्या यूपी-11बीके /4965 बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# गुरुद्वारा में मनाया बंदी छोड़ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय गुरुद्वारा में बुधवार को बंदी छोड़ दिवस मनाया गया। जिसका शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब की पावन वाणियों के पाठ और कीर्तन से हुआ।



गुरुद्वारे के गुरु ग्रंथी बाबा गुलजार सिंह चीमा ने अरदास कराई और संगत को बताया कि बंदी छोड़ दिवस गुरु हरगोबिंद साहिब जी द्वारा 52 राजाओं को बंदीगृह से मुक्त कराने की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस त्याग, करुणा और न्याय का प्रतीक है तथा हमें अपने जीवन में इन आदर्शों को अपनाना चाहिए। सरदार कृपाल सिंह ने कहा बंदी छोड़ दिवस हमें यह संदेश देता है कि हमें सच्चाई, मेहनत और सेवा की राह पर चलना चाहिए।

सच्चा त्यौहार वही है जो मानवता, भाईचारे और प्रेम को बढ़ाए। हमें गुरुओं की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर व्यक्ति को मेहनत करनी चाहिए, अपने श्रम से अर्जन कर समाज और देश की सेवा करनी चाहि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु कृपा से प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर उन्होंने समस्त देशवासियों को दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर परमजीत कौर, जसकीरत कौर, गुलशन , देवेंद्र धवलहार, मलकीत सिंह, मनदीप सिंह, वीणा, गुरमीत कौर, मनमोहन सिंह , पारस अरोड़ा, डॉ. पिंकी, विक्की, सिमरन, नरेंद्र सिंह नीलू,मोनी बत्रा, शंटी चावला गिरीश बत्रा, कपिल डावर, तान्या, पुष्पेंद्र, विक्की अरोड़ा, प्रेम सिंह चावला अर्पित डावर, अंकित डावर, एकनूर, रूबी चावला, एकस, अनमोल, जसपाल सिंह, प्रीतम सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चेकिंग के दौरान हंगामा, 5 गिरफ्तार

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान रुडकी रोड छुटमलपुर गांधी आश्रम तिराहे पर बिना हेलमेट बाइक सवार 3 युवकों ने फोटो चालान पर हंगामा मचा दिया, सरकारी कार्य में बाधा डाली, गाली-गलौज की और आने-जाने वालों को उकसाकर फसाद शुरू कर दिया.

जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मशकूर अली, उपनिरीक्षक. शुभम चौधरी, हेड कांस्टेबल रुपेश कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन पाठक की टीम ने तत्काल कार्रवाई कर 5 अभियुक्तों - उमंग चौधरी पुत्र सोनू, विशांत चौधरी पुत्र अनिल, ललित पुत्र सतेन्द्र, शुभम पुत्र अनिल, आशीष पुत्र प्रमोद सभी ग्राम अल्लीवाला को गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया, मुकदमा संख्या 291/25 धारा 221/121(1)/352 बीएनएस व धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत दर्ज, तीन पर अलग से अपराध से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। आज की घटना सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश थी। मैं साफ कहता हूं कि क्षेत्र में अगर किसी ने भी ऐसी हरकत की तो उसे किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सीधी सालाखों के पीछे भेजा जाएगा। पुलिस सतर्क है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। जनता से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें और शांति बनाए रखें।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय सिंह व हेड कांस्टेबल रवित खोखर की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की बुधवार को मुजफ्फराबाद क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान के दौरान टीम ने रिजवान पुत्र सादीक, निवासी मुजफ्फराबाद, थाना फतेहपुर, सहारनपुर को दबोच लिया। आरोपी के विरुद्ध वाद संख्या 301/24 व अपराधिक सं. 138/15 धारा 147, 148, 452, 323, 504, 506 भादवि दर्ज है। कोर्ट की नियत तिथि 25.10.2025 व एचएस संख्या 8। के तहत माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, सहारनपुर द्वारा जारी वारंट पर यह गिरफ्तारी हुई।पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को 25 अक्टूबर 2025 को निर्धारित समय पर कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा।यह कार्रवाई सहारनपुर परिक्षेत्र में फरार अपराधियों के खिलाफ चल रही मुहिम का हिस्सा है। थाना फतेहपुर पुलिस ने साफ संदेश दिया कि कानून के शिकंजे से कोई नहीं बच सकता। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। अभियान के तहत आगे भी सतत निगरानी जारी रहेगी।

### शातिर नशा तस्कर चरस समेत पकड़ा

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोच लिया। थाना प्रभारी विनय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम उप निरीक्षक विजय सिंह, हेड कांस्टेबल व रवित कुमार, हेड कांस्टेबल ललित कुमार द्वारा गहन चेकिंग और गश्त के दौरान ग्राम मुजफ्फराबाद कलसिया मार्ग से मलायन जाने वाली सड़क पर संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपी लोकेश उर्फ योगेश पुत्र रामदास उर्फ रामी निवासी ग्राम मलायन, थाना फतेहपुर, सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 204 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 292/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने नशा तस्करी के कारोबार में लिप्त होना कबूल किया। पुलिस अब आरोपी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की तफ्तीश कर रही है, ताकि नशा माफिया के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके। सभी जरूरी कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को शीघ्र न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं पर ज्ञान की अमृतवर्षा

**सहारनपुर।** स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि गोवर्धन भगवान में संपूर्ण प्रकृति समय है। गोवर्धन भगवान में स्वयं राधा कृष्ण का वास है।

स्वामी कालेंद्रानंद महाराज राधा विहार स्थित मंदिर श्री रामकृष्ण विवे. कानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित गोवर्धन पूजा अवसर पर श्रद्धालुओं को ज्ञान की अमृत वर्षा कर रहे थे। इससे पूर्व गाय के गोबर से गोवर्धन भगवान की दिव्या प्रतिमा का भव्य निर्माण किया गया। रवि निर्माण अबीर गुलाल एवं चंदन से भगवान को दिव्या आभाओं में सजाया गया जिसे भगवान का स्वरूप बड़ा दिव्या हो गया और साथ-साथ भगवान की छवि उसमें प्रकट होने लगी गिरिराज महाराज को छप्पन भोग लगाया गया और दूध की धार चढ़ाई गई, गिर्राज भगवान की महा आरती उतार कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गिर्राज महाराज की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र की पूजा को छुड़वाकर सात कोस के गोवर्धन भगवान की पूजा कराई तो इंद्र को क्रोध आ गया और इंद्र ने मेघ वर्षा से पूरे ब्रिज को जल मग्न कर दिया तब भगवान श्री कृष्ण ने सात कोस गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्का उंगली पर उठा लिया और सभी को उसके नीचे आश्रय दिया। गोवर्धन भगवान की पूजा करते समय सभी ने भगवान को छप्पन भोग लगे। भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत में ही राधाकृष्ण के रूप में दर्शन दिए और सभी को वरदान दिया जो इस गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा लगाएगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगे और वह मुझे अति प्रिय होगा। इस अवसर पर रामेश्वरम शर्मा, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, अनिल कश्यप, मनोज शर्मा, बबीता, राजबाला, राधा, सुचेता, कमल, रेखा, पूनम, सावित्री आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला हादसा

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ क्षेत्रांतर्गत एटीएफ से भरे ट्रक में लगी भीषण आग को बुझाकर फायर सर्विस कंट्रोल रूम सहारनपुर ने एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। समय रहते आग पर काबू पाने से कोई जनहानि नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या-एचपी69/5974 जो भटिंडा से देहरादून एयरपोर्ट जा रहा था। बताया जाता है कि एविएशन टरबाइन फ्यूल से भरा यह ट्रक जैसे ही बिहारीगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत गणेशपुर हाइवे पर पहुंचा तभी इसमें आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर सर्विस कंट्रोल रूम सहारनपुर को दी। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में तत्परता दिखाते हुए थाना फतेहपुर से वॉटर मिस्ट, थाना मिर्जापुर से वॉटर टैंकर तथा बेहट रोड फायर स्टेशन से वॉटर बाउजर तत्काल मौके पर पहुंचे तथा भारी मशक्कत के बाद बामुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग से केवल ट्रक के केबिन व टायर को ही क्षति पहुंची है। जबकि तेल से भरे टैंकर को बचा लिया गया। उनका कहना था कि यदि टैंकर में आग लग जाती तो बड़ा हो जाता। फायर ब्रिगेड की तत्परता और सराहनीय कार्य के लिए सर्वत्र सराहना की जा रही है।

# मौलाना कल्बे जव्वाद पर हमले की कड़ी निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** लखनऊ में शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद पर हुए हमले की हमसफर सामाजिक संस्था ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. साकिब खान हाल ही में अपने सहयोगियों संग लखनऊ पहुंचे। जहां उन्होंने मौलाना कल्बे जव्वाद के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना तथा घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की। डॉ. खान ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज की एकता और सौहार्द पर आघात करती हैं, अत: प्रशासन को दोषियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करनी चाहिए। इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य नकुड़ नगर के मौहल्ला अफगानान स्थित संस्था कार्यालय पर एकत्र हुए।

बैठक में मौलाना पर हुए हमले की घोर निंदा करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

विदित हो कि बीते दिनों लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र में मौलाना कल्बे जव्वाद पर उस समय हमला कर दिया गया था।

जब वे करबला अब्बास बाग में अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी गाड़ी पर ईंट पत्थर बरसाते हुए शीशे तोड़ दिए थे, जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई थी।



त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर चैकिंग करती डॉग स्कवायड व एलआईयू टीम।

# 27 से होगा महायज्ञ एवं महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव मंझाडी में आगामी 27 और 28 अक्टूबर 2025 को वैदिक धर्म जन जागरण सेवा निधि ट्रस्ट एवं आर्य समाज मंझाडी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वैदिक धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



यह जानकारी कार्यक्रम के जनसंपर्क अभियान के अन्तर्गत गांव साढौली कदीम में आयोजित एक बैठक में संस्था के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विजय सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी उनके गांव में एक अनोखे अंदाज में वैदिक धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसके माध्यम से समाज में एक सकारात्मक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम से वास्तव में समाज में एक सकारात्मक संदेश मिलता है। इस लिए ऐसे अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ प्राप्त करना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक नरेश सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ सतेन्द्र सिंह, महामंत्री प्रदीप गुप्ता प्रधान आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट करते हुए वैदिक धर्म सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया है। बैठक में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश राणा, रमेश कश्यप, राजू कश्यप प्रधान, सतीश प्रधान, प्रदीप राणा, बलवीर सिंह राणा, अश्विनी कुमार आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

# सोमवेद परायण यज्ञ कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव की बेटी ने नर्सिंग ऑफिसर बनने के बाद दीपावली पर सामवेद परायण यज्ञ कराया। जिसमें भजनोपदेशक ने दो दिन तक अपने वचनों से भक्तिमय माहौल बना दिया।

ग्राम मुबारिकपुर की बेटी नियति सैनी एम्स भुवनेश्वर (उड़ीसा) में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित हुई थी। जिसने इस उपलक्ष्य में दीपावली पर दो दिवसीय सामवेद परायण यज्ञ का आयोजन कराया। जिसमें अपनी वाणी से भजनोपदेशक संगीता आर्य, वेदिका आर्य, व आचार्य अमित शास्त्री मोहम्मदपुर ने दीपावली पर भक्तिमय माहौल बना दिया। नियति सैनी की मां एडवोकेट ममता सैनी ने बताया कि बेटी ने नर्सिंग ऑफिसर बनने की खुशी में परायण यज्ञ कराया है। हवन यज्ञ के बाद भंडारा दिया।

# नवदुर्गा मंदिर से निकाली मूर्तियों की नगर यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** राम बाग मार्ग स्थित राम तीर्थ नगर कालोनी स्थित नव दुर्गा मंदिर में चल रहा मूर्ति स्थापना कार्यक्रम भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व मूर्ति की नगर यात्रा श्रद्धा के साथ निकाली गई।

कालोनी स्थित नव दुर्गा मंदिर में लड्डू गोपाल की मूर्ति की स्थापना के लिए अनुष्ठान चल रहा था। अनुष्ठान कार्यक्रम पं. मोहन लाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहा था। बुधवार को मूर्ति की नगर यात्रा निकाली जानी थी। इसके लिए लड्डू गोपाल की मूर्ति को फूलों से सजे वाहन में रखा गया था।

मंदिर से आरंभ हुई यात्रा ककराली मार्ग, जवाहर गंज, ईशरा, कानूनगोयान आदि मार्गों से होते हुए मंदिर पर जाकर समापन हुई। डीजे के साथ निकाली गई यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा गाए गए भजनों ने माहौल को पूरी तरह भक्ति मय बना रखा था।

इसके बाद परिसर में जन कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ के समापन क बाद विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। मूर्ति की स्थापना के बाद भंडारा आयोजित किया गया इसमें भी सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अर्चित, समीर, शालू, गगन, रितू, प्राची, संजीव कुमार, अवनीश शर्मा आचार्य, सागर, अंशुल, अनाया, मो. हिनी आदि मौजूद रहे।

# अनुमति अवधि बीतने के बाद भी खुली रहीं आतिशबाजी की दुकानें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर संवाददाता।** नगर के सी.डी. इंटर कॉलेज मैदान में इस वर्ष भी दीपावली पर्व के अवसर पर अस्थायी आतिशबाजी की फुटकर दुकानों की अनुमति उपजिलाधिकारी की ओर से प्रदान की गई थी। यह अनुमति 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सीमित थी। निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी आतिशबाजी की दुकानें दो दिनों तक खुली रहीं, जिससे सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी होती रही।

जानकारी के अनुसार आतिशबाजी की दुकानों को तीन दिन की अवधि के लिए ही अनुमति दी गई थी, ताकि सीमित समय में बिक्री कर दुकानें बंद की जा सकें। बावजूद इसके 20 अक्टूबर के पश्चात भी 21 व 22 अक्टूबर तक कुछ दुकानदारों ने आतिशबाजी की बिक्री जारी रखी। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आतिशबाजी सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील होती है और विद्यालय परिसर में दुकानें खुले रहने से किसी भी समय हादसा हो सकता था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद में पति-पत्नी व बच्चा घायल

**आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक पड़ोसी परिवार पर हमला कर दिया, जिससे पति-पत्नी व एक किशोर घायल हो गये।



नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी संजीव पुत्र स्व. बलवीर सिंह ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश में रहकर कार्य करता है, जबकि उसका भाई मुकेश राजस्थान में रहकर कार्य करता है। दीपावली पर वे दोनों भाई परिवार सहित घर आये थे। मंगलवार की रात्रि उनके बच्चे घर के सामने सड़क पर आतिशबाजी कर रहे थे। संजीव ने बताया कि उनकी पड़ोसी जोगेन्द्र उर्फ जोनी पुत्र घनश्याम से मुकदमेबाजी चल रही है। जिसकी रंजिश में उसने अपने परिवार के कार्तिक तथा हरदीप के साथ मिलकर उन लोगों पर हमला कर दिया। हमले में संजीव, उसकी पत्नी संजना तथा भतीजा अमर देव (13 वर्ष) पुत्र मुकेश घायल हो गये। संजीव गंभीर रूप से घायल हुआ था। रात्रि में पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण व उपचार हेतु समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी भिजवा दिया था। वहां से संजीव को जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया था। उसने बताया कि उसके सिर में 10 टांके आये हैं। बुधवार की शाम परिवार सहित थाने पहुंचकर उसने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### महिलाओं को किया जागरूक

**बढ़ापुर।** ग्राम चकउदयचंद में आयोजित मिशन शक्ति की गोष्ठी में थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, महिला पुलिसकर्मी अंजू रानी व प्रियंका ने महिलाओं व बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा के विषय में जागरुक करते हुए उनको सुरक्षा के टिप्स दिए। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताते हुए सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की सलाह दी। पुलिस सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरुरत पड़ने पर इन हेल्पलाइन नंबरों से मदद लेने की सलाह दी गई।

### क्रिकेट टूनामेंट में सिकरौड़ा विजयी

**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान में बीती रात्रि खेले गए मैच में भोजपुर टीम का मुकाबला सिकरौड़ा टीम से हुआ, जिसमें भोजपुर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट पर 40 रन बनाएं। जिसमें अक्की ने 14 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज सुमित ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिकरौडा की टीम ने सातवें ओवर में दो विकेट खोकर 41 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। आयोजकों की ओर से सुमित को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गया। मैच के अंपायर विनीत और भीमपाल रहे। इस दौरान कपिल राणा, अरुण कुमार, मोहित, टीनू, हर्ष, अजय, अमित, नीरज आदि मौजूद रहे।

### गजेन्द्र सिंह टिकैत ने की गोवर्धन पूजा



**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत ने अपने परिवार के साथ विधि विधान से गोवर्धन पूजा की। गोवर्धन पूजा की तैयारी में घर की महिलाएं और बच्चे सवेरे से ही लग गए थे। गांव देहात में गोबर का गोवर्धन का प्रतीक घर के आंगन में बनाया गया, जिसमें गोबर से पशुओं और पशुओं के बच्चे, चारे आदि के नाम बनाए गए। मान्यता है कि द्वापर युग में इंद्र देवता के क्रोधित होने पर गोकुल वासियों को आंधी और बारिश का सामना करना पड़ा था, तब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उसके बाद गोकुल वासियों ने पशुओं सहित गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली थी। इसके बाद आंधी, बारिश और इंद्र का प्रकोप गोकुल वासियों का कुछ नहीं बिगाड़ पाया था। माना जाता है तभी से गोवर्धन पूजा होती है। गोवर्धन का प्रतीक बनाकर पशुओं आदि का स्वरूप बनाया जाता है। इसके अलावा खेती-बाड़ी के छोटे उपकरण पूजा में रखे जाते हैं। परिवार के सभी लोग पूजा में शामिल होते हैं। इस अवसर पर हुकम सिंह, रणवीर सिंह (राणा जी), अतुल कुमार, अमित चौधरी, दीशू चौधरी, सम्राट पुष्पा देवी, पूनम देवी स्वाती देवी आदि मौजूद रहे।

# मदरसा इस्लामिया अरबिया में जलसा

**किरतपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इरशादिया फैजुल कुरान में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मौहम्मद साहब की सीरत-ए-तैय्यिबा के विषय पर एक भव्य जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व आस-पास के क्षेत्रों के लोगों ने भी शिरकत की। जलसे की सदारत मुफ्ती इफ्तिखार ने की जबकि संच. ालन मौलाना असजद रहमानी ने किया। इससे पूर्व कुरान की तिलावत कारी मौहम्मद सादिक ने पेश फरमाई और नात मुफ्ती तारिक जमील कन्नौजवी ने पढ़ी। इस अवसर मुरादाबाद से तशरीफ लाए मुफ्ती अब्दुल रहमान ने नबी-ए-पाक की जिंदगी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम की सीरत इंसानियत के लिए एक बेहतरीन नमूना है। आपने पूरी इंसा. नियत के साथ इंसाफ, रहम, अमन और मौहब्बत का पैगाम दिया। आज के समय में अगर हमें अमन और सकून चाहिए, तो हमें नबी-ए-पाक की सीरत को अपनाना होगा। कार्यक्रम में मदरसे से फारिग हुए तीन हाफिज-ए-कुरान को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उलमा-ए-किराम ने उन्हें दुआएं दीं कि वे कुरान के पैगाम को अमल में लाकर समाज में अच्छाई, इंसाफ और भाईचारे को फैलाएं। देवबंद से आए मुफ्ती मुजम्मिल ने जलसे को संबोधित करते हुए कहा कि इस्लाम में इल्म (शिक्षा) को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान, चाहे वह मर्द हो या औरत, पर इल्म हासिल करना फर्ज है। शिक्षा ही वह जरिया है जो इंसान को अंधकार से निकालकर रोशनी की राह पर लाती है। उन्होंने बच्चों को दीनी और दुनियावी दोनों तरह की तालीम हासिल करने की नसीहत की। जलसा पूरी कामयाबी के साथ संपन्न हुआ। जलसे के सरपरस्ती कारी मौहम्मद अकरम ने की व जेरे इंतेजाम मौलाना अब्दुल माजिद के रहा। अंत में कारी मौहम्मद जावेद मोहतमिम मदरसा हाजा ने आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# खाले में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खाले में युवक का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। मृतक युवक के शव पर चोट का कोई निशान नहीं है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

बुधवार की शाम कुछ ग्रामीणों ने राजूपुर-दूधली मार्ग स्थित खाले में एक युवक का शव पड़ा देखा। मृतक युवक ने जींस टीशर्ट और पैरों में शूज पहने हुए हैं। खाले में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों द्वारा तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को खाले से बाहर निकाल शिनाख्त का प्रयास कराया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। कोतवाल नरेंद्र शर्मा ने बताया



कि मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष है, शव पर कोई चोट का निशान नहीं है। तलाशी के दौरान जेब से बीड़ी का बंडल और एक लाइटर मिला है। मृतक के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# मासूम बच्ची हमना ने किया कुरआन-ए-पाक मुकम्मल

**देवबन्द।** कुरआन-ए-पाक अल्लाह का कलाम है। कुरआन का ही यह मौजजा है कि हम जुबान न होने के बावजूद मासूम बच्चे भी इसे आसानी से पढ़ लेते हैं।

तंजीम अबना ए दारुल उलूम के अध्यक्ष मुफ्ती यादे इलाही कासमी ने मोहल्ला ख्वाजबख्श स्थित मास्टर असद सिद्दीकी के आवास पर मजलिस इत्तिहाद ए मिल्लत के महासचिव अथर उस्मानी की छह वर्षीय नवासी सय्यदा हमना फातिमा के कुरआन-ए-करीम मुकम्मल करने पर आयोजित दुआइया कार्यक्रम में उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अन गिनत लोग दुनिया में ऐसे मौजूद हैं जिनके सीनों में कुरआन करीम महफूज है। उन्होने कहा कि कुरआन-ए-पाक दुनिया में हमारा रहबर भी है इसलिए हम सभी को अपने बच्चों को कुरआन की तालीम जरूर दिलानी चाहिए। अंत में मजलिस इत्तिहाद ए मिल्लत के



अध्यक्ष मुफ्ती तारिक कासमी ने देश व दुनिया में अमन व शांती और समृद्धि के लिए दुआ कराई। 6 वर्षीय मासूम सय्यदा हमना फातिमा द्वारा केवल डेढ़ साल में पूरा कुरआन-ए-पाक पढ़ लिए जाने पर जामिया तिब्बिया देवबंद के सचिव डा. अनवर सईद, पूर्व विधायक माविया अली, बसपा नेता हाजी



शाहिद सुहैल, कांग्रेस के प्रदेश सचिव राहत खलील, कारी रिहान, सूफी साबिर उस्मानी, मौलाना शारिक कासमी, मास्टर असद सिद्दीकी ने खुशी का इजहार करते हुए मासूम बच्ची को अपनी दुआओं से नवाजा है। कार्यक्रम में सपा नेता हैदर अली, दिलशेर खां, फैसल थानवी, सऊद उस्मानी, सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, शाहनवाज मलिक, इस्राईल गौड, आमिर उस्मानी, जमशैद अली, आफताब अली उर्फ चांद, सय्यद तनवीर, इन्जी मौहम्मद उस्मान, डा आजम, अजीम सिद्दीकी, मौहम्मद अदी, अब्दुस समद, सलमान फारूकी, तोहीद गौड, अफजाल कुरैशी, अहाद गौर आदि शामिल रहे।

# गोवर्धन पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गोवर्धन पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। नन्हेड़ा गांव में आर्य समाज ने हवन यज्ञ किया। इस दौरान सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

मुहल्ला कायस्थवाड़ा विष्णु चौक स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में भगवान को कढ़ी चावल, मिक्स सब्जी, फल व मिठाई का भोग लगाया गया। इस दौरान गोवर्धन पूजा व अन्नकूट का महत्व बताते हुए प्रसाद वितरित किया गया। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, रविंद्र चौधरी, विपिन त्यागी, विनय बंसल, एडवोकेट रितेश बंसल, अजय टंडन आदि शामिल रहे। मेन बाजार स्थित श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में भी अन्नकूट



का प्रसाद वितरित हुआ। इस दौरान विनोद प्रकाश गुप्ता, अशोक गुप्ता, राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे। वहीं, नन्हेड़ा आसा गांव में आर्य समाज के तत्वाधान में गोवर्धन पर्व धूमधाम से मना। कार्यक्रम का



शुभारंभ वैदिक यज्ञ से हुआ। पं. अमरेश आर्य, मा. जनेश्वर प्रसाद आर्य, महिपाल आर्य, दीपक आर्य व हमांशु आर्य ने गोवर्धन पर्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता पूर्व प्रधान चौ. रविंद्र व संचालन चौ. विपिन आर्य ने किया। मुकेश आर्य, निशु आर्य, देवीदयाल आर्य, पंकज आर्य आदि मौजूद रहे।

# पिकअप की चपेट में आने से बाईक सवार छात्र की मौत

**जवान बेटे की मौत से परिजनो में कोहराम मचा, पिकअप चालक मौके से फरार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जवान बेटे की मौत से परिजनो में कोहराम मचा है। पुलिस फरार पिकअप चालक की तलाश में जुटी है।

नागल थाना क्षेत्र के सरसीना गांव निवासी प्रमोद का 18 वर्षीय पुत्र आर्यन बुधवार शाम करीब चार बजे बाइक पर सवार होकर तल्हेड़ी बुजुर्ग से चंदेना कोली गांव किसी काम से जा रहा था। इस दौरान चंदेना मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर पीछे से आए तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक पिकअप को लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में आर्यन गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही आर्यन की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक प्रमोद फेरी लगाकर अपना परिवार पालता है। प्रमोद के दो बेटों में से आर्यन बड़ा था और तल्हेड़ी बुजुर्ग के एक कालेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक जिस समय हादसा हुआ उस दौरान आर्यन



हेलमेट पहने था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार वाहन चालक की तलाश जारी है।

# पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे के प्रकरण में परिवार आया सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जिंदगी में इंसान के साथ बहुत उतार चढ़ाव आते हैं लेकिन कभी-कभी ऐसे हालात का सामना करना पड़ता है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है ऐसे ही दौर से सहारनपुर के सरसावा क्षेत्र के गांव हरडाखेडी निवासी पूर्व आईपीएस मौहम्मद मुस्तफा सहित उनके परिवार के साथ हो रहा है। जवान बेटे का बाप के कंधों पर जाना जीवन का सबसे बड़ा दुख होता है लेकिन ऊपर वाले के सामने सब लोग लाचार है बेटा भी चला गया और दुनिया के सामने मां बाप को अपराधी बनाकर पेश किया जा रहा है इस पूरे प्रकरण पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना और पूर्व डीजीपी मौहम्मद मुस्तफा के इकलौते बेटे आकिल अख्तर, जिनकी बीते गुरुवार को अचानक मौत हो गई। उनके परिवार के खिलाफ गंदे विचारों और घटिया राजनीति करने वाले व्यक्ति की शिकायत पर पंचकुला पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में पूर्व डीजीपी मौहम्मद मुस्तफा ने बयान जारी कर कहा है कि कानून और पुलिस नियमों के मुताबिक अगर पुलिस को किसी



मामले में लिखित शिकायत मिलती है तो उस शिकायत पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस का कर्तव्य बनता है। पंचकुला पुलिस ने इसी कर्तव्य का पालन किया है और मैं इसका स्वागत करता हूं। मुस्तफा ने आगे स्पष्ट किया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज होने का मतलब यह नहीं है कि कोई दोषी साबित हो गया है। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद असली कार्रवाई शुरू होगी और कुछ ही दिनों में दूध का दूध-पानी का पानी लोगों के सामने होगा। उन्होंने मालेरकोटला के निवासियों और पंजाब भर सहित सहारनपुर जनपद में अपने चाहने वालों और हमदर्दों से अपील की कि उन्हें एफआईआर दर्ज होने के बारे में बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह सच है कि जवान बेटे की मौत से हम पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम गंदी राजनीति और तुच्छ विचारों वाले लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते।

कानून का शिकंजा अब किस तरफ जाएगा, यह भी जल्द ही लोगों के सामने आ जाएगा। मौहम्मद मुस्तफा ने कहा कि झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवाने वाले लोगों को भी कानून का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने मालेरकोटला हाउस के चाहने वालों और दूसरी पार्टियों में भी अच्छी सोच रखने वाले लोगों से गुजारिश है कि, मरहूम आकिल अख्तर की मगफिरत के लिए शनिवार 25 अक्टूबर 2025 को शाम 4 बजे मलेरकोटला हाउस में, श्इज्जतमाई दुआश रखी गई है। इस इज्जतमई दुआ में शामिल होने की पुरजोर गुजारिश है। पूर्व डीजीपी मौहम्मद मुस्तफा प्रकरण में बेहद अफसोस और दुख है ऐसा लगता है काम में व्यस्त होने के कारण मौहम्मद मुस्तफा अपने परिवार को समय नहीं दे पाया जिसके कारण बेटा रास्ता भटक गया साइकाट्रिक हो गया साइट्रिक आदमी कुछ भी कह सकता है उसे यह पता नहीं रहता मैं क्या बोल रहा हूं अभी कुछ बोलेगा थोड़ी देर में कुछ और बोलेगा इससे लगता है यह परिवार यही भोग रहा है जनपद नहीं दूर-दूर के लोग इस परिवार की राजनीतिक सरकारी सामाजिक हैसियत को अच्छी तरह जानते हैं अफसोस इस बात का है व्यसतता के कारण मौहम्मद मुस्तफा परिवार पर ध्यान नहीं दे पाए और बेटा गलत राह पर चला गया जो आरोप अब मौहम्मद मुस्तफा परिवार पर लग रहे बिल्कुल निराधार लगते हैं।

गांव में कहावत है जब किसी की गाड़ी फंस जाती है जिनको लेट्रिन करके उठाना नहीं आता वह भी बोलने लगते हैं संकट की इस घड़ी में इस परिवार का साथ दिया जाना चाहिए कुछ लोगों ने अपने बच्चों की नौकरी के लिए मौहम्मद मुस्तफा से चाहा होगा लेकिन हर चीज की एक लिमिट होती है नहीं लगवा पाया होगा ऐसे लोग ज्यादा बोलेंगे भगवान इस परिवार के साथ न्याय करें इस संकट की घड़ी में उन्हें ताकत दे मजाक तो कोई भी उड़ा सकता है लेकिन बनाने की बात बहुत कम लोग करते हैं। इस मामले पर कोई भी टिका टिप्पणी नहीं करनी चाहिए और हो रही जांच का इंतजार करना चाहिए उसके बाद ही सबकुछ साफ हो जाएगा।

## आज मनाई जाएगी भगवान चित्रगुप्त की जयंती

**बिजनौर।** मौहल्ला चाहशीरीं स्थित नौबतराय चित्रगुप्त शिव मंदिर में कल (आज) 23 अक्टूबर को भैयादूज के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की जयंती धूमधाम से मनायी जाएगी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय सचिव ओम सहाय भटनागर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कल (आज) सायं चार बजे मंदिर में हवन आयोजित किया जायेगा। तदोपरांत भण्डारे का आयोजन होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## स्कूल के ताले तोड़कर चोरी

**नजीबाबाद।** चोरों ने नगर के मौहल्ला वाहिदनगर स्थित कम्पोजिट स्कूल के ताले तोड़कर वहां से इनवर्टर व दो टैबलेट चोरी कर लिये। उक्त कम्पोजिट स्कूल में शिक्षा विभाग का कार्यालय भी है। मंगलवार को सुबह जब कर्मचारी स्कूल पहुंचे, तो स्कूल गेट के ताले टूटे मिले।

## एक नजर

### पुलिस को नहीं मिला चोरी का सुराग

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस बर्तन व्यापारी की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी के खुलासे के लिए अब तक सैकड़ों युवकों व अन्य लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मगर इसके बावजूद पुलिस को घटना को करीब तीन सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी चोरी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उल्लेखनीय है कि नगर के मौहल्ला बालकराम निवासी बर्तन व्यापारी योगेश तायल की दुकान पर 27 सितम्बर 2025 को चोरों ने रात में छत के रास्ते अंदर घुसकर वहां तिजोरी में रखे करीब ढाई लाख रुपए की नकदी के साथ करोड़ों रुपए के पुश्तैनी सोना-चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। इस घटना के बाद से पुलिस की कई टीमें खुलासे के लिए लगी है। पुलिस टीमें घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाल चुकी है। साथ ही पुलिस अब तक क्षेत्र के संदिग्धों के साथ सैकड़ों युवकों को पकड़कर चोरी के संबंध में पूछताछ कर चुकी है। मगर इसके बावजूद अभी तक पुलिस को चोरी का कोई सुगर हाथ नहीं लगा है। पुलिस चोरों तक लगातार पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

### पुरानी रंजिश में किशोर को पीटा



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी अब्दुल कलाम का 13 वर्षीय पुत्र मौहम्मद उजैर गांव के मदरसे के सामने प्लाट में खेल रहा था। बताया जाता है कि बीती सायं पुरानी रंजिश के चलते गांव के दूसरे पक्ष के लोगों ने मौहम्मद उजैर को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट की मांग

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील के एक गांव निवासी युवती ने थाना किरतपुर पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र के ग्राम शकरपुरी निवासी एक युवक पर उसकी अश्लील विडियो बना कर उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ बलात्कार करने तथा बाद में कुछ लोगों के बीच उससे समझौता कर शादी करने का वादा कर शादी न करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# गंदगी से जूझ रहे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली जट में ग्रामीण भारी गंदगी से जूझ रहे हैं। गांव का मुख्य मार्ग न केवल टूटा हुआ है बल्कि गंदगी के अंबार से लबालब है। जहां गंदा पानी सड़कों पर भरा हुआ है, वहीं नालियां भी कीचड़ और गंदे पानी से भरी हुई है जो कई सालों से साफ नहीं की गई हो, देखने में ऐसी प्रतीत होती है।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपली जट में ग्राम तिगरी और स्याऊ को जाने वाला मुख्य मार्ग न केवल क्षतिग्रस्त है, बल्कि गंदे पानी और कीचड़ से लबालब है। जगह -जगह मार्ग पर नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। गांव की नालियां भी चौक हो गई है, जिन्हें देखने से पता चलता है कि उन्हें सालों से साफ नहीं किया गया। आलम यह है कि मुख्य मार्ग से गुजरने वाले न केवल राहगीर बल्कि ग्रामीण भारी गंदगी का सामना कर रहे हैं बल्कि कीचड़ को अपने साथ घर तक लेकर जा रहे हैं। इस गंदगी में पनप रहे मच्छरों से गांव में बीमारी फैलने की आशंका तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं गांव के जिम्मेदार ग्राम प्रधान को कई बार शिकायत करने के बाद भी इस गंदगी को साफ न कराने का ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के तालाब की कई सालों से सफाई नहीं कराई गई है। यही वजह है कि अब गांव का पानी सड़कों पर उतर आया, जिसका लंबे समय से ग्रामीण खामियाजा भुगत रहे है। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। यह भी सच है कि जिला पंचायतराज अधिकारी यदि एसी वाला दफ्तर छोड़कर कभी ग्राम पंचायतों में निकले तो वास्तविकता से रूबरू हो ! साथ ही उन्हें मालूम हो कि उनके ग्राम प्रधान और सचिव कागजों पर कैसे स्मार्ट विलेज तैयार कर रहे हैं।

# नहटौर में कुत्तों के हमले में पांच घायल

**नगर में दहशत का माहौल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका द्वारा कुत्ते पकड़वाए जाने के बावजूद भी कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। एक कुत्ते ने दो बच्चों सहित एक रिक्शा चालक को गंभीर रूप से काट लिया। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके अलावा ग्राम बल्लाशेरपुर में पालतू कुत्ते ने मां-बेटे को काट लिया। मौहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला नेजा सराय में आज दोपहर मौम्मद अली (11 वर्ष) पुत्र तसलीम, अरहान (8 वर्ष) पुत्र शहजादा दोनों बालकों को मौहल्ले में खेलने के दौरान एक पागल कुत्ते ने काट लिया। उनके काटने पर अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया तथा मौहल्ले वासियों ने मौके पर पहुंच कर कुत्ते को भगाया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। मौहल्ला निवासी कासिम (45 वर्ष) पुत्र शमीम अहमद रिक्शा चलाने का काम करता है। रिक्शा खड़ी करके व घर खाना खाने के लिए जा रहा था। उसी कुत्ते ने पीछे से कासिम के पैर में काट लिया तथा उसके द्वारा शोर मचाने पर मौहल्ले वासियों ने मौके पहुंचकर आवारा कुत्ते को भगाया। लगातार इस घटना को लेकर मौहल्ले वासियों में डर का माहौल पैदा हो गया। तीनों को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसके अलावा ग्राम बल्लाशेरपुर निवासी मयंक पुत्र बृजेश, प्रीति पत्नी बृजेश को भी घर के कुत्ते ने खाना खिलाते हुए काट लिया। साथ ही दोनों मां-बेटे को उसके पिता बृजेश ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों मां-बेटे को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया। लगातार कुत्तों के बढ़ते हुए आतंक से नगर में दहशत का माहौल है। आवारा कुत्ते सड़कों पर जगह-जगह घूमते दिखाई दे रहे है। रात व दोपहर के समय निकालना मुश्किल हो गया है।





नागरिकों का कहना है कि आवारा कुत्ते किसी भी मौहल्ले में किसी को भी काट लेते है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से कुत्ते पकड़वाए जाने की मांग की। डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि कुत्ते काटने वालों के लिए वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में है। नागरिकों से सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पकड़े जा रहे कुत्तों को उनकी नसबंदी करा कर जिस स्थान से पकड़ा जा रहा है। उस स्थान पर छोड़ दिया जाता है। उक्त घटना के मामले को गंभीरता से लेकर मौहल्ले में अभियान चला कर कुत्तों को पकड़वाया जाएगा तथा उनकी नसबंदी करा दी जाएगी।

# जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का व्यापारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का बीती रात नगर के मौहल्ला दरोदग्रान में नवाब नजीबुद्दौला मार्केट शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा के निवास पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने सभी व्यापारियों से संगठन से जुड़े रहकर अपनी एकता बनाएं रखने तथा पूरी ईमानदारी से अपने व्यापार को करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, कोटद्वार रोड शाखा के अध्यक्ष मौहम्मद असलम, नगर सचिव, धीरज झा, मोनू टाटा, हर्षित सर्राफ, सलीम खान, गुड्डू, शमीम मुन्नी, शब्बू, वकार, सेठी, कासिम खान, मौहम्मद अयाज, जुबैर अहमद, मौहम्मद कासिम, अब्दुल रहमान, जहीर हसन आदि मौजूद रहे।

# वालिया ग्लोबल के छात्रों ने नेपाल में लहराया परचम

**नजीबाबाद।** भारतीय युवा खेल शिक्षा महासंघ की ओर से इन्डो नेपाल यूथ गेम्स चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन रंगशाला स्टेडियम पोखरा नेपाल में किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी की ओर से आदित्य शर्मा ने कक्षा नौ अन्डर चौदह बैडमिन्टन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी कैटेगिरी में कक्षा नौ के छात्र आरव मलिक ने युगल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि हर्ष कौशिक कक्षा आठ के छात्र ने अन्डर सत्रह में रजत पदक प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच व प्रबंधक रमाकांत वालिया ने विजेता बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं एवं प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक विनीत राणा, साकेत शर्मा, मोहित कर्णवाल उपस्थित रहे।




# चोरी के बैटरे के साथ दबोचा

**बढ़ापुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि कस्बे के मौहल्ला नौमी निवासी असलम ने पुलिस में दर्ज कराए केस में ग्राम रसूलपुर मुजफ्फरनगर निवासी जीशान पर उसके ट्रैक्टर से बैटरा व लोहे की पट्टी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आज जीशान को गांव के चौराहे के समीप से चोरी गए बैटरे व लोहे की पट्टी के साथ पकड़कर उसका चालान किया हैं।

# एडिलेड में बराबरी के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया




**एडिलेड, वार्ता।** भारत के लिए कमर कसने का समय आ गया है। यह एडिलेड है, यह ऑस्ट्रेलिया है, और यह मेहमान टीम है जो पर्थ में मिली हार के बाद मुश्किल में है। सात विकेट गिरे, स्कोर पर मुश्किल से 136 रन, और पारी 30 ओवर से भी कम समय में समाप्त हो गई।

बहुत कम टीमें इस तरह क्रिकेट जीत पाती हैं। अब, चुनौती इस निराशा को भुलाकर कल एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे वनडे में मजबूत वापसी करने की है। पहले मैच में

- **पहले मैच में शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में**

शानदार जीत के बाद, सीरीज का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है, लेकिन यह पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है। कप्तान मिचेल मार्श ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जबकि जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की तेज गेंदबाज जोड़ी ने शुरुआत में ही ऐसी बढ़त बना ली जिससे भारत कभी उबर नहीं पाया।

मेहमानों के लिए, समीकरण सरल है: शीर्ष क्रम – रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल – को सीरीज को जिंदा रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनका सामूहिक रूप भारत के लिए इस सतह पर वापसी की कुंजी है, जहां से दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में आने से पहले शुरुआती मूवमेंट मिलने की उम्मीद है। रोहित के साथ स्टार्क की नई गेंद की जंग शुरुआती आकर्षण का केंद्र होगी, क्योंकि बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज़ एडिलेड की स्विंग के अनुकूल हवा का फ़ायदा उठाने की को. शिश करेगा। लंबे ब्रेक के बाद कोहली की सफ़ेद गेंद वाले क्रिकेट में वापसी से रोमांच और बढ़ गया है, जबकि गिल का संयम पारी को स्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। एडिलेड ओवल में अपने पिछले सात वनडे मैचों में से पांच में जीत हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया के बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। उनका संतुलन, गहराई और घरेलू फ़ायदा उन्हें स्पष्ट बढ़त प्रदान करता है। हालांकि, भारत विविधता लाने के लिए स्पिनर कुलदीप यादव को उतार सकता है, जबकि मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नई गेंद की जोड़ी के रूप में बने रहेंगे। एडिलेड में पिछले पांच वनडे मैचों में से चार में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीत हासिल की है, इसलिए टॉस निर्णायक साबित हो सकता है। क्रिकेट के लिए परिस्थितियां आदर्श बनी हुई हैं – आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तापमान लगभग 15 डिग्री रहेगा और बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया को पसंदीदा माना जा रहा है। फिर भी, भारत के शीर्ष क्रम की मजबूत शुरुआत दूधिया रोशनी में होने वाले इस बेहद रोमांचक मुकाबले में गति बदल सकती है।

## एडिलेड वनडे से पहले गेंदबाजी संयोजन होगा भारत के लिए बड़ा सवाल

**एडिलेड, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेला गया पहला वनडे बारिश के कारण काफी प्रभावित हुआ था। कई बार मैच में व्यवधान पड़े थे और अंत में इसे 26 ओवर का करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली थी और भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ाती हुई नजर आई थी। एडिलेड में होने वाले दूसरे मैच में जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की कोशिश करेगा तो वहीं भारतीय टीम सीरीज में बने रहना चाहेगी। इस अहम मैच से पहले आइए जानते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट के बारे में।

संभावित प्लेइंग इलेवन नियमित खिलाड़ी एलेक्स केरी और ऐडम जम्पा की टीम में वापसी हो रही है। संभवत: ये जॉश फ़िलिपे और मैथ्यू कुनमन की जगह प्लेइंग इलेवन में ले सकते हैं। केरी शुरुआती मैच से शील्ड क्रिकेट की व्यस्तता के कारण बाहर थे और अब वह विकेटकीलपग संभालेंगे क्योंकि लिमिटेड ओवर्स की क्रिकेट में पहली पसंद विकेटकीपर जॉश इंगलिस अभी भी लपडली की चोट से उबर रहे हैं। जम्पा पिता बनने के कारण पहले मैच में उपलब्ध नहीं थे और अब वह कुनमन की जगह लेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया संभावित इलेविन:** 1 मिचेल मार्श (कप्तान), 2 ट्रैविस हेड, 3 मैथ्यू शॉर्ट, 4 एलेक्स केरी (विकेटकीपर), 5 मैथ्यू रेनशॉ, 6 कूपर कॉनली, 7 मिचेल ओवेन, 8 मिचेल स्टार्क, 9 नेथन एलिस, 10 जॉश हेजलवुड, 11 ऐडम जम्पा भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन गेंदबाजी संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं। बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव पर्थ में टीम से बाहर रहे थे। हालांकि अक्षर पटेल और वॉलशगटन सुंदर जिन्हें ऑलराउंड क्षमता के कारण प्राथमिकता दी गई थी दोनों ने अच्छी गेंदबाजी की और तीन में से दो विकेट हासिल किए। एडिलेड ओवल की छोटी बाउंड्री के कारण स्पिनरों के लिए चुनौती भरा माहौल रहता है, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन के लिए यह एक दिलचस्प फ़ैसला बन जाएगा। प्रसिद्ध कृष्णा की नई गेंद से स्विंग कराने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा पर बढ़त दिला सकती है, जो पर्थ में संघर्षरत दिखे थे।

**भारत (संभावित इलेविन):** 1 शुभमन गिल (कप्तान), 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 श्रेयस अय्यर, 5 केएल राहुल (विकेटकीपर), 6 अक्षर पटेल, 7 वॉलशगटन सुंदर/कुलदीप यादव, 8 नीतीश कुमार रेड्डी, 9 हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, 10 अर्शदीप सिंह, 11 मोहम्मद सिराज

**पिच** और परिस्थितियां– मैच से पहले एडिलेड में बारिश हुई है और साका ग्राउंड स्टाफ ने विकेट को सुखाने के लिए यूवी लाइट्स का इस्तेमाल किया है। राहत की बात यह है कि गुरुवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है।

## एशियाई युवा खेल में भारत तीन पदक के साथ छठे पायदान पर

- **पाकिस्तान से हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया**

**बहरीन, वार्ता।** एशियाई युवा खेलों में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान को 81-26 से हराया। भारत एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में छठे पायदान पर मौजूद है। इससे पहले भारतीय कबड्डी टीम ने बांग्लादेश को 83-19, जबकि श्रीलंका को 89-16 से हराया था। इस स्पर्धा में भारत तीन जीत के साथ शीर्ष पायदान पर मौजूद है। पाकिस्तान के हुए मुकाबले में भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया। 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के एथलीट 119 महिलाएं और 103 पुरुष 21 खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उज्बेकिस्तान पांच स्वर्ण और एक रजत के साथ पहले पायदान पर है, जबकि इंडोनेशिया एक स्वर्ण और एक रजत के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान, फिलीपींस एक स्वर्ण के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इन खेलों में 15 वर्षीय खुशी ने महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पहला पदक जीता। महिलाओं की 52 किलोग्राम भारवर्ग के कुराश के फाइनल में कनिष्का बिधूड़ी ने उज्बेकिस्तान की मुबीनाबोनू करीमोवा को 3-0 से हराकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुषों के 83 किलोग्राम वर्ग में अरविंद ने ताजिकिस्तान के हिलोल पर 10-0 के अंतर से कांस्य पदक अपने नाम किया।

# महिला टीम का न्यूजीलैंड से निर्णायक मैच

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम कल डा. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के एक बेहद अहम मुक. ाबले में आमने-सामने होंगी, जिससे सेमीफाइनल में जगह पक्की हो सकती है। दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर हैं।

लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का -0-245 है। किसी भी टीम की जीत पूल स्टैंडिंग में नाटकीय बदलाव ला सकती है। भारतीय महिला टीम इस मुकाबले में उतार-चढ़ाव भरे सफर पर उतर रही है। श्रीलंका और पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने के बाद, उन्हें तीन मैचों में मामूली हार का सामना करना पड़ा, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ एक दिल तोड़ने वाला मुकाबला भी



- **दोनों टीमों के चार-चार अंक बराबर है, लेकिन भारत का नेट रन रेट 0-526 है, जबकि न्यूजीलैंड का 0-245 है**

शामिल है, जहां स्मृति मंधाना के 88 और हरमनप्रीत कौर के 70 रनों ने उन्हें लगभग जीत दिला दी थी। गेंदबाजी स्टार दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पांच पारियों में 19-69 की औसत से 13 विकेट लिए हैं और भारत को बीच के ओवरों में अहम सफलताएं दिलाई हैं। इस बीच, न्यूज़ीलैंड का प्रदर्शन लगातार अच्छा नहीं रहा है, उसने सिर्फ़ एक जीत दर्ज की है, दो हारे हैं और दो मैच बेनतीजा रहे हैं, जो बारिश के कारण बाधित रहे हैं। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है और 86.66 की औसत से 260 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार शतक भी शामिल है, जबकि ली ताहुहु ने 12.33 की औसत से नौ विकेट लेकर गेंदबाजी की अगुवाई की है। अगर न्यूज़ीलैंड को घरेलू मैदान पर भारत को चुनौती देनी है, तो जेस केर की गेंद और मैदान दोनों में निरंतरता अहम होगी। हाल के इतिहास में, भारत ने अपने पिछले पांच मुक. ाबलों में न्यूजीलैंड पर 3-2 की बढ़त हासिल की है, जो इस अहम मैच से पहले एक छोटी मनोवैज्ञानिक बढ़त है।

पिच से शुरुआत में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, और बाद में स्पिनरों के खेलने की संभावना है। दोपहर में बारिश हो सकती है, जिससे अनिश्चितता का माहौल बन सकता है जो खेल को नाटकीय रूप से प्रभावित कर सकता है। टॉस निर्णायक होने की संभावना है, क्योंकि टीमें इन परिस्थितियों में पहले गेंदबाजी करना पसंद करती हैं। भारत के लिए जीत न केवल वांछनीय है, बल्कि अनिवार्य भी है। सेमीफाइनल की उम्मीदें अधर में लटकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आचार संहिता के उल्लंघन पर मदारा को लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका की मल्की मदारा को बांग्लादेश के खिलाफ महिला क्रिकेट विश्व कप लीग मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। आईसीसी ने मदारा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए 'आक्रामक प्रतिक्रिया' आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया। इसके लिए मदारा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह घटना सोमवार को नवी मुंबई में बांग्लादेश की पारी के 11वें ओवर में हुई, जब मदारा ने फरगाना होक को आउट करने के बाद बल्लेबाज के बहुत करीब आकर जश्न मनाया, जिससे बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़क सकती थी।

## विक्टोरिया म्बोको पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**टोक्यो, वार्ता।** कनाडाई किशोरी विक्टोरिया म्बोको ने बुधवार को जर्मनी की क्वालीफायर ईवा लिस को हराकर पैन पैसिफिक ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अंतिम आठ में उनका सामना हमवतन लेयला फर्नांडीज या पूर्व लवबलडन चैंपियन एलेना रिबा. कना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यहां खेले गए मुकाबले में म्बोको ने जर्मन क्वालीफायर को 55 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हरा दिया। इस वर्ष के फ्रेंच ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच मुक. ाबला हुआ था जहां म्बोको ने भी जीत हासिल की थी। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि मुझे लगता है कि आज का दिन काफी अच्छा रहा और मैच से पहले, मुझे पता था कि ईवा एक बहुत ही कड़ी प्रतिद्वंद्वी होने वाली है। वह पिछले कुछ हफ्तों से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# विंडीज ने रोमांचक सुपर ओवर जीतकर सीरीज बराबर की




**ढाका, वार्ता।** रिशाद हुसैन का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया, क्योंकि वेस्टइंडीज ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा वनडे सुपर ओवर में जीतकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

शाई होप की 67 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी अहम साबित हुई और वेस्टइंडीज ने स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन अकील हुसैन ने सुपर ओवर में 11 रनों का बचाव करते हुए धैर्य बनाए रखा। जीत के लिए 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पहले ही ओवर में ब्रैंडन किंग को शून्य पर गंवा दिया। हालांकि, एलिक अथानाज़े और कीसी कार्टी के बीच धीमी लेकिन स्थिर अर्धशतकीय साझेदारी ने वेस्टइंडीज की पारी को संभाल लिया।

रिशाद ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर दिया और बीच के ओवरों में टीम का स्कोर 34वें ओवर तक 7 विकेट पर 133 रन हो गया। हालांकि, होप ने जस्टिन ग्रीव्स और होसेन के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के साथ क्रमश: 44 रनों की साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज मैच के रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा था। आखिरी दो गेंदों पर तीन रनों की जरूरत थी, लेकिन सैफ हसन ने होसेन को बोल्ड कर दिया, जिससे खैरी पियरे ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। 11वें नंबर के बल्लेबाज की गेंद पर ऊपरी किनारा लगा और विकेटकीपर, जो गेंद को कवर कर रहा था, ने उसे गिरा दिया, जबकि वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दो रन लेकर स्कोर बराबर कर दिया।

सुपर ओवर में प्रवेश करते हुए, शेरफेन रदरफोर्ड ने मुस्तफिजुर रहमान की एक धीमी गेंद को कवर फील्डर के हाथों में मारा। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर का अच्छा इस्तेमाल किया, इसलिए बल्लेबाजों पर गेंद को गति देने की जिम्मेदारी थी।

# फ्रेंच ओपन: लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में ही बाहर

- **लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए है**

**सेसन-सेविग्ने, वार्ता।** भारत के लक्ष्य सेन को फ्रेंच ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वह मंगलवार को सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में आयरलैंड के नहत गुयेन से सीधे गेम में हार गए। ओलंपिक्सडॉटकॉम वेबसाइट के अनुसार, सेसन-सेविग्ने के ग्लेज एरिना में विश्व के 29वें नंबर के आयरिश शटलर के खिलाफ बैडमिंटन रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को 43 मिनट में 21-7, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। गुयेन ने आक्रामक शुरुआत की और लगातार चार अंक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली। सेन मध्यांतर तक 11-6 से पीछे थे, लेकिन केवल एक अंक ही जोड़ पाए और आयरिश खिलाड़ी ने पहला




गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह आगे बढ़ा।

गुयेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सेन ने वापसी करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, गुयेन ने फिर से चार अंकों की बढ़त बना ली और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे हाफ में भी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन गुयेन की शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। दोनों बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच यह चौथी भिड़ंत थी और गुयेन की सेन पर पहली जीत थी। वेबसाइट के अनुसार, इस नतीजे के साथ ही सेन की बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर 2025 सीजन में 17 स्पर्धाओं में से 11वीं बार पहले दौर में हार हुई। हालांकि, लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और हाल ही में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल तक उनके सफर में गुयेन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन पर जीत शामिल थी। इस बीच, भारत की मिश्रित युगल जोड़ी, रोहन कपूर और रुथविका गाडे ने मिश्रित युगल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव और येवहेनिया कांतेमिर को 21-12, 21-19 से हराया।

यह भारतीय जोड़ी गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की छठे नंबर की फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्वेल-डेल्फिन डेलरू से भिड़ेगी। इस बीच, शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-जो पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स दोनों में फाइनलिस्ट रहे थे-बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे और पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन के छठे सेमीफाइनल में हार के बाद इस सीजन का अपना पहला खिताब हासिल करने के इरादे से उतरेंगे।

## इस्मत को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान के खिलाड़ी इस्मत आलम को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस्मत को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद फेंकने' से संबंधित है। 24 महीने में उनका पहला अपराध देखते हुए उन्हें फटकार लगाई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह घटना मंगलवार को जिम्बाब्वे की पहली पारी के 90वें ओवर में उस समय हुई, जब इस्मत ने अपने फॉलो थ्रू पर गेंद को फील्ड किया।

# हरभजन सिंह, पोलार्ड पीयूष चावला अबू धाबी टी-10 में खेलेंगे

- **इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी**

**अबू धाबी, वार्ता।** क्रिकेट का सबसे तेज फॉर्मेट अबू धाबी टी-10 के 9वें संस्करण में हरभजन सिंह, आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, शिमरोन हेटमायर, पीयूष चावला और फाफ डू प्लेसिस जैसे दिग्गज क्रिकेटर नई टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे।

जायेद क्रिकेट स्टेडियम में 18 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। अजमान टाइटन्स ने इस सीजन में भारत के विश्व कप विजेता टीम के स्पिनर रहे पीयूष चावला को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने मोईन अली, रिली रोसो और एलेक्स हेल्स को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को भी मजबूत किया है। शीर्ष क्रम में अनुभव और ताकत दोनों बढ़ी है। मोईन अली से टाइटन्स के लिए न केवल एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में, बल्कि स्पिन विभाग में एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी अबू धाबी टी-10 के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। हरभजन की स्पिन, सैम बिलिंग्स की चतुर बल्लेबाजी है।

# बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में बड़ी जीत दर्ज की



- **लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई**

**मैड्रिड, वार्ता।** फर्मिन लोपेज की हैट्रिक से एफसी बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर ओलंपियाकोस को 6-1 से हराकर इस सीजन की अपनी दूसरी चैंपियंस लीग जीत दर्ज की। वहीं आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक लगाकर बार्सिलोना को ओलंपियाकोस के खिलाफ 6-1 से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। स्पेन के विंगर ने मेजबान टीम को हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन अयूब एल काबी ने ओलंपियाकोस के लिए पेनल्टी के जरिए जवाबी गोल दागा। फर्मिन लोपेज ने अपना तीसरा गोल 76वें मिनट में किया। लामिन यामल (68वें मिनट) और मार्कस रैशफोर्ड के दो गोलों से बार्सिलोना ने ओलंपियाकोस को 6-1 से हराया। एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया। आर्सेनल के लिए विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। दोनों टीमों के बीच पहले हॉफ में कड़ा संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों टीमों के पास गोल के कई अवसर मिले लेकिन वे इसे भुनाने में विफल रहे। हॉफ टाइम के बाद सेंटर-बैक गेब्रियल मैगलहेस ने 57वें मिनट में डेक्लन राइस के सटीक फ्री-किक पर हेडर से गोल कर टीम का खाता खोला। आर्सेनल ने 14 मिनट में चार गोल किए।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान और पारी और 73 रनों से हराया

**हरारे, वार्ता।** रिचर्ड एन्गारावा (पांच विकेट) और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को अफगानिस्तान को पारी और 73 रनों से करारी शिकस्त दी। अफगानिस्तान ने कल के दूसरी पारी में एक विकेट पर 34 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में रहमानउल्लाह गुरबाज (नौ) के रूप में अफगानिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें टनका चिवंगा ने आउट किया। इसके बाद 18वें ओवर में रिचर्ड एन्गवारा ने इब्राहिम जदरान (42) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी सात रन चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। बाहिर शाह और अफसर जजाई ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 49 रन जोड़े। 30वें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने बाहिर शाह 32 रन को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया।

# श्रद्धा व पारंपरिक रूप से मनाया गया अन्नकूट एवं गोवर्धन पर्व



अन्नकूट पर्व पर गोटेश्वर महादेव मंदिर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।



बेहट रोड स्थित श्री बालाजी धाम में अन्नकूट पर्व मनाते हुए।



बाबा अमरनाथ मंदिर में बच्चों को प्रसाद ग्रहण कराते आयोजक।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना का क्रम आरंभ हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर अन्नकूट का भोग लगाया और गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा का पूजन कर परिक्रमा की।

नगर का ऐतिहासिक मराठा कालीन सिद्धपीठ बाग शिवाला श्री गोटेश्वर महादेव मंदिर, जो पिछले 35 वर्षों से वीरान पड़ा था, अब पुनः अपने वास्तविक रूप और भव्यता को प्राप्त कर रहा है। पिछले पांच वर्षों से मंदिर के व्यवस्थापक आचार्य अमित जीवनकांत वत्स के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा तन, मन और धन से की जा रही सेवा ने मंदिर को नई आभा और जीवन प्रदान किया है। आचार्य अमित जीवनकांत वत्स की देखरेख में मंदिर में प्रत्येक पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली पर इस वर्ष भी भक्तों ने 501 दीप जलाकर मंदिर परिसर को प्रकाशमय किया और एक-दूसरे को मिठाई का प्रसाद खिलाकर शुभकामनाएं दीं। आज मंदिर में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष यजमान अमित जैन सर्राफ जी ने विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना की और आचार्य अमित जीवनकांत वत्स जी एवं पंडित पंकज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

भक्तों ने बताया कि आचार्य अमित वत्स की अगुवाई में मंदिर का पुनरुद्धार कार्य और नियमित धार्मिक आयोजन हिंदू समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। पूजा के उपरांत विशाल प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंदिर के कोषाध्यक्ष नवीन वर्मा, उपाध्यक्ष संदीप सैनी, संदीप वर्मा, डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, उद्योगपति विवेक गुप्ता, विनय सिंघल, दिनेश शर्मा, नीरज शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज मोगा, प्रदीप शर्मा, कौशलेंद्र स्वामी, कौशलेंद्र शर्मा, रामदीप बंसल, मुकेश तलवार, अजय वत्स, जोली प्रजापति, रजत गोयल, विनय राणा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आज बेहट रोड स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में अन्नकूट पर्व श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में आचार्य शुभम कौशिक, प. आशीष मिश्रा, प. खेमराज मिश्रा ने विधिवत मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन कराया। इस अवसर पर बनाये गए श्री गोवेर्धन महाराज के सुंदर स्वरूप की दूध की धार चढ़ाकर और भोग लगाकर पूजा की गई। इस अवसर पर अतुल जोशी महाराज ने कहा कि गोवेर्धन पर्व प्रकृति और गऊ माता की आराधना का पर्व है आज के दिन गोवर्धन महाराज की परिक्रमा और दर्शन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पार्षद वीरसेन, अजय सूरी, अखिल, अजय सूरी, दीपक सहगल, रमन सेठ, सचिन गोयल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

आज शास्त्री नगर स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष डा अशोक कुमार गुप्ता के निर्देशन मे भारतीय संचार निगम से सेवानिवृत दीपक कपूर के सौजन्य से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन बड़ी धूम धाम पूर्वक विधि विधान के साथ करीब 300 लोगों को भोजन स्वरूप प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ । प्रारंभ मंदिर पुजारी अनुज द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर परिसर स्थित समस्त देवी देवताओं को प्रसाद का भोग लगाकर किया गया। तत्पश्चात 21 कन्याओं को प्रसाद का भोग वितरण के साथ प्रत्येक को 50_50 रुपए की राशि दीपक कपूर के द्वारा दक्षिणा स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। उसके बाद समस्त उपस्थित करीब 350 महिला पुरुष अतिथियों को पुनीत कुमार, वंश शर्मा, पीयूष, तुषार, आदि ने अन्नकूट प्रसाद का वितरण सिलसिलेवार भोजन प्रदान करवा कर किया ।इस अवसर पर समिति सचिव विजय खुराना , कोषाध्यक्ष विजय शंकर, सदस्य गण सतीश प्रजापति, विजयपाल सिंह, वेदप्रकाश तायल, अनुज पुंडीर, प्रोफेसर संदीप गुप्ता, आदि की उपस्थिति ने व्यवस्था बना कर कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण एवं उचित सहयोग प्रदान किया।

सिद्धपीठ प्राचीन श्रीबाला जी हनुमान मंदिर में अन्नकूट व गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगीतमय श्रीहनुमान चालीसा पाठ को विश्राम दिया गया साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। मौहल्ला चौंताला स्थित मंदिर में आज श्री बाला. जी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार के तत्वावधान में स्व. पं. वासुदेव शर्मा निर्मोही के आर्षीवाद स्वरूप प्रातः श्रीबाला जी महाराज को मंदिर अधिष्ठाता पंडित संजय सुरेन्द्र मोहन शर्मा संजू ने चोला अर्पण किया। इस अवसर पर पंडित सुरेन्द्र महोन शर्मा ने पर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देव के प्रकोप से बृजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था। इसी उपलक्ष में इस दिन गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाता है। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे मंदिरों में पहुंचे और श्रद्धा से गोवर्धन की परिक्रमा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रीबाला जी महाराज की पूजा-अर्चना कर आाशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर मेयर डा. अजय सिंह ने मंदिर पहुंच कर श्रीबालाजी महाराज का अशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में मुकेश चौरसिया, विनय जिंदल, पवन गोयल, सतीश सिंघल, विटूट गोयल, संजीव मित्तल, रामपाल पुंडीर, प्रमोद वर्मा, सुभाष अग्रवाल, राकेश महोन शर्मा, सुरेन्द्र महोन शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा का विषेश योगदान रहा। नगर के प्रसिद्ध सुभाष नगर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जहां सुबह से ही भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से बृजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था, इस परंपरा को जीवंत रखते हुए मंदिर में भक्तों ने गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक प्रतिमा बनाई और उसकी पंडित काशीराम ने विधि-विधान से पूजा की। भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग और अन्न कूट का प्रसाद चढ़ाया तथा श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। शालिनी व मालती के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरा मंदिर परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने गोवर्धन महाराज की पूजा कर सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। बड़ी संख्या में मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे और भक्तों ने बड़े उत्साह और भाव से हिस्सा लिया। नगर के सुभाष नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, श्रीबांके बिहारी मंदिर, तथा दामोदर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर समृद्धि और वर्षा की प्रार्थना की।



अन्नकूट पर्व पर छुटमलपुर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



गंगोह के बड़ा शिवालय परिसर में अन्न कूट पर्व पर भोजन ग्रहण करते श्रद्धालु।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के बाजार वाला शिव मंदिर जी में अन्नकूट पर्व बड़े श्रद्धा भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बुधवार को सुबह के समय मंदिर कमेटी के पदाधिकारीयों ने मंदिर में एकत्रित होकर भगवान श्री कृष्ण व गोवर्धन की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कमेटी के पदाधिकारीयों ने भगवान श्री कृष्ण को फलों का भोग लगाया तथा प्रसाद के रूप में फल वितरित कर सभी के मंगल की कामना की। इस अवसर पर शिव कुमार सैनी, आशु सैनी, नीलकमल गुप्ता, बसन्त गुप्ता, मनोज सैनी, दीपक कश्यप, क्रिश गुप्ता, अनिल कश्यप, हुक्म सिंह सैनी, दीपक सैनी आदि उपस्थित रहे।वहीं चिलकाना नगर के मेन बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, बस स्टैंड के निकट शिव मंदिर में भी आरती व पूजा कर अन्नकूट का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पंडित श्यामनाथ शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, राजीव सिंघल, अनिरुद्ध शर्मा, पंकज, हरिकिशन गर्ग, हिमांशु गर्ग, रमेश कश्यप, पवन सेन, डॉक्टर महेश, अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अशोक छाबड़ा एवं यशपाल रोहिला आदि लोग उपस्थित रहे।

**बेहट।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। इस दौरान पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा। बुधवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना कर मनोकामनाएं मांगी।

श्रद्धालुओं ने जहां अपने घरों में पूजा अर्चना की वही मंदिरों में भी जाकर पूजा अर्चना कर उन्नति खुशहाली एवं विकास के लिए मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करते रहे । गोवर्धन पूजा पौराणिक कथा के अनुसार भगवान कृष्ण की लीला से जुड़ी है, जिन्होंने इंद्र देव के क्रोध से ब्रजवासियों और पशुओं की रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाया था. इंद्र देव ने भारी बारिश कर ब्रज को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन कृष्ण ने पर्वत को उठाकर सबकी रक्षा की. अंत में इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने क्षमा मांगी. तभी से हर साल दिवाली के एक दिन बाद गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है।

**छुटमलपुर।** वैदिक शिव सत्संग मंदिर में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक हवन पूजा में भाग लिया तथा अपने घरों के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर उसकी पूजा अर्चना की गई। शिव मंदिर में आयोजित हवन में पंडित आशीष आचार्य के सानिध्य में यजमान विवेक गोयल सपत्नीक रहे स कोषाध्यक्ष सुशील कंबोज, प्रमोद शर्मा, समिति अध्यक्ष मनोज बंसल, सचिव डॉ देवराज डॉ देवेंद्र सैनी, प्रवीण बंसल, राजेश शर्मा, जितेंद्र त्यागी, प्रदीप चौधरी, सुभाष सैनी सहित सैकड़ों ऋद्धालुओं ने आहुतियां डालकर सुख समृद्धि की कामना की।इस दौरान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। भगवान श्री कृष्ण की आरती कर अन्नकूट का 56 भोग लगाया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया। राजेश्व. री त्यागी, नीलम देवी, लीलावती, स्वाति वर्मा मौजूद रहे।

**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में अन्न कूट पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। विभिन्न मंदिरों में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोवर्धन पूजा का पर्व भी बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया।

बुधवार को जगह-जगह अन्न कूट पर्व मनाया गया। अस्थल मंदिर, पीठ बाजार काली मंदिर, सनातन धर्म सभा, राम बाग स्वर्गाश्रम, कानूनगोयान, मोहल्ला सराय, जवाहर गंज स्थित बड़ा शिवालाय आदि स्थानों पर दोपहर पूर्व ही भगवान को प्रसाद लगा दिया गया था। इसके बाद जगह-जगह हजारों लोगों ने कढ़ी-चावल का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर में भी विशेष रूप से गोपालकों ने इस पर्व को मनाया। गुरुवार को भैय्यादूज है। भाईयों का अपनी बहनों के यहां जाने का सिलसिला शुरु हो गया है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को परिवहन विभाग झेल नहीं पा रहा है। इस लिए यात्री परेशान दिखे। डग्गामार वाहनों ने मौके का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

## दीपावली पर भी रहा धरना जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसान संघर्ष समिति के बैनर तले क्षेत्रीय किसानों का धरना दीपावली पर भी लगातार जारी रहा।

ज्ञात हो कि पिछले पच्चीस दिनों से किसान बकाया गन्ना भुगतान को लेकर शाकुंभरी शुगर मिल टोडरपुर गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। इस सम्बन्ध में किसानों की एडीएम व डीएम से कई बार मुलाकात भी हो चुकी है, साथ ही साथ स्थानीय विधायक भी मौके पर पहुंचे, लेकिन किसानों की समस्या का कोई समाधान अब तक नहीं हो सका है। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर भी किसानों के घरों में मायूसी छाई रही। बहनें भैया दूज पर अपने भाइयों का इंतजार कर रही हैं, लेकिन किसानों के पास यात्रा करने तक के साधन नहीं हैं। देश भर में दीप जलायें जा रहे हैं, लेकिन किसानों के दिलों में अंधेरा छाया हुआ है। किसानों का कहना है कि जब तक उनका 30.70 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

वहीं किसान संघर्ष समिति ने 25 अक्टूबर को भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान भी किया है। किसान नेताओं ने साफ कहा है कि अगर सरकार और मिल प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और मिल मालिक की होगी।

## घर में सो रहे पिता पुत्र को जहरीले नाग ने डसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र के एक गाँव में घर में सो रहे पिता पुत्र को जहरीले नाग ने डस लिया।जिसमें पिता की मौत हो गई और पुत्र को गम्भीर अवस्था में निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहाँ उसका उपचार चल रहा है।घटना से गाँव में शोक व्याप्त है।

क्षेत्र के गाँव चकवाली में एक मस्जिद में इमामत कराने वाले हाफिज ताहिर अपने पुत्र मुदस्सिर व अन्य परिजनों के साथ अपने घर में सो रहे थे।देर रात किसी समय एक जहरीले नाग ने हाफिज ताहिर व लगभग 14 वर्षीय मुदस्सिर को डस लिया।जिस समय नाग ने पिता पुत्र को डसा तो उन्हें इसका पता भी नहीं चला। सुबह जब हाफिज ताहिर फज्र की नमाज अदा कराने गए तो उन्होंने चक्कर आने की बात लोगों को बताई।जिसके बाद ग्रामीणों ने ध्यान दिया।लेकिन कुछ देर बाद ही हाफिज ताहिर का इंतकाल हो गया जबकि मुदस्सिर की हालत खराब होती चली गई।गम्भीर अवस्था में मुदस्सिर को सहारनपुर स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया जहाँ पर उसका उपचार चल रहा है।वहीं हाफिज ताहिर को सुपुर्दे खाक किया गया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नकुल चौधरी ने कहा कि घटना बहुत दुखदाई है।ग्राम पंचायत स्तर और शासन के माध्यम से पीड़ित परिवार की यथासंभव आर्थिक सहायता कराई जाएगी।

## कांग्रेस में ही महिलाओं का सम्मानः श्वेता



**नानौता।** महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि कॉग्रेस में महिलाओं को भरपूर सम्मान दिया जाता है और उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाता है।

ब्लॉक नानोता के ग्राम आभा में श्रीमती अमीर जहाँ के निवास पर आयोजित पार्टी के सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पहुँची महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी का महिला कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं का पूरा सम्मान किया जाता है और कांग्रेस महिलाओं बेटियों को उनका अधिकार ही नहीं देती बल्कि उनके विकास के लिए योजनाएं लागू करती है।उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद महिलाओं के लिए सर्वाधिक कार्य कॉग्रेस सरकार में किया गया है जिसका लाभ आज भी महिलाओं को मिल रहा है।श्वेता सैनी ने कहा महिलाओं को कॉग्रेस के साथ जुड़ना होगा और आगामी चुनाव में कॉग्रेस की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभानी होगी। महिलाओं ने कॉग्रेस जिलाध्यक्ष से गाँव में बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए इंटर तक कॉलेज बनवाने व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की माँग की।जिस पर श्वेता ने उन्हें शीघ्र ही एसडीएम रामपुर से वार्ता कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान डॉ शालू भूर्यान,निशात,फौजिया, अजरा, नुसरत,सबिया,नजमा, सानिया, शाहनवाज मौजूद रहे।

## गंदी राजनीति के चलते की गई शिकायतः मुस्तफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना एवं पूर्व डीजीपी पंजाब मुहम्मद मुस्तफा ने कहा है कि उनके इकलौते बेटे आकिल अख्तर की गुरुवार को अचानक मौत पर उनके परिवार के खिलाफ गंदी राजनीति का खेल खेला जा रहा है, जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा ने बयान जारी कर कहा है कि कानून और पुलिस नियमों के मुताबिक अगर पुलिस को किसी मामले में लिखित शिकायत मिलती है, तो उस शिकायत पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस का कर्तव्य बनता है। पंचकुला पुलिस ने इसी कर्तव्य का पालन किया है जिसका वह स्वागत करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एफआईआर दर्ज होने का मतलब यह नहीं है, कि कोई भी व्यक्ति दोषी साबित हो गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद असली कार्रवाई शुरू होगी और कुछ ही दिनों में दूध का दूध-पानी का पानी लोगों के सामने होगा। उन्होंने मालेरकोटला निवासियों और पंजाब भर में अपने चाहने वालों और हमदर्दों से अपील की है कि उन्हें एफआईआर दर्ज होने के बारे में बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह सच है कि जवान बेटे की मौत से हम पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम गंदी राजनीति और तुच्छ विचारों वाले लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते। कानून का शिकंजा अब किस तरफ जायेगा, यह भी जल्द ही लोगों के सामने आ जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवाने वाले लोगों को भी कानून का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने मालेरकोटला हाउस के चाहने वालों और दूसरी पार्टियों मे अच्छी सोच रखने वाले लोगों से मरहूम आकिल अख्तर की मगफिरत के लिए शनिवार 25 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे उनके मलेरकोटला हाउस मे आयोजित होने वाली ष्इज्जतमई दुआष मे शामिल होने की पुरजोर गुजारिश की है।

## पटाखा छोड़ने वाली बुलेट सीज, एक आरोपी गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने बुलट बाईक के साइलेंसर से पटाखा छोडकर उत्पात मचाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बुलेट बाईक को सीज किया है, वहीं दूसरे फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

बुधवार। थाना प्रभारी विनोद कुमार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक एसआई अंकित कुमार हमराह पुलिस बल के साथ गस्त करते हुए जैसे ही ग्राम नयाबांस उर्फ पटना पहुंचे तो गांव के लोगो द्वारा सूचना दी गई कि बुलेट बाईक पर सवार दो लोग गांव की गलियो मे बाईक को खतरनाक तरीके से चलाते हुए पटाखे छोडते हुए ध्वनि प्रदूषण कर गलियो में घूम रहे हैं, जिससे कि जन सामान्य में अफरा तफरी का माहौल तथा खतरे का माहौल बना हुआ है।

उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा इन लोगो को पकडने का प्रयास किया गया तो एक आरोपी बाईक छोडकर फरार हो गया। वहीं दूसरा आरोपी कैफ पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी ग्राम नयाबांस उर्फ पटना थाना चिलकाना को चिलकाना पटनी रोड रविदास मन्दिर के निकट से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तरी टीम में एसआई अंकित कुमार, हैड कांस्टेबल जाबिर अली व सचिन खोखर शामिल रहे।

## दो बाइक आपस में भिड़ी, पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड रोड बाईपास पर शाम सात बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हादसे में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांच युवक घायल हो गये।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी चौकी प्रभारी विकास चारण,उपनिरीक्षक रणवीर सिंह शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस में डालकर इलाज के लिए नकुड सीएचसी भेजा।

चौकी प्रभारी विकास चारण ने बताया कि दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हुई है हादसे में गांव रणदेवा के रहने वाले मोसिन,आरिश, मुस्तफा,साकिब और अबेहटी निवासी बादल पुत्र बिरम सहित पांच युवक घायल हो गए है। दोनों बाइकों को कब्जे लिया है।



घटना में घायल दो युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों के परिजन घटनास्थल में पहुंच गए थे।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

# दिल्ली की आबो-हवा

दिवाली के तीसरे दिन भी दिल्ली की आबो हवा जहरीली बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट बताती है कि सुबह 7 बजे दिल्ली का एआईक्यू 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है। हालात यह हैं कि दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल रेड जॉन में है, जिसका मतलब है कि यह एक गंभीर स्तर है। वैसे सबसे अधिक प्रदूषण की बात करें तो देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा में हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। सीपीसीबी के अनुसार दस शहर जो सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले माने गए हैं, उनमें 8 हरियाणा के हैं और एक राजस्थान का शहर है, दिल्ली दसवें नंबर पर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण पटाखों का अंधाधुंध प्रयोग बताया जा रहा है। यूं भी सुप्रीम कोर्ट ने इस बार 15 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे बेचने और फोड़ने की इजाजत दी थी, यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ थी। कोर्ट ने कहा था कि चार दिनों के दौरान लोग सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात में 8 बजे से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे छोड़ सकेंगे, लेकिन देखने में आया कि सुप्रीम कोर्ट की इस हिदायत को जमीनी स्तर पर अमल में नहीं लाया गया और लोगों ने दिल खोलकर सुबह से लेकर देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े। जिसके चलते मंगलवार सुबह दिल्ली में घनी धुंध छा गई और रात में भारी मात्रा में पटाखे छोड़े जाने के बाद एयर क्वालिटी रेड जॉन में चली गई, जैसाकि होता है दिल्ली में प्रदूषण को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई। दिल्ली की सरकार में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पंजाब सरकार को प्रदूषण बढ़ने का जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने पंजाब में पराली जलाने का वीडियो दिखाते हुए कहा है कि पंजाब की आप सरकार ने किसानों को खेतों में पराली जलाने के लिए मजबूर किया, जिससे दिल्ली की आबो हवा खराब हुई। यह बेहद शर्म की बात है कि हम प्रदूषण से निपटने के लिए एक दूसरे पर आरोप लगाने का काम करते हैं। जबकि इसकी रोकथाम के लिए जिस तरह की गंभीर पहल होनी चाहिए, उससे बहुत दूर चले जाते हैं। कमी कहीं भी हो, उसको दूर करने से ही हालात सुधरेंगे। प्रदूषण कोई किसी का निजी मामला नहीं है और यह सीधे लोगों के जीवन से जुड़ा है। जो हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करता है। सच यह भी है कि प्रदूषण को लेकर हम अन्य यूरोपीय देशों से अभी बहुत पीछे हैं। जिस तरह की गंभीरता व दूरदर्शिता प्रदूषण को लेकर होनी चाहिए, वह हमारे देश में अभी नहीं है। अन्य शहरों के बारे में तो क्या कहना और दूर-दराज के गांव देहात की बात क्या करनी, जब देश की राजधानी में रहने वाले लोग ही प्रदूषण को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देते, तो भलीभांति समझा जा सकता है कि अभी पर्यावरण का मामला हमारे लिए प्राथमिकता में नहीं है और यह तब है जब बार-बार सरकार की ओर से भी चेतावनी दी जाती है, सुप्रीम कोर्ट भी हिदायत देता है कि लोग पटाखे छोड़ते समय सतर्कता बरतें, लेकिन हम तमाम बातों की परवाह किए बिना अंधाधुंध पटाखे फोड़कर जहां आर्थिक रूप से अपने आपको हानि पहुंचाते हैं वहीं प्रदूषण को भी निमंत्रण देते हैं।

## विलासिता के पीछे भागने वाले



भ्रष्टाचार विरोधी संस्था लोकपाल कार्यालय का अब अपने सदस्यों के लिए बीएमडब्ल्यू कारें खरीदते देखना दुखद है, यह ईमानदारी के रखवाले कम, विलासिता के पीछे भागने वाले ज्यादा लगते हैं, मेरे पिता डा. एलएम सिंघवी ने 1960 के दशक में लोकपाल की अवधारणा प्रस्तुत की थी और वह खुद लोकपाल पर संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे हैं, 2019 में स्थापना के बाद से लोकपाल को 8,703 शिकायतें मिलीं, जिनमें से केवल 24 की जांच हुई और 6 मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई, ऐसी स्थिति में 70 लाख की बीएमडब्ल्यू कारें, यह भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था कम, पालतू जानवर ज्यादा लगता है।

**-अभिषेक सिंघवी, राष्ट्रीय प्रवक्ता, कांग्रेस**

# कांग्रेसः भारत की स्थायी विपक्षी शक्ति और संभावित पुनरुत्थान की राह



**वीरेश तरार**

भारतीय लोकतंत्र के विस्तृत इतिहास में यदि कोई दल ऐसा है जिसने इस देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहराई तक प्रभावित किया है, तो वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं रही, बल्कि यह भारत की आत्मा में बसी वह चेतना है जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण और आधुनिक भारत के ढांचे तक अपनी अमिट छाप छोड़ी है। स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका किसी संगठनात्मक उपलब्धि भर नहीं थी, बल्कि वह एक जनजागरण थी जिसने भारत के हर कोने के नागरिक को एक साझा राष्ट्रीय चेतना से जोड़ा। यही कारण है कि सत्ता में उतार-चढ़ाव के बावजूद कांग्रेस का विचार भारत की मिट्टी में जीवित है।

आज जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता के शिखर पर है और अपने को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहती है, तब भी यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस अब भी इस देश की स्थाई विपक्षी शक्ति है। भाजपा की राजनीतिक सफलता वर्तमान समय की परिस्थितियों की उपज है, परंतु कांग्रेस का अस्तित्व भारतीय समाज की गहराई में निहित है। यह सच है कि आज भाजपा के पास संसाधन, संगठन और सत्ता है, लेकिन उसकी वैचारिक स्थिरता उतनी मजबूत नहीं जितनी भारत के लो. कतांत्रिक चरित्र के अनुरूप आवश्यक है। भाजपा का आधार हिंदुत्व की राजनीति है, परंतु हिंदू धर्म का स्वरूप ही इतना विविध और बहुआयामी है कि उसे किसी एक राजनीतिक या धार्मिक धारा में सीमित नहीं किया जा सकता। देश में शिव, विष्णु, ब्रह्मा, काली, दुर्गा, हनुमान जैसे असंख्य देव रूपों की उपासना करने वाले मत-परंपराएं हैं। यह विविधता ही भारत की पहचान है और यही विविधता भाजपा की वैचारिक एकरूपता के रास्ते में स्वाभाविक चुनौती है।

कांग्रेस इस विविधता का राजनीतिक रूपांतरण है। यह विचारधारा किसी एक धर्म या समुदाय की नहीं, बल्कि भारतीयता की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस ने हमेशा सभी वर्गोंकृदलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, बुद्धिजीवियों, छात्रों और महिलाओंकृको साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। यही कारण है कि भाजपा की एकरूपी विचारधारा के मुकाबले कांग्रेस अब भी भारत की बहुलता और धर्मनिरपेक्षता का सजीव प्रतीक है।

भले ही वर्तमान में कांग्रेस सत्ता से दूर है, परंतु यह स्थिति उसकी विचारधारा की पराजय नहीं, बल्कि सांगठनिक कमजोरी का परिणाम है। कांग्रेस ने अपने सबसे सशक्त काल में संगठन की जड़ों को बहुत गहराई तक फैलाया था। एक समय था जब कांग्रेस सेवादल उसके प्राणों में बसता था, जब गांव-गांव में कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता के बीच उसके सिद्धांतों को जनभाषा में पहुंचाते थे। लेकिन समय के साथ संगठनात्मक शिथिलता, नेतृत्व संघर्ष और आत्मविश्वास की कमी ने उस सांगठनिक शक्ति को कमजोर कर दिया। यही वह बिंदु है जहां से कांग्रेस को अपने पुनर्निर्माण की शुरुआत करनी होगी।

कांग्रेस का वैचारिक आधार आज भी प्रासंगिक है, लेकिन उसे फिर से जनआंदोलन के रूप में जीवित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी की यात्राओं ने इस दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया है। भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास दिया और जनता के बीच राहुल गांधी को एक संवेदनशील, विचारशील और जमीनी नेता के रूप में स्थापित किया। यह यात्राएं कांग्रेस के पुनर्जागरण का आरंभ बन सकती हैं, यदि इन्हें सांगठनिक ढांचे में परिवर्तित किया जाए। कांग्रेस को अब केवल भाषणों या अभियानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपने पुराने सांगठनिक ढांचे को नए रूप में पुनर्स्थापित करना होगा, जिसमें सेवादल, महिला संगठन, छात्र इकाई और पेशेवर प्रकोष्ठों की निर्णायक भूमिका हो। भाजपा की आज की सफलता प्रतिक्रियात्मक राजनीति की देन है। उसने धर्म के नाम पर एकजुटता तो दिखाई, लेकिन यह एकजुटता स्थाई नहीं हो सकती। यह भय, विरोध और विभाजन पर आधारित एक अस्थाई गठजोड़ है। दूसरी ओर, कांग्रेस का आधार प्रेम, सहअस्तित्व और न्याय की भावना है, जो भारतीय संस्कृति के मूल में निहित है। इसलिए कांग्रेस को किसी विरोध के आधार पर नहीं, बल्कि विकल्प के रूप में स्वयं को स्थापित करना होगा। जनता आज भी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समान अवसर की राजनीति चाहती है। उसे धर्म और नफरत के बजाय स्थाई समाधान चाहिए। आज भारत का मतदाता विचलित है। भाजपा की कार्यशैली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से असंतोष व्याप्त है, लेकिन विकल्पहीनता के कारण वही मतदाता भाजपा को वोट देने पर मजबूर है। यह मजबूरी कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा अवसर है। जनता स्थिर सरकार चाहती है, लेकिन यह स्थिरता किसी एक विचारधारा की बंदिश नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साझी भागीदारी में खोजी जानी चाहिए। कांग्रेस यदि जनता को यह भरोसा दिला सके कि वह एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर पार्टी है, तो यही संदेश भाजपा की वर्तमान सत्ता को चुनौती देने के लिए पर्याप्त होगा। गठबंधन की राजनीति ने कांग्रेस को पहले भी नुकसान पहुंचाया है। जब-जब कांग्रेस ने किसी गठबंधन की बैसाखी ली, उसकी स्वतंत्र पहचान कमजोर हुई। आज समय है कि कांग्रेस यह स्पष्ट करे कि वह सत्ता के लिए समझौता नहीं, संगठन के बल पर संघर्ष चाहती है। उसे लोकसभा चुनाव में किसी दल के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग तो हो सकता है, लेकिन केंद्र की राजनीति में कांग्रेस को अपनी स्वतंत्र राह पर चलना ही होगा। यह राह कठिन जरूर है, पर स्थाई है। कांग्रेस के लिए आवश्यक है कि वह संगठन को फिर से निचले स्तर से बनाना शुरू करे। हर राज्य, हर जिला, हर विधानसभा और पंचायत तक कांग्रेस का सक्रिय ढांचा तैयार होना चाहिए। सेवादल को फिर से उसकी मूल भूमिका दी जाए। महिला कांग्रेस को निर्णायक स्थान मिले, युवाओं को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जाए। किसान, मजदूर, बुनकर, व्यापारी, उपभोक्ता और पेशेवर वर्गों के प्रकोष्ठ सक्रिय हों। डिजिटल और सामाजिक मीडिया के नए युग में कांग्रेस को गांव से लेकर शहर तक संवाद का एक सशक्त नेटवर्क बनाना होगा। कांग्रेस की विच. ारधारा भारतीय जनमानस से मेल खाती है। भारत का बहुमत न तो कट्टर है, न विभाजनकारी। भारतीय समाज मूलतः धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। यह वही समाज है जो राम में भी श्रद्धा रखता है और रहीम में भी प्रेम देखता है। कांग्रेस इसी विचार की प्रतिनिधि है, और यही उसकी स्थाई ताकत है।

कांग्रेस को अपने संगठन के साथ-साथ अपने आत्मविश्वास को भी पुनर्जीवित करना होगा। सत्ता से बाहर रहना उसकी हार नहीं, बल्कि आत्मसुधार का अवसर है। भाजपा आज सत्ता में है, लेकिन उसके भीतर वैचारिक असंतुलन है। भाजपा की राजनीति व्यक्ति और प्रचार पर टिकी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति विचार और संस्थाओं पर आधारित रही है। यही अंतर भविष्य का निर्णायक होगा। जनता को आज भी कांग्रेस से उम्मीद है। जो लोग भाजपा से निराश हैं, वे कांग्रेस से नया नेतृत्व देखना चाहते हैं, बशर्ते कांग्रेस स्वयं अपने पैरों पर खड़ी हो। राहुल गांधी की यात्राओं ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस की सोच अब एक बार फिर जनआधारित आंदोलन की ओर लौट रही है। यदि यही भावना संगठनात्मक रूप ले लेती है, तो कांग्रेस की वापसी अवश्यंभावी है। भारत के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में क्षेत्रीय दलों की स्थिति भी स्थाई नहीं है। वे अधिकतर पारिवारिक पार्टियां हैं, जो परिवारों के विघटन के साथ कमजोर पड़ती जाती हैं। उत्तर और दक्षिण, दोनों भारत में ऐसी कई पार्टियां हैं जो अपने परिवारवाद के बोझ से दबकर समाप्त हो चुकी हैं। कांग्रेस को उनसे अलग राह बनानी होगी राष्ट्र की, विचार की और समावेश की राह। भविष्य का भारत वैचारिक स्थिरता, सामाजिक न्याय और आर्थिक संतुलन की मांग करता है। यह वह क्षेत्र है जहां कांग्रेस की नीतियां हमेशा से प्रासंगिक रही हैं। आज जब बेरा. ेजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक विभाजन देश के सामने हैं, तब एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता है जो केवल शासन नहीं, संतुलन भी स्थापित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धरातल पर कैसे उतरे स्वदेशी आंदोलन



**विनीत नारायण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधनों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'हर घर स्वदेशी' की अपील के जरिए आम जनता से भारतीय वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक आत्मनिर्भरता, देशी उद्योगों व रोजगार बढ़ाना और भारत के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक मजबूत कदम उठाना है। इस अभियान के जरिए देशभर में युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 20,000 से अधिक 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान', 1,000 से ज्यादा मेले और 500 'संकल्प रथ' यात्राएं आयोजित करने का भाजपा का कार्यक्रम है। भाजपा और संघ के कार्यकर्ता इन दिनों इस 'स्वदेशी' अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने में जुटे हैं। अगले तीन महीने में वे लोगों को भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए स्वदेशी व स्वावलंबन के ऐतिहा. सिक अभियान को फिर से स्थापित किया जा सके।

इसी क्रम में पिछले दिनों एक दिवाली मेले के दौरान दक्षिण दिल्ली के महरौली और वसंत कुंज क्षेत्र के बीजेपी विधायक गजेंद्र यादव ने उपस्थित जन समुदाय से स्वदेशी को अपनाने की अपील की। विडंबना देखिए कि जिस मंच से यादव पूरी गंभीरता से यह अपील कर रहे थे उसी मंच के सामने, मेले के आयोजकों ने, चीन के बने खिलौनों की दुकानें सजा रखी थीं और विदेशी कारों के दो मॉडलों को इस मेले में बिक्री के लिए रखवाया हुआ था। आम जीवन में ऐसा विरोधाभास हर जगह देखने को मिलेगा। क्योंकि पिछले चार दशकों में शहरी भारतवासी अपने दैनिक जीवन में ढेरों विदेशी उत्पाद प्रयोग करने का आदि हो चुका है। फिर भी बीजेपी का हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता इस अभियान को उत्साह से चला रहा है। उनका ए प्रयास सही भी है क्योंकि दीपावली पर देश भर के हिंदुओं द्वारा भारी मात्र में खरीदारी की जाती है। पिछले दो दशकों से क्रमशः चीनी माल ने भारत के बाजारों को अपने उत्पादनों से पाट दिया है।

दीवाली पर लक्ष्मी पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी जी के विग्रह अब चीन से ही बन कर आते हैं। पटाखे और बिजली की लड़ियां भी अब चीन से ही आती हैं। इसी तरह राखियां, होली के रंग पिचकारी, जन्माष्टमी के लड्डू गोपाल व अन्य देवताओं के विग्रह भी वामपंथी चीन बना कर भेज रहा है, जो भगवान के अस्तित्व को ही नकारता हैं। ए कितनी शर्म और दुर्भाग्य की बात है। इससे हमारे कारीगरों और दुकानदारों के पेट पर गहरी लात पड़ती है। उधर अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लागू की गई बेहूदा आयात शुल्क दरों को देखकर भी हमें जागना होगा । हमें अपने उपभोग के तरीकों को बदलना होगा। इसलिए जहां तक संभव हो हम भारत में निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करें। किसी भी अभियान को प्रचारित करना आसान होता है, जोकि अखबारों और टीवी विज्ञापनों के जरिए किया जा सकता है। पर उस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि देश की जनता ने उसे किस सीमा तक आत्मसात किया। अब मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को ही ले लीजिए। जितना इस अभियान का शोर मचा और प्रचार हुआ उसका 5 फीसदी भी धरातल पर नहीं उतरा। भारत के किसी भी छोटे बड़े शहर, गांव या कस्बे में चले जाइए तो आपको गंदगी के अंबार पड़े दिखाई देंगे। इसलिए इस अभियान का निकट भविष्य में भी सफल होना संभव नहीं लगता। क्योंकि जमीनी चुनौतियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वदेशी अभियान की सफलता भी जन-जागरण, सतत् निगरानी और व्यवहार परिवर्तन पर निर्भर करती है। अगर आम नागरिक इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं तभी यह आंदोलन सफल होगा।

निसंदेह 'स्वच्छ भारत अभियान' मोदी जी की एक प्रशंसनीय पहल थी। पहली बार किसी प्रधान मंत्री ने हमारे चारों ओर दिनों-दिन जमा होते जा रहे कूड़े के ढेरों की बढ़ती समस्या के निस्तारण का एक देश व्यापी अभियान छेड़ा था। उस समय बहुत से नेताओं, फिल्मी सितारों, मशहूर खिलाड़ियों व उद्योगपतियों तक ने हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो खिंचवा कर इस अभियान का गणेश किया था। पर सोचें आज हम कहां खड़े हैं? शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सफाई व्यवस्था बनाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसायक्लिंग की जागरूकता में अपेक्षाकृत कमी दिखती है। कुछ जगहों पर शौचालयों के रख-रखाव, जल आपूर्ति और व्यवहार परिवर्तन को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए अभियान के उद्देश्य और जमीनी सच्चाई में अंतर बना हुआ है और अनेक स्थानों पर पुराने तरीकों का पालन अब भी हो रहा है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य शहर यदि कहीं भी एक औचक निरीक्षण किया जाए तो स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का पता चल जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कांग्रेस उप्र के पटल पर गौण भूमिका निभाने को अभिशप्त



**एम हसन**

1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार जारी है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोटबैंक के अभाव में, निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई रास्ता नजर नहीं आता। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए तैयार होने के लिए राज्य संगठन में व्यापक बदलाव की योजना है, लेकिन राज्य में स्वीकार्य चेहरों के अभाव में यह कार्य कठिन प्रतीत होता है। लखनऊ, 21 अक्टूबर पिछड़ी राजनीति के पुरोधा और लोहियावादी मुलायम सिंह यादव वास्तव में भविष्यवक्ता साबित हुए जब उन्होंने दिसंबर 1989 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद एक रहस्यमय टिप्पणी की।

भाजपा के बाहरी समर्थन से सत्ता में आए यादव ने तब कहा था, अब कांग्रेस उत्तर प्रदेश में कभी सत्ता में नहीं आएगी। उस समय जनता दल का नेतृत्व कर रहे मुलायम सिंह यादव ने कांग्रेस को हराकर सत्ता संभाली थी। नारायण दत्त तिवारी अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। अब 36 साल बाद भी, जब यूपी कांग्रेस खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रही है, यादव की बात अभी भी सच साबित हो रही है। पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय में राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है। कांग्रेस के पतन और जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों के तेजी से उदय के साथ यादव का सत्ता में आना पार्टी के लिए एक विकट स्थिति पैदा कर दी है।

तब से कांग्रेस न केवल यूपी की राजनीति में एक पतवारविहीन नाव बन गई है, बल्कि क्षेत्रीय दलों- मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और बसपा- के पीछे गौण भूमिका निभाने को मजबूर हो गई है। 1989 के विधानसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस का पतन लगातार होता रहा है, जब पार्टी हमेशा के लिए सत्ता से बेदखल हो गई थी। प्रतिबद्ध वोट बैंक के अभाव में निकट भविष्य में पार्टी के लिए कोई राह नहीं दिखती। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 2027 के लिए लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए राज्य संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन की योजना है कांग्रेस, जिसने 1985 में 39.25 प्रतिशत वोट के साथ 269 सीटें जीती थीं, 2022 में केवल दो सीटों के साथ 2.4 प्रतिशत वोट पर आ गई। 2009 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर, जब पार्टी की किस्मत अच्छी थी, उत्तर प्रदेश ने भी 18.3 प्रतिशत के साथ 21 सांसदों को वापस लाकर अनुकूल प्रतिक्रिया दी, जिसने वास्तव में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं को आश्चर्यचकित कर दिया था।

अपनी दिल खोलकर हंसने के लिए मशहूर एक केंद्रीय पार्टी पदाधिकारी को जब 2009 के चुनाव प्रचार के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की अच्छी संभावनाओं के बारे में बताया, तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर धीरे से चुटकी ली, दस सीटें भी हमारी इज्जत बचा लेंगी। चुनावी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2007 से अब तक हुए पिछले आठ चुनावों, विधानसभा और लोकसभा दोनों में कांग्रेस को 8.6 प्रतिशत (2007, 22 विधायक), 18.3 प्रतिशत (2009, 21 सांसद), 11.6 प्रतिशत (2012, 28 विधायक), 7.5 प्रतिशत (2014, दो



सांसद), 6.3 प्रतिशत (2017, 7 विधायक), 6.31 प्रतिशत (2019, एक सांसद), 2।4 प्रतिशत (2022, 2 विधायक) और 9.46 प्रतिशत (2024, छह सांसद) वोट मिले हैं। पार्टी द्वारा एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने का कदम, जिन्होंने लड़की हूं, लड़ सकती हूं का आकर्षक नारा दिया था, भी 2022 में पार्टी को उत्साहित करने में बुरी तरह विफल रहा। कांग्रेस के 403 उम्मीदवारों में से केवल दो ही जीत सके और उनमें से चार अपनी जमानत बचाने में सफल रहे। शेष 397 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, जो राज्य में पार्टी के भविष्य को दर्शाता है। प्रियंका गांधी के नारे के कारण कांग्रेस ने 159 (40 प्रतिशत) महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, लेकिन यह यूपी में पार्टी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। दो विजेता प्रतापगढ़ में आराधना मिश्रा मोना (रामपुर खान) और पूर्वी यूपी के महाराजगंज में वीरेंद्र चौधरी (फरेंदा) थे।

राज्य विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस राज्य में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। द्विध्रुवीय राजनीति के उदय के साथ, जो 2027 के विधानसभा चुनावों में भी जारी रहने की संभावना है, राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस राज्य में कांग्रेस की संभावनाएं बेहद धूमिल होती दिख रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, राज्य में लगातार दौरे कर रहे हैं और पिछले हफ्ते फतेहपुर में लिंचिंग के शिकार एक दलित परिवार से मिलने गए, जो निस्संदेह दलित समुदाय में खोई जमीन वापस पाने के प्रयासों का संकेत है।

पार्टी गुमनामी में जाने से पहले, उसने लंबे समय तक सत्ता में बने रहने के लिए ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम कार्ड भी खेला था, लेकिन वो इन समुदायों के कद्दावर नेताओं के दिन थे। यह समुदाय अब राजनीतिक रूप से बिखर चुके हैं। जहां समाजवादी पार्टी की मुसलमानों पर ऑक्टोपस जैसी पकड़ है, वहीं ब्राह्मण और दलितों का एक वर्ग भगवा ब्रिगेड में शामिल हो गया है। मायावती दलितों को वापस बसपा के पाले में लाने के प्रयास कर रही हैं। पिछड़े समुदाय इस समय मोटे तौर पर सपा और भाजपा के बीच बंटे हुए हैं। दरअसल, मुलायम सिंह यादव की पिछड़ी राजनीति कांग्रेस के लिए विनाशकारी साबित हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### युगांडा में भीषण सड़क हादसा: 63 लोगों की मौत

**कम्पाला।** युगांडा में बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना कम्पाला-गुलु हाईवे पर स्थित कितालेबा गांव के पास आधी रात सवा बारह बजे हुई। युगांडा पुलिस के मुताबिक, हादसे में दो बसें, एक ट्रक और कार की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कम्पाला से गुलु जा रही एक बस के चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की।

### नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट, 35 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के नाइजर प्रांत में पेट्रोल से भरे एक टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें से पेट्रोल निकालते समय हुये विस्फोट में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 46 अन्य लोग जख्मी हैं। संघीय सड़क सुरक्षा कोर के अधिकारी ऐशातु सादु ने मंगलवार देर रात संवाददाताओं को बताया कि कुछ लोग एस्सा गांव में पलटे हुए टैंकर से पेट्रोल निकालने का प्रयास कर रहे थे, तभी विस्फोट हो गया।

### हंगरी में पुतिन-ट्रम्प की मुलाकात स्थगित समय तय नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हंगरी में मंगलवार को होने वाली प्रस्तावित मुलाकात स्थगित कर दी गई है और इसकी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी और रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच 'रचनात्मक लेकिन अनिर्णायक' फोन पर हुई बातचीत के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में संभावित बैठक की तैयारियां स्थगित कर दी गई हैं।

### भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की आपत्ति

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत की विनिर्माण प्रोत्साहन नीति पर चीन की कुछ आपत्तियों को लेकर विवाद निपटान फोरम में 'परामर्श' की कार्रवाई शुरू की है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि चीन ने भारत में उन्नत रसायन सेल बैटरियों, वाहनों और वाहनों के कल-पुर्जों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रोत्साहन जैसे उपायों पर 'परामर्श' किए जाने की अपील की थी।

### वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए) 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है।

### लीमा में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** पेरू के राष्ट्रपति होसे हेरी ने बिगड़ते हालात से निपटने के लिए राजधानी लीमा और पड़ोसी कैलाओ क्षेत्र में 30 दिनों के आपातकाल की घोषणा की है। हेरी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि कैबिनेट ने आपातकालीन उपाय लागू करने की मंजूरी दे दी है। यह मंगलवार आधी रात से लागू हो गया है।



जम्मू। विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरित करते केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह।

## हमास सहयोग नहीं करेगा, तो उसका सफाया हो जाएगा: जेडी वेंस

**येरुशलम।** अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को कहा कि अगर हमास हथियार डालने से इनकार करता है तो उसे 'समाप्त' कर दिया जाएगा। वेंस ने गाज़ा के उत्तर में स्थित किर्यत गत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर हमास समूह सहयोग करे तो उसके लड़ाकों को बख्शा जा सकता है, लेकिन अगर सहयोग नहीं करता है तो उसका सफाया हो जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि विश्वास है कि हम ऐसी जगह पहुंचेंगे जहां यह शांति बनी रहेगी। उपराष्ट्रपति ने गाजा में युद्धविराम की प्रगति को उम्मीद से बेहतर बताया और तबाह हुए इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण में आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार किया।

# ट्रम्प ने मोदी को दी दिवाली की बधाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और दिवाली की बधाई दी। ट्रम्प ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दिवाली भी मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने कुछ ही समय पहले बात की कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो।

यह बहुत, बहुत अच्छी बात थी। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि दिवाली अंधकार पर प्रकाश की विजय का एक शाश्वत स्मरण है। यह अज्ञान पर ज्ञान की विजय है, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ट्रम्प ने कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां आने के लिए शुक्रिया! बहुत शुक्रिया! क्या शानदार संस्कृति है और क्या शानदार लोग हैं। उन्होंने भारतीयों को दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी और गंभीर लोगों का समूह बताया और कहा कि हम आपकी संस्कृति, आपकी भावना का जश्न मनाते हैं और हम अमेरिका और भारत के बीच मित्रता को और मज़बूत करते रहेंगे। सभी को बधाई और दिवाली की शुभकामनाएं। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि बहुत सारी चीजों के बारे में बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। ट्रम्प ने मोदी को कमाल का इंसान बताया और कहा कि समय के साथ मोदी उनके और भी गहरे दोस्त बन गए हैं।



**दिवाली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने भारतीय समुदाय के लोगों को भी बधाई दी**

### मोदी ने दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए ट्रम्प का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान उन्हें हार्दिक दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए बुधवार को उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, आपके फोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस त्योहार पर, हमारे दो महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इस आदान-प्रदान में भारत और अमेरिका के बीच मज़बूत साझेदारी, विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी प्रयासों में उनके सहयोग पर ज़ोर दिया गया। मोदी के संद. 'श ने आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्पण की पुष्टि की।

# सऊदी में कफाला प्रथा बंद

## सऊदी अरब आने वाले मजदूरों का पासपोर्ट जमा नहीं होगा, 1.3 करोड़ प्रवासी कामगारों को मिलेगा फायदा

**रियाद।** सऊदी अरब ने करीब 70 साल पुराना कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है। अब देश में आने वाले विदेशी मजदूरों के पासपोर्ट नियोक्ता जब्त नहीं कर सकेंगे। साथ ही, मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम भी लागू किए गए हैं। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था। कफाला सिस्टम के खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी मजदूरों को फायदा होगा। इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं। कफाला शब्द, कफील से बना है। कफील का मतलब होता है स्पॉन्सर या जिम्मेदार व्यक्ति। यानी वह व्यक्ति जो किसी विदेशी मजदूर के रहने और काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। 1950 के दशक में खाड़ी के देशों में तेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा था। तेल की मांग बहुत बढ़ रही थी, और इन देशों में स्थानीय लोगों की संख्या कम थी। इसलिए उन्हें बहुत सारे विदेशी मजदूरों की जरूरत थी। विदेशी मजदूरों के आने-जाने और काम करने को नियंत्रित करना भी जरूरी था। इसी लिए कफाला सिस्टम बनाया गया था। इसमें कफील को बहुत ज्यादा ताकत दे गई। सऊदी अरब ने कफाला सिस्टम खत्म कर दिया है लेकिन मिडिल में यूएई, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों में अभी भी यह सिस्टम मौजूद है। मिडिल ईस्ट देशों में कफाला सिस्टम को खत्म करने की मांग काफी समय से हो रही है। जब कोई मजदूर इन देशों में काम करने आता है, तो वह कफाला सिस्टम के तहत ही एंट्री करता है, और उसके ऊपर वहां के नियम और कानून लागू होते हैं। कफील तय करता है कि मजदूर क्या काम करेगा, कितने घंटे काम करेगा, उसकी सैलरी कितनी होगी और वह कहां रहेगा। कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते, देश नहीं छोड़ सकते थे, और अधिकारियों से सीधे शिकायत नहीं कर सकते थे। इस वजह से मजदूर अक्सर कफील के कंट्रोल में फंस जाते थे। मानवाधिकार संगठन और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) कफाला सिस्टम की दशकों से कड़ी आलोचना करते रहे थे और इसे 'आधुनिक गुलामी' कहते थे, क्योंकि इस व्यवस्था ने श्रमिकों के सबसे बुनियादी अधिकारों को छीन लिया था और जबरन श्रम तथा मानव तस्करी को बढ़ावा दिया था। कफाला सिस्टम की थीं 3 बड़ी दिक्कतें थीं, अगर मालिक उनके साथ बुरा व्यवहार करता था, कम वेतन देता था, या उनसे 18-18 घंटे काम कराता था, तब भी वे आसानी से नौकरी छोड़कर दूसरी जगह काम नहीं ढूंढ़ सकते थे। उन्हें नया काम शुरू करने के लिए अपने कफील की इजाजत लेना जरूरी होता था। अगर कोई मजदूर बिना इजाजत के नौकरी छोड़ता था, तो उसे 'अवैध निवासी' माना जाता था और उसे गिरफ्तार किया जा सकता था। मजदूर देश छोड़कर अपने घर भी नहीं जा सकते थे, यहां तक कि पारिवारिक आपातकाल में भी नहीं। उन्हें देश से बाहर जाने के लिए अपने नियोक्ता से एक्जिट वीजा मंजूर कराना होता था, लेकिन मालिक अक्सर मना कर देते थे, जिससे कर्मचारी बंधक बने रहते थे। मजदूरों को कैदी जैसा बनाने के लिए, कफील अक्सर उनके पासपोर्ट ले लेते थे। पहचान पत्र न होने और यात्रा का कोई साधन न होने के कारण वे सचमुच फंस जाते थे।





- कफाला सिस्टम की थीं तीन बड़ी दिक्कतें, नौकरी बदलने पर पाबंदी, देश छोड़ने पर रोक, पासपोर्ट जब्त होना
- इन मजदूरों में ज्यादातर लोग भारत, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस से आते हैं

### सऊदी ने 4 वजहों से बंद किया कफाला सिस्टम

**रियाद।** सऊदी अरब पर लंबे समय से आरोप लगते रहे कि कफाला सिस्टम प्रवासी मजदूरों के लिए 'आधुनिक गुलामी' जैसा है। मानवाधिकार संगठन (जैसे ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी) लगातार इसकी आलोचना करते रहे। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) का विजन 2030 प्रोग्राम सऊदी अर्थव्यवस्था को तेल पर निर्भरता से बाहर निकालने की कोशिश है। इसके लिए विदेशी निवेश और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत है लेकिन कफाला जैसे सिस्टम से निवेशक डरते थे। सऊदी की वर्कफोर्स में लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी मजदूर हैं। कफाला सिस्टम की वजह से कई मजदूर वापस अपने देशों लौटने लगे थे या नए लोग सऊदी आना नहीं चाहते थे। सरकार को डर था कि अगर सिस्टम नहीं बदला गया, तो मजदूरों की कमी से निर्माण, तेल और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ेगा।

## गो अष्टमी पर पूंजी गईं गायें

### जानिए क्यों पूज्यनीय हैं गोमाता



**थानेश्वर अर्याल अच्युत**
**कपिलवस्तु, नेपाल।** बुधवार को गो अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने गाय माता की पूजा की तथा उन्हें फल,गुण और खीर खिलाया। गोपूजन का यह पर्व नेपाल में बहुत श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। पहाड़ से लेकर भारत सीमा से सटे तराई इलाकों में हर गांव और कस्बों गायों की पूजा की गई तथा उनकी आरती उतारी गई।

बता दें कि गौ माता हिन्दू धर्म में परम पवित्र, पूजनीय, वन्दनीय व पालनीय है। जब दुराचारी व्यक्ति भी किसी स्त्री को 'माता' कहता है तो उसके चित्त में भी तत्काल पवित्रता आ जाती है। अत: गौ को माता कहने का तात्पर्य है कि उसे पवित्र दृष्टि से देखा जाए। सभी इन्द्रादि देवगण गौमाता के देह में स्थित हैं अत: उसका शरीर ही स्वर्ग है। इसी प्रकार वेदों के साथ ही वृहत्पाराशर स्मृति, पद्म पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, स्कन्द पुराण एवं महाभारत में भी विभिन्न प्रकार से गौ माता के शरीर में विभिन्न देवों की स्थिति का वर्णन विस्तार से उपलब्ध है। धार्मिक ग्रंथों में गायों के अंग अंग में देवताओं के विराजमान होने का उल्लेख है। गायों के सींग के मूल में सदा ब्रम्हा और विष्णु प्रतिष्ठित हैं। अग्रभाग में चराचर समस्त तीर्थ स्थित है।सभी कारणों के कारण महादेव शिव सींगों के मध्य में, ललाट में गौरी तथा नासिकास्थि में भगवान कार्तिकेय स्थित हैं। नासिका छिद्रों में कम्बल व अश्वतर नाग, कानों में अश्विनी देव व आंखों में चन्द्र व सूर्य स्थित हैं। गाय के दांतों में आठों वसु, जीभ में वरूण, कण्ठ में माता सरस्वती व गण्डस्थलों में यमराज व यक्षगण स्थित हैं। दोनां होंठों में दोनों सन्ध्यादेवियां ग्रीवा में इन्द्र ककुद में राक्षस, पार्ष्णि भाग में आकाश व्यवस्थित है।

## फूड डिलीवरी करके गुजारा कर रहे सरकारी कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सरकारी कर्मचारियों को अब फूड डिलीवरी या अस्थाई नौकरियों कर गुजारा करना पड़ रहा है। वे रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और ईएमआई भरने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल, देश में लगे शटडाउन की वजह से 7.5 लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी रुकी हुई है।

अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुआ सरकारी शटडाउन अब 22वें दिन में पहुंच गया है। संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 20 अक्टूबर को फंडिंग बिल पर 11वीं बार वोटिंग हुई, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्ताव को फिर से खारिज कर दिया गया। ऐसे में यह अमेरिकी इतिहास का दूसरा सबसे लंबा शटडाउन बन गया है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए।

- अमेरिका में 22 दिन से सैलरी नहीं, ट्रम्प का प्रस्ताव 11वीं बार गिरा, दूसरा सबसे लंबा शटडाउन

## चुनाव को लेकर ओली की न के बीच प्रचंड ने कहा, समय पर हो चुनाव

**यशोदा श्रीवास्तव**

**काठमांडू।** नेपाल में हाल ही हिंसात्मक आंदोलन और अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के करीब एक माह बाद माओवादी केंद्र ने पहली मर्तबा जनसभा की। इस मौके पर उन्होंने नेपाल मीडिया से भी बात की।

बातचीत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार ने जिस समय सीमा के भीतर चुनाव की घोषणा की है उस पर कायम रहते हुए चुनाव कराया जाना चाहिए। नेकपा (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल 'प्रचण्ड' बुधवार को मधेश प्रदेश के महोत्तरी के राम गोपाल पुर में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। राम गोपाल पुर जाने के लिए जनकपुर धाम हवाई अड्डे पर पहुंचे प्रचंड ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए सरकार से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही चुनाव के लिए आवश्यक माहौल तैयार करे।प्रचण्ड ने कहा हनिर्वाचन तय समय पर होना चाहिए।

सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। सरकार की हाल ही में राजनीतिक दलों के साथ हुई वार्ता से यह संकेत मिला है कि सरकार धीरे-धीरे चुनाव की दिशा में गंभीर हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण वातावरण तैयार नहीं हुआ है। प्रचंड ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में गठित अंतरिम सरकार पहले ही चुनाव की घोषणा कर चुकी है, इसलिए अब सभी दलों को निर्वाचन की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना चाहिए। लेकिन सत्ता से हटाए गए केपी शर्मा ओली चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने तय समय-सीमा में चुनाव पर भी संदेह जताया है। पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कह दिया कि एमाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। एमाले के इस घोषणा के बाद नेपाल की राजनीति में अनिश्चितता का खतरा उत्पन्न हो गया है। ओली सरकार में प्रमुख सहयोगी रही नेपाली कांग्रेस का चुनाव को लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। जहां तक अन्य राजनीतिक दलों की बात है तो माना जा रहा है कि देर सवेर अन्य राजनीतिक दल चुनाव में आएंगे ही। एमाले, नेपाली कांग्रेस के बाद माओवादी केंद्र तीसरी बड़ी राजनीतिक दल है। माओवादी केंद्र के चुनाव का समर्थन करने के बाद मुमकिन है नेपाली कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने वायदे के मुताबिक छ: महीने में चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नेपाली जनता को निर्भय और स्वतंत्र वातावरण में मतदान करने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण, आर्थिक समृद्धि और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आसन्न चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार सभी राजनीतिक दलों, वर्गों और समुदायों के सहयोग की अपेक्षा और विश्वास रखती है, ताकि चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और सफल हो सके।



- नेपाल में हाल ही हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था

# तालिबान को मान्यता देगा भारत!

## काबुल में भारत का दूतावास फिर से खुला, अफगान बोला: पाक से विवाद में भारत की भूमिका नहीं

**काबुल।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को अब आधिकारिक रूप से दूतावास का दर्जा दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दूतावास अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 10 अक्टूबर को मुत्तकी के साथ मुलाकात में इसकी घोषणा की थी। इस कदम से भारत और अफगानिस्तान के बीच फिर से राजनयिक संबंध स्थापित हो गए हैं। साल 2022 से भारत ने काबुल में टेक्निकल मिशन चलाया था, लेकिन अब दूतावास की वापसी से भारत-तालिबान संबंध नए सिरे से शुरू होंगे। इसके साथ ही ये सवाल भी उठ रहा है कि क्या भारत अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दे सकता है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने भारत पर लगे उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि हाल ही में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई झड़पों में भारत की कोई भूमिका थी। एक इंटरव्यू में याकूब ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा अफगानिस्तान ने कभी किसी दूसरे देश को अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने दिया है। हम एक स्वतंत्र देश हैं और भारत व पाकिस्तान से हमारे रिश्ते सिर्फ राष्ट्रीय हितों के आधार पर तय होते हैं। बीते दिनों 11 अक्टूबर को काबुल में हुए धमाकों के कुछ दिन बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर हिंसा भड़क गई थी। उस समय तालिबान के विदेश मंत्री आमिर मुत्तकी भारत दौरे पर थे। इसके तुरंत बाद तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तान की दक्षिणी सीमा पर हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने कार्रवाई की। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि तालिबान की लीडरशिप भारत की गोद में बैठी है। इस पर भारत ने सख्त जवाब दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की पुरानी आदत है कि वह अपनी आंतरिक नाकामियों के लिए पड़ोसियों को दोष देता है।

**दूतावास का नेतृत्व एक वरिष्ठ राजनयिक करेंगे, जिन्हें चार्ज डी'अफेयर्स के रूप में नियुक्त किया जाएगा**

## अमेरिका में सिखों के नौवें गुरु का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की त्याग, करुणा और न्याय के प्रति अडिग भावना को सम्मान देने के लिए न्यूयॉर्क सिटी की एक सडक का नाम उनके नाम पर रखा गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया और इस कदम को सिख समुदाय के लिए 'गर्व का क्षण' बताया। अब रिचमंड हिल इलाके की 114वीं स्ट्रीट और 101वां एवेन्यू के हिस्से को आधिकारिक रूप से गुरु तेग बहादुर जी मार्ग वेश्के नाम से जाना जाएगा। यह वही इलाका है जहां प्रसिद्ध गुरुद्वारा मखन शाह लुबाना स्थित है। इस अवसर पर आयोजित नामकरण समारोह दीवाली के पूर्व सप्ताहांत में संपन्न हुआ। पूर्व राजनयिक ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि सिख संगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, न्यूयार्क की एक सडक का नाम अब धार्मिक स्वतंत्रता के प्रतीक और मानवाधिकारों के रक्षक, नौवें सिख गुरु साहिब, हिंद की चादर, गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखा गया है।

